


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 अंडर-19 पेसर नमन तिवारी ने बुमराह से यॉर्कर डालना ...

इजरायल गाजा में शेष बचे हमास के ऑपरेटिव बटालियनों को खत्म ... 12



वर्ष : 14 | अंक : 270 | नई दिल्ली, सोमवार, 12 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा-आरएसएस नफरत फैला रहे हैं : राहुल

रायगढ़। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नफरत फैला रहे हैं जबकि प्यार इस देश के डीएनए में है। राहुल गांधी की अगुवाई में भारत जोड़ो न्याय यात्रा दो दिन के विराम के बाद रविवार को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में फिर से शुरू हुई। रायगढ़ के केवड़ाबाड़ी चौक पर एक सभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी भविष्य की पीढ़ी के लिए एक ऐसा हिंदुस्तान चाहती है जहां नफरत और हिंसा न हो। कांग्रेस सांसद ने दावा किया, वर्तमान में, देश के हर कोने में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है। कुछ लोग कहते हैं कि वे दूसरों को उनकी भाषा के आधार पर पसंद नहीं करते हैं जबकि कुछ लोग कहते हैं कि वे दूसरों को अन्य राज्यों से संबंधित होने के आधार पर पसंद नहीं करते हैं। ऐसे विचार देश को कमजोर करेंगे। गांधी ने आरोप लगाया, भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस नफरत फैला रहे हैं, जबकि प्यार इस देश के डीएनए में है।

### क्या राम विरोधी ही कांग्रेस में रहेंगे : प्रमोद कृष्णम

संभल। कांग्रेस से निष्कासन के बाद आचार्य प्रमोद कृष्णम ने प्रेसवार्ता कर कहा कि क्या कांग्रेस में सिर्फ वही रह सकते हैं जो राम का अपमान करें। जो सनातन को मिटाने की बात करें। जो हिन्दुओं की आस्था को ठेस पहुंचाने का काम करें। राम और राष्ट्र पर समझौता नहीं किया जा सकता। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि निष्कासन बहुत छोटी चीज है। राम, राष्ट्रीय अस्मिता और सनातन पर कोई समझौता नहीं कर सकता। कांग्रेस ने मुझे मुक्ति देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कि मौजूदा विपक्ष नरेन्द्र मोदी से नफरत करते-करते भारत से नफरत करने लगा है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने पूछा कि क्या अयोध्या जाना और राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होना पार्टी विरोधी है। क्या राम का नाम लेना पार्टी विरोधी है। कांग्रेस बताए कि पार्टी विरोधी गतिविधियां क्या थीं। क्या कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास कराना पार्टी विरोधी है। क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलना पार्टी विरोधी है। कांग्रेस ने आचार्य प्रमोद कृष्णम को छः साल के लिए निष्कासित किया है।

### सैन्य थोइस एयरबेस पर घरेलू यात्री टर्मिनल बनाने की तैयारी

नई दिल्ली। चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा के करीब लद्दाख के नुब्रा इलाके में थोइस सैन्य एयरबेस को अब नागरिक उड़ानों के लिए नया टर्मिनल भवन बनाने की तैयारी है। अभी तक इस रनवे का इस्तेमाल सशस्त्र बल सैन्य उड़ानों के लिए करते हैं लेकिन इसके बाद यहां से पूरे देश के आम नागरिकों के लिए हवाई कनेक्टिविटी उपलब्ध हो जाएगी। इस टर्मिनल भवन का निर्माण स्थानीय वास्तुकला, संस्कृति, कला और विरासत को देखते हुए आकर्षक तरीके से तैयार किया जाएगा। लद्दाख के नुब्रा क्षेत्र में थोइस एक छोटा सा गांव है, जहां मौजूद सैन्य हवाई पट्टी भारत और पाकिस्तान के बीच वास्तविक ग्राउंड पोजिशन लाइन के पास एक ग्लेशियर, हेलीपैड और युद्ध के मैदान सियाचिन तक आवाजाही को सक्षम बनाती है। थोईस जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर है और यह सड़क आगे तुरतुक तक जाती है।

## सूबे में सियासी हलचल तेज, बहुमत के आंकड़ों तक पहुंचने के लिए पक्ष और विपक्ष में जोर आजमाइश जारी

# बिहार विधानमंडल का बजट सत्र : नीतीश सरकार का शक्ति परीक्षण आज

## जदयू का दावा : सभी विधायक एकजुट, आसानी से हासिल करेंगे बहुमत

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार विधानमंडल का बजट सत्र सोमवार यानी आज से शुरू हो रहा है। सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बनी एनडीए सरकार को विधानसभा में बहुमत साबित करना है। नीतीश कुमार अपनी सरकार के लिए बहुमत पर वोटिंग का प्रस्ताव सदन में रखेंगे। सदन में शक्ति परीक्षण को लेकर सूबे में सियासी हलचल तेज है। पक्ष और विपक्ष दोनों ओर से बहुमत के दावे किये जा रहे हैं। फ्लोर टेस्ट से एक दिन पहले रविवार को दिन भर सियासी राजनीतिक गहमागहमी जारी रहा। सत्ता पक्ष का कहना है कि बहुमत का आंकड़ा हमारे पास काफी सहजता से है। हमारे सारे विधायक हमारे साथ हैं। वहीं विपक्ष खेला होने का दावा कर रहा। विपक्ष का दावा है कि सत्ता पक्ष के विधायक हमारे संपर्क में हैं। सियासी घमासान के बीच बैठकों का दौर चलता रहा। जदयू ने रविवार को अपने विधायक दल की बैठक बुलायी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने विधायकों को संबोधित किया। बिहार के विकास के लिए एकजुट रहने की बात कही। मंत्री विजय चौधरी के आवास पर जदयू की बैठक हुई। बैठक में कुछ विधायक अनुपस्थित रहे।





राजनीतिक गलियारे में चर्चा ये है कि खेल शुरू हो चुका है। इस बीच रविवार की शाम नीतीश कुमार ने अपने विधायकों से कहा कि किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। जेडीयू के सारे विधायक एकजुट हैं। नीतीश कुमार ने कहा कि विधायकों को सदन में एकजुट रहकर विपक्ष को जवाब देना है। मुख्यमंत्री ने अपने विधायकों से कहा कि फ्लोर टेस्ट के दौरान विपक्ष के लोग सदन में अव्यवस्था फैला सकते हैं लेकिन जेडीयू के विधायकों को कोई उत्तेजना नहीं दिखाना है। हमारे पास संख्या बल है और विश्वासमत हासिल करेंगे। उधर, जेडीयू की बैठक के बाद मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि पार्टी के दो-तीन विधायक बैठक में नहीं पहुंचे लेकिन वे सब इजाजत लेकर गये हैं। उन्होंने अपने बाहर होने की जानकारी पार्टी को पहले ही दे दी थी। वे सब समय पर विधानसभा पहुंच जायेंगे। विजय चौधरी ने कहा कि सरकार के विश्वासमत जीतने में किसी तरह का कोई खतरा नहीं है। सोमवार को पहले सदन में मौजूदा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जायेगा और फिर सरकार विश्वासमत हासिल करेगी। हालांकि मीडिया के बार बार पूछने के बावजूद विजय चौधरी ने उन विधायकों का नाम बताने से इंकार कर दिया जो बैठक में नहीं पहुंचे थे।

**बोधगया से पटना पहुंचे भाजपा विधायकः** शक्ति परीक्षण के एक दिन पहले बीजेपी के तमाम विधायकों को बोधगया से पटना लाया गया। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बीजेपी के तमाम विधायकों को तीन बस में लाया गया। बस के आगे 5 गाड़ी और बस के पीछे 32 गाड़ी और एक एम्बुलेंस साथ-साथ चल रहे थे। कुल 38 गाड़ियो के काफिले के साथ तीन बस को बोधगया से पटना लाया गया। बीजेपी के सभी विधायकों को आज शाम बस से डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा के आवास पर लाया गया। जहां आयोजित भोज में सभी बीजेपी विधायक शामिल होंगे। इस भोज में बीजेपी के वो तीन विधायक भी शामिल होंगे जो पिछली मिटिंग में शामिल नहीं हुए थे।

**तेजस्वी के आवास पर हुई महागठबंधन की बैठकः** दूसरी तरफ तेजस्वी यादव भी अपनी सरकार बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार नजर आ रहे हैं। आज तेजस्वी आवास पर हुए वाम दलों और कांग्रेस विधायकों संग हुई बैठक में तेजस्वी यादव को गुट का नेता चुना गया है। राजद-कांग्रेस गुट का दावा है कि उनके पास बहुमत साबित करने के लिए विधायकों की पूरी लिस्ट तैयार है और नीतीश कुमार को फ्लोर टेस्ट पर जाने से पहले ही हमलोग अपना बहुमत साबित कर देंगे। बताते चलें कि कांग्रेस के सभी विधायक तेजस्वी यादव के आवास पर पहुंच चुके हैं। उनके रहने और खाने का यही प्रबंध किया गया है। सोमवार को वे राजद विधायकों के साथ फ्लोर टेस्ट में शामिल होंगे। तेजस्वी आवास पर कांग्रेस के वरीय नेता शकील अहमद खान ने कहा कि कल सारी चीजें साफ हो जाएंगे। इस देश में सामाजिक न्याय और आर्थिक न्याय की जरूरत है। महागठबंधन उसकी ही लड़ाई लड़ रहा है। जो लोग सामाजिक और आर्थिक न्याय को समझते हैं वह सभी विधायक हमारे साथ हैं। कांग्रेस के 16 विधायक हैदराबाद से पटना एयरपोर्ट पहुंचें। यहां से वह सीधे तेजस्वी यादव के आवास गए। यहां पर उनके ठहरने का इंतजाम किया गया है। लगभग दस दिन बाद तेलंगाना से वापस लौटे कांग्रेस विधायक संतोष मिश्रा का बड़ा दावा है कि भाजपा और जदयू के कई विधायक हैं संपर्क में। कल सदन के अंदर हम लोग अपनी ताकत दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी विधायक एकजुट हैं। यह सबसे मजबूती से इसमें उभर कर सामने आया है और हम सभी लोग इकट्ठे होकर वोट करेंगे।

**विधानसभा उपाध्यक्ष के निर्देशन में फ्लोर टेस्ट की वोटिंगः** विधानसभा अध्यक्ष के आसन से हटते ही विधानसभा उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी अध्यक्ष के आसन पर चले जाएंगे। इसके बाद फ्लोर टेस्ट की कार्रवाई आरंभ होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी सरकार के लिए बहुमत का प्रस्ताव सदन में पढ़ेंगे। इसके बाद विधानसभा उपाध्यक्ष द्वारा इस विषय पर वोटिंग करायी जाएगी। वोटिंग के फलाफल के बाद नेता प्रतिपक्ष और मुख्यमंत्री सदन को संबोधित करेंगे।

### बहुमत का आंकड़ा

विधानसभा की कुल सीट-243
बहुमत के लिए चाहिए- 122
एनडीए के पास - 128
विपक्ष के पास- 115

### फ्लोर टेस्ट के पहले विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

विधानसभा में एनडीए सरकार के फ्लोर टेस्ट पर होने वाले मतदान के पहले विधानसभा अध्यक्ष अवधबिहारी चौधरी को अध्यक्ष के आसन से हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया जाना है। यह काम सेंट्रल हाल में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के दोनों सदनों के संयुक्त संबोधन के बाद होगा। राज्यपाल के विदा होने के बाद जब विधानसभा अध्यक्ष सदन में आएंगे तब संसदीय कार्य मंत्री विधानसभा अध्यक्ष को पदमुक्त किए जाने का प्रस्ताव पढ़ेंगे। उसके बाद सत्ता पक्ष के सदस्य इसके समर्थन में अपनी सीट पर खड़े हो जाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष को पदमुक्त किए जाने का प्रस्ताव विधानसभा सचिव द्वारा पढ़ा जाएगा और फिर विधानसभा अध्यक्ष को अपनी कुर्सी से हटना पड़ेगा।

# रास चुनाव : भाजपा ने 14 उम्मीदवारों की सूची जारी की

## बिहार से भीम सिंह व डॉ धर्मशीला गुप्ता को मौका

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। लोकसभा चुनाव से पहले राज्य सभा की खाली सीटों को भरने की कवायद शुरू हो चुकी है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। पार्टी मुख्यालय की तरफ से जारी सूची के मुताबिक बिहार की दो राज्यसभा सीटों पर पार्टी के प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमाएंगे, जबकि छत्तीसगढ़, हरियाणा और कर्नाटक, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में एक-एक सीटों पर भाजपा प्रत्याशी अपने भाग्य आजमाएंगे। भाजपा महासचिव अरुण सिंह ने पार्टी के राज्यसभा उम्मीदवारों की सूची जारी की है। बिहार से डॉ धर्मशीला गुप्ता और डॉ भीम सिंह द्विवार्षिक राज्यसभा चुनाव 2024 में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कुल 14 उम्मीदवारों की इस सूची में छत्तीसगढ़ से राजा देवेंद्र प्रताप सिंह को भाजपा का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया जा रहा है। हरियाणा की राज्यसभा सीट से सुभाष बराला, जबकि कर्नाटक की सीट से नारायणा कृष्णासा भांडगे भाजपा प्रत्याशी होंगे। उत्तराखंड से महेंद्र भट्ट को प्रत्याशी बनाया गया है। पश्चिम बंगाल से भाजपा ने सामिक भट्टाचार्य को मौका दिया है। उत्तर प्रदेश की राज्यसभा सीटों पर भाजपा ने पांच पुरुष उम्मीदवार जबकि दो महिला नेत्रियों पर भरोसा जताया है। कभी केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में शामिल रहे आरपीएन सिंह ने लगभग दो साल पहले भाजपा का दामन थामा था। इस बार पार्टी ने उन्हे राज्यसभा उम्मीदवार बनाया है। डॉ सुधांशु त्रिवेदी एक बार फिर से किस्मत आजमाएंगे। सुधांशु वर्तमान में भी उच्च सदन के सदस्य हैं। राज्यसभा में प्रतिनिधित्व करने के लिए भाजपा ने चौधरी तेजवीर सिंह को भी प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा अमरपाल मौर्य और नवीन जैन को भी प्रत्याशी बनाया गया है। महिला नेताओं में भाजपा ने साधना सिंह और डॉ संगीता बलवंत को प्रत्याशी बनाया है। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की कैबिनेट में मंत्री के रूप में सेवाएं दे चुकीं डॉ संगीता को अब संसद के उच्च सदन में भाजपा की बुलंद आवाज बनने का सुनहरा मौका मिल रहा है।



### किसानों ने पूंजीपतियों को खेती बेचने के मोदी के सपने को तोड़ा : खड़गे

लुधियाना। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पंजाब के किसानों को बधाई देते हुए कहा है कि उन्होंने खेती बाड़ी को चंद पूंजीपतियों के हवाले करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना पर पानी फेरा है और मोदी सरकार को कृषि विरोधी तीनों कानून वापस करने के लिए बाध्य किया है। श्री खड़गे ने यहां समराला में किसानों को संबोधित करते हुए कहा,मैं पंजाब के किसानों को बधाई देता हूं जिन्होंने तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ लड़ाई शुरू की। एक तय तरीके से किसानों को खत्म करने की साज़िश रची जा रही है। देश के किसानों की खेती को चंद कारपोरेट्स के हवाले करने का प्लान तैयार था।

# तेजस्वी के आवास पर आनंद लेते नजर आए महागठबंधन के विधायक

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार में फ्लोर टेस्ट से पहले महागठबंधन के विधायकों को तेजस्वी यादव के पटना स्थित आवास पर फुर्सत के पलों का आनंद लेते हुए देखा गया। यहां पर वह अपने मनोरंजन के लिए म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स पर गाने गाते नजर आए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें राजद और लेफ्ट विधायक गिटार पर गाना गाते नजर आए। वहीं राजद विधायक और सांसद महबूब अली कैसर के बेटे यूसुफ सलाउद्दीन को तेजस्वी यादव के साथ बैठे और गिटार बजाते देखा गया। यूसुफ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एक स्पष्ट संदेश में ह्यना छेड़ो हमें, हम सताए हुए हैं, बहुत जख्म सीने पे, खाए हुए हैं गाना गाते नजर आए। ज्ञात हो की बीते दिनों नीतीश कुमार ने राजद का साथ छोड़कर भाजपा के साथ बिहार में सरकार बनाई थी। राजद के विधायक और वाम दलों के नेता शनिवार शाम से ही पटना के 5 देशरत्न मार्ग स्थित तेजस्वी यादव के आवास पर रुके हुए हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के आवास पर राजद ने विधायकों के लिए विशेष व्यंजन बनवाये हैं। विधायकों के सोमवार सुबह तक तेजस्वी के आवास पर रहने की संभावना है। वह वहां से सीधे फ्लोर टेस्ट के लिए बिहार विधानसभा जाएंगे। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि फ्लोर टेस्ट से तेजस्वी यादव डरे हुए हैं और उन्हें अपने ही विधायकों पर भरोसा नहीं है। उन्हें लगता है कि उनके विधायक उन्हें छोड़ देंगे और इसीलिए उन्होंने उन्हें अपने आवास पर नजरबंद कर दिया है। तेजस्वी वंशवादी राजनीति में विश्वास करते हैं। अपने ही विधायकों के साथ बंधुआ मजदूरों जैसा व्यवहार करने की मानसिकता रखते हैं। उन्हें अपने विधायकों का सम्मान करना चाहिए जैसा कि भाजपा करती है। भाजपा अपने सभी 78 विधायकों को दो दिवसीय वर्कशॉप के लिए बोधगया ले गई है, जबकि जद-यू 12 फरवरी को महत्वपूर्ण फ्लोर टेस्ट से पहले अपने सभी 45 विधायकों को बरकरार रखने के लिए सभी प्रयास कर रही है।



# फ्लोर टेस्ट से पहले सूबे में सियासी गहमागहमी तेज, बैठकों का दौर जारी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार विधानसभा में सोमवार को होने वाले नीतीश सरकार के बहुमत परीक्षण से दो दिन पहले शनिवार को माहौल पूरा गरमाया रहा। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बहुमत के जरूरी आंकड़ों तक पहुंचने की होड़ है। अपने विधायकों को सहेजने के अलावा दूसरे दलों के नाराज विधायकों पर डोरे डाले जा रहे हैं। विधायकों को एकजुट करने लेकर सभी पार्टियों में डर देखने को मिल रहा है। रविवार को दिन पर सियासी गहमागहमी जारी रहा। सभी दल अपने कुनबो को सहेजने में जुटे रहें। सियासी गहमागहमी के बीच कांग्रेस विधायक हैदराबाद से देर शाम पटना आकर नजरबंद रहें। राजद ने अपने विधायकों को तेजस्वी आवास में नजरबंद रखा है। भाजपा विधायक बोधगया से ज्ञान का पाठ पढ़कर पटना वापस लौटे। इधर,जदयू पटना में बैठक के बहाने अपने विधायकों को एकजुटता का पाठ पढ़ाया। हैदराबाद से पटना पहुंचे कांग्रेस विधाय : सियासी गहमागहमी के बीच देर शाम कांग्रेस के सभी विधायक भी हैदराबाद से चार्टर प्लेन पर सवार होकर पटना एयरपोर्ट पहुंच गये। पटना एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद सभी तेजस्वी यादव के आवास के लिए रवाना हुए। कांग्रेस के सभी विधायकों को तेजस्वी यादव के आवास पर रखा गया है। जो पटना पहुंचकर तेजस्वी यादव के आवास पर रुकेंगे। कांग्रेस के सभी विधायक तेजस्वी यादव के आवास पर पहुंच चुके हैं। उनके रहने और खाने का यही प्रबंध किया गया है। कल वो राजद विधायकों के साथ फ्लोर टेस्ट में शामिल होंगे। बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेख सिंह ने कहा कि कांग्रेस जब ब्रिटिश हुकुमत से नहीं डरी तो इस झूठिया सरकार से कैसे डरेगी। फ्लोर टेस्ट में बहुमत जो साबित करेगा, वह सरकार चलाएगा और सरकार का मुखिया होगा। तेजस्वी आवास पर कांग्रेस के वरीय नेता शकील अहमद खान ने कहा कि कल सारी चीजें साफ हो जाएंगे। इस देश में सामाजिक न्याय और आर्थिक न्याय की जरूरत है। महागठबंधन उसकी ही लड़ाई लड़ रहा है।



**जदयू ने व्हिप जारी किया :** सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाईटेड की ओर से व्हिप जारी कर दिया गया है। जदयू की ओर से कहा गया है कि एनडीए की नई सरकारविश्वास मत हासिल करने के दौरान पार्टी के सभी विधायकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए व्हिप जारी किया गया है। ।

**तेजस्वी आवास के बाहर गहमा-गहमीः** पांच देशरत्न मार्ग स्थित तेजस्वी यादव के आवास के बाहर आज सुबह भी गहमा-गहमी है। अहले सुबह ही काफी मात्रा में फल-सब्जियां मंगवाई गई। विधायकों के नाश्ता करवाया गया है। अब भोजन की तैयारी चल रही है। करीब सौ लोगों के लिए मीठापुर मंडी से सब्जी और बाजार समिति से फल मंगवाए गए हैं। विधायकों को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो, इसकी तैयारी खुद तेजस्वी यादव देख रहे हैं। तेजस्वी यादव के आवास से वायरल हो रहा है। फ्लोर टेस्ट के दौरान विधानसभा में बहुमत साबित करने की जद्दोजदह के बीच तेजस्वी यादव और उनके विधायक काफी रिलैक्स नजर आ रहे हैं।

**बोधगया से पटना पहुंचे बीजेपी के तमाम विधायकः** बोधगया से बीजेपी के तमाम विधायक तीन बस में सवार होकर बीजेपी विधायक सीधे डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के आवास पर पहुंचे । पटना पहुंचने पर इन विधायकों का स्वागत किया गया। जानकारी के मुताबिक बोधगया के दो होटल में रखे गए भाजपा विधायकों को बाहर जाने पर रोक लगा दी गई थी। सभी विधायकों को एक जगह रहने का निर्देश दिया गया था। वहीं होटल के कैंपस में किसी भी मीडिया कर्मियों को अंदर जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

## लेखिका डॉ उषा किरण खान का निधन, शोक की लहर

पटना। पद्मश्री से सम्मानित हिंदी और मैथिली साहित्य की सुप्रसिद्ध लेखिका डॉ उषा किरण खान का निधन हो गया। उनकी पिछले कुछ दिनों से बीमार थीं। अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से मिथिलांचल समेत पूरे बिहार में शोक की लहर है। उन्हें उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के सर्वोच्च साहित्य सम्मान भारत-भारती से नवाजा गया था।

**मुख्यमंत्री ने जताया शोक, कहा- अपूरणीय क्षतिः** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. उषा किरण खान के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व. डॉ. उषा किरण खान प्रसिद्ध साहित्यकार एवं लेखिका थीं। उन्होंने हिन्दी एवं मैथिली साहित्य में कई उपन्यासों, कथाओं की रचना की थी। डॉ. उषा किरण खान को पद्मश्री तथा साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। डॉ. उषा किरण खान के निधन से हिन्दी एवं मैथिली साहित्य जगत को अपूरणीय क्षति हुयी है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। निधन पर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद,पूर्व सीएम राबड़ी देवी और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शोक संवेदना प्रकट की है।



# स्पीकर को हटाने के लिए 122 का जादुई आंकड़ा दिखाएं : मनोज

प्रात : किरण

पटना/एजेंसी। विश्वासमत से पहले राजद सांसद मनोज झा ने सीधे तौर पर चुनौती देते हुए कहा कि सरकार फ्लोर टेस्ट से पहले स्पीकर को हटाकर दिखाएं। स्पीकर को हटाने के लिए 122 का आंकड़ा चाहिए। पहले ये नंबर लेकर आए। साथ ही सत्ता पक्ष के सभी दलों से विधानसभा अध्यक्ष को हटाने पर सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का उदाहरण पढ़ने को कहा है। यह उदाहरण अरुणाचल और महाराष्ट्र का है, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष को हटाने के लिए न्यूनतम विधायकों की संख्या का जिक्र किया गया है। मनोज झा ने कहा कि 12 तारीख को विधानसभा अध्यक्ष को हटाने की समूची कार्यवाही सुप्रीम कोर्ट के आये फैसलों के दायरे में हो। ताकि न्याय हो। सांसद झा ने इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भारतीय संविधान के आर्टिकल 179 का जिक्र किया, जिममें विधानसभा अध्यक्ष को हटाने की प्रक्रिया की बात कही गयी है। श्री झा ने इशारे-इशारे में करेंसी पर छपे गांधी और हे राम वाली गांधी की अलग अलग व्याख्या कर डाली। उन्होंने कहा कि मैं गांधी वादियों से पूछना चाहता हूं कि वे कौन से गांधी को पसंद करते हैं। करेंसी पर छपे गांधी को या हे राम वाले गांधी को। अगर आप लोगों का करेंसी वाले गांधी के प्रति सम्मान है तो आप वही करेंगे जो करते आये हैं।



## संबोधन

### पीएम ने आदिवासी बहुल झाबुआ में जनजातीय सम्मेलन को किया संबोधित

# लोकसभा चुनाव में भाजपा 370 की संख्या पार करेगी : मोदी

प्रात : किरण

झाबुआ/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में 370 सीट का आंकड़ा पार कर जाएगी और इतना ही नहीं, संसद में विपक्षी नेता भी कह रहे हैं कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 400 से अधिक सीट मिलेंगी। प्रधानमंत्री मोदी मध्य प्रदेश में 7,550 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद झाबुआ जिले में आदिवासी समुदाय के सदस्यों की एक जनसभा संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने मतदाताओं से आगामी चुनाव में भाजपा को लोकसभा की 543 में से 370 सीट जीतने के लिए पिछले तीन चुनावों में प्रत्येक बूथ पर पार्टी को मिले सबसे अधिक मत की तुलना में 370 अतिरिक्त वोट सुनिश्चित करने को कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इतना ही नहीं संसद में विपक्षी नेता भी अब राजग के लिए अबकी बार 400 पार बात कह रहे हैं। मोदी ने कहा, मुझे यकीन है कि भाजपा का कमल चुनाव चिह्न निश्चित रूप से अपने दम पर 370 का आंकड़ा पार कर जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार करने के लिए झाबुआ नहीं आए हैं, बल्कि हालिया विधानसभा चुनावों में मध्य प्रदेश में मिले जबरदस्त समर्थन के लिए लोगों को धन्यवाद देने के खातिर एक सेवक के रूप में आए हैं। भाजपा ने हाल ही में मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की है। जनसभा को संबोधित करने से पहले शुरू की गई 7,550 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, हमारी डबल इंजन सरकार मध्य प्रदेश में दोगुनी गति से काम कर रही है। लंबे समय तक गरीबों, किसानों और आदिवासियों की अनदेखी करने को लेकर प्रधानमंत्री ने विपक्षी कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, कांग्रेस को केवल चुनाव के समय ही गांव, गरीब और किसान याद आते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस जब सत्ता में रहती है तो लोगों को लूटने का काम करती है और जब सत्ता से बाहर होती है तो लोगों को लड़वाने का काम करती है। लूट और फूट कांग्रेस का ऑक्सीजन है। उन्होंने कहा, हमने वोट के लिए नहीं, बल्कि आदिवासियों के स्वास्थ्य को लेकर सिकल सेल एनीमिया के खिलाफ अभियान शुरू किया है। केंद्र ने पिछले साल राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 शुरू किया था, जिसका उद्देश्य, विशेष रूप से आदिवासी आबादी के बीच सिकल सेल रोग से उत्पन्न गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करना है।



## संक्षिप्त समाचार

### प्रभारी अग्निशमन अधिकारी के भरोसे दमकल विभाग

**बागेश्वर।** फायर सीजन शुरू होने में मात्र चार दिन शेष हैं। अग्निकाल में दमकल विभाग पर काफी जिम्मेदारी रहती है। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी के भरोसे दमकल विभाग चल रहा है। जिले के दमकल विभाग में लंबे समय से जिला अग्निशमन अधिकारी का पद रिक्त है। दमकल विभाग में लीडिंग फायरमैन का पद रिक्त है। अपर उप निरीक्षक मिनिस्टीरियल का पद रिक्त है। एक चालक का पद रिक्त है। विभाग में 38 फायर कर्मी और एक अग्निशमन द्वितीय अधिकारी तैनात हैं। विभाग के पास जरूरत के मुताबिक आठ वाहन होने चाहिए और सभी वाहन उपलब्ध हैं। इसमें से फोम टेंडर वाहन गरुड़ भेजा गया है। बागेश्वर में फोम टेंडर वाहन नहीं है। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गोपाल सिंह रावत ने कहा कि फायर सीजन के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। नए फायरमैन को लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### राइंका धैना के पास दिखा एक तेंदुआ और दो बच्चे

**गरुड़ (बागेश्वर), एजेंसी।** राइंका धैना और प्राथमिक विद्यालय धैना के पास एक तेंदुआ और दो बच्चे दिखाई देने से डनफाट क्षेत्र के ग्रामीण सहमे हैं। इधर, वन विभाग की ओर से पिंजरा नहीं लगाने से डनफाट के लोगों में आक्रोश है। राइंका धैना के प्रधानाचार्य नीलेंद्र कुमार ने बताया कि स्कूल के बच्चों और शिक्षकों को परिसर के पास एक तेंदुआ और उसके दो बच्चे दिखे। प्रधानाचार्य ने बताया कि राइंका धैना और प्राथमिक स्कूल धैना जंगल के बीच में है। वहीं, नौटा के प्रधान हरीश भट्ट ने बताया कि तेंदुए के आतंक से क्षेत्र के लोग अपने बच्चों को अकेले स्कूल भेजने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे है। उन्होंने बताया तेंदुए ने जोशी खोला गांव कटामल निवासी गुसाई राम की दो बकरियों को निवाला बना लिया। वहीं, गणेश जोशी ने वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की है। इधर, रेंजर सुरेंद्र सिंह नेगी ने धैना क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने ग्रामीणों से सावधानी बरतने को कहा है। उन्होंने पिंजरा लगाने के लिए डीएफओ को पत्र भेजा है।

### सड़क दुर्घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश

**रानीखेत (अल्मोड़ा), एजेंसी।** भुजान में हुई वाहन दुर्घटना की डीएम विनीत तोमर ने मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि 29 सितंबर 2023 को बोहरागांव, भुजान के पास वाहन संख्या यूके 04 सीसी 0024 दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें दो व्यक्ति सवार थे। उपचार के दौरान त्रिलोक सिंह मर्तोलिया की सीएचसी गरमपानी में मौत हो गई थी जबकि दूसरे घायल को हल्द्वानी रेफर किया गया था। उक्त दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत वरुणा अग्रवाल को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

### सिल्ली गांव में आबादी में दिन में तेंदुआ दिखने से दहशत

**गरुड़ (बागेश्वर), एजेंसी।** गरुड़ बाजार से लगे सिल्ली गांव में आबादी में तेंदुआ दिखने से ग्रामीण भयभीत है। ग्रामीणों ने शोर मचाकर तेंदुए को आबादी से भगाया। सिल्ली गांव में मंगलवार को आबादी में तेंदुआ दिखने से गांव में अफरातफरी मच गई। ग्रामीण आबादी से तेंदुए को भगाने खेतों में धमके। ग्रामीणों के शोर से तेंदुआ आबादी से दूसरे गांव की ओर भाग निकला। तेंदुए के सिल्ली गांव में आने की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम गांव में पहुंची। टीम ने ग्रामीणों से दिन में झाड़ियों के आसपास नहीं जाने की हिदायत दी। शाम को अकेले घर से न निकलने के लिए कहा। वन रेंजर सुरेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि इस बीच कई गांवों में तेंदुए के आबादी में दिखने की सूचना मिल रही है। उन्होंने ग्रामीणों से शाम के समय अकेले घर से बाहर नहीं निकलने को कहा। धैना गांव में तेंदुए ने एक बकरी को निवाला बना लिया है। ग्राम प्रधान हरीश भट्ट ने वन विभाग से गांव में पिंजरा लगाने की मांग की है।

# संगज्यू- 2024 कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री धामी के लोहाघाट रोड शो में उमड़ा जन सैलाब

प्रात :किरण संवाददाता



आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत *मुख्यमंत्री श्री धामी ने सरस्वती शिशु मंदिर में महिलाओं के साथ झोड़ा, चाचरी व होली गायन में प्रतिभाग कर पुरानी यादों को सांझा किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं संग चूख सानकर स्वयं भी खाया तथा अन्य को भी खिलाया*। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण को अधिक बल देने व महिलाओं की भूमिका को और मजबूत करने के उद्देश्य से सरकार विशेष कार्य कर रही है। नारी शक्ति को समर्पित संगज्यू- 2024 कार्यक्रम अंतर्गत मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं का सम्मान किया गया। जिसमें उन्होंने 5 महिलाओं, अध्यक्ष जिला पंचायत ज्योति राय, ब्लाक प्रमुख रेखा देवी, नेहा ढेक, विनीता फर्त्याल व सुमनलता को सम्मानित किया। इस अवसर पर *4 सहकारी समितियों* सचिव हरीश चंद्र की बहुउद्देशीय साधन सहकारी समिति लिमिटेड चंपावत, निर्मल चंद्र भट्ट की धरमघर समिति, डीकर चंद की बाराकोट समिति व श्याम सिंह बिष्ट की रोलमेल समिति को *प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के लाइसेंस वितरित किए गए। रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री *श्री धामी ने प्रधानमन्त्री जनमन योजना अंतर्गत जनपद की ग्राम खिरद्वारी की एक मात्र वनराजी जनजाति के 14 परिवारों को भूमि पट्टे (आवास स्थल) प्रदान किए। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण के लिए चलायी जा रही योजनाओं, कार्यक्रमों, उपलब्धियों और प्रयासों से अवगत कराते हुए नारी शक्ति को इस पर्वतीय राज्य की रीढ़ कहा। कहा कि चाहे उत्तराखण्ड में महिलाओं के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण देने की बात हो अथवा महिलाओं को उज्वला गैस योजना के लाभ की बात हो, ऐसी योजनाओं से आज महिलाएं तेजी से आत्मनिर्भर और सशक्त होकर उत्तराखण्ड को देश के अग्रणी राज्य बनाने में अपना योगदान दे रही हैं। *मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार मातृशक्ति के उत्थान को समर्पित सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार लगातार महिलाओं के कल्याण हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है।* उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में *यूसीसी (समान नागरिक संहिता) को पारित कर जनता से किया वादा उन्होंने पूरा किया है। उन्होंने समान नागरिक संहिता को देश एवं महिलाओं के विकास में मील का पत्थर कहा।* उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता किसी जाति, धर्म समुदाय के लिए न होकर पूरे राज्यवासियों के हितों के लिए है। उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति को आगे लाने का सपना पीएम का है आज हमारी माताएं बहनें आगे बढ़ रही हैं, नए भारत की तस्वीर बनने में महिलाएं सबसे आगे खड़ी हैं व नेतृत्व कर रही हैं। सीएम ने कहा कि श्री राम मंदिर का ऐतिहासिक निर्माण कराया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा कश्मीर से धारा 370 हटा कर कश्मीर को पूर्ण रूप से भारत का हिस्सा बनाया। उन्होंने कहा कि इस देव भूमि की आबोहवा खराब नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि जो भी देव भूमि की छवि खराब करने का प्रयास करेगा उसके साथ सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की लगातार कार्रवाई गतिमान है तथा यह इसी प्रकार चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि जो भी सरकारी कार्य में बाधा डालेगा उसके साथ सख्ती से निपटा जाएगा। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि चंपावत जिले को आदर्श जिला बनाने हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है यहाँ के विकास का मॉडल अन्य हिमालयी राज्यों को भी एक संदेश व अनुकरणीय करेगा। अनेक विकास कार्य चंपावत जिले में किए जा रहे हैं। पर्यटन स्थलों को विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हमारा राज्य निरंतर विकास के लिए अग्रसर है। अग्रणी जनपद व प्रदेश बन रहा है। इसमें हमारी महिलाओं की अहम भूमिका है। वह श्रेष्ठ चंपावत व श्रेष्ठ राज्य के लिए अपनी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि *हमारी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त सरकार के ह्वविकल्प रहित संकल्पह्व को पूर्ण कर रही है।* आज उत्तराखंड को आदर्श बनाने हेतु चंपावत जिले से शुरूआत की गई है। इस जिले को आदर्श जिला बनाया जा रहा है जो आदर्श उत्तराखंड की ओर ले जाएगा। संगज्यू- 2024 कार्यक्रम में प्रदेश के *मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद विकास हेतु कुल 45 योजनाओं, कुल लागत 162 करोड़, 15 लाख 76 हजार (16215.76) का लोकार्पण व शिलान्यास किया। जिसमें जनपद चंपावत विधानसभा हेतु कुल 10 योजनाओं लागत 25 करोड़ 4 लाख 16 हजार (2504.16) का लोकार्पण तथा 16 विकास योजनाओं लागत 86 करोड़ 90 लाख 17 हजार (8690.17) का शिलान्यास किया। इसके साथ ही *लोहाघाट विधानसभा हेतु 11 विकास योजना लागत 28 करोड़ 83 लाख 54 हजार (2883.54) का लोकार्पण व 08 विकास योजनाओं लागत 21 करोड़ 37 लाख 89 हजार (2137.89) का शिलान्यास किया। जिसमें विधानसभा क्षेत्र चंपावत अंतर्गत *सिंचाई खंड* के विधानसभा क्षेत्र चंपावत के अंतर्गत ग्राम ऊचोलीगोठ में शारदा नदी के दाएं पार्श्व पर स्नान घाट का निर्माण कार्य (लागत 459.65), विधानसभा क्षेत्र चम्पावत के अन्तर्गत शारदा नदी के दॉये पार्श्व पर घस्यारा मण्डी बस्ती पर शारदा नदी के किनारे बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य (लागत 607.48), राज्य आपदा मद के अन्तर्गत उत्तराखण्ड के जनपद चम्पावत में बाढ़ से तहसील टनकपुर के अन्तर्गत हुड्डी नदी के बायें पार्श्व पर स्थित ग्राम छीनीगोठ की सुरक्षा हेतु बाढ़ सुरक्षा योजना कार्य (लागत 336.54)। *उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम* के जिला चंपावत के अंतर्गत नगर पालिका टनकपुर में मल्टी स्टोरी पार्किंग के निर्माण कार्य (मा०मुख्यमंत्री घोषणा) (लागत 296.79), जनपद चंपावत में शारदा राजि टनकपुर के अंतर्गत ककराली प्रथम बीट कक्ष संख्या- अ में वन चौकी का निर्माण (केम्पा योजना) (लागत 107.30)। उत्तराखंड कृषि उत्पाद विपणन बोर्ड* रुद्रपुर के विधानसभा चंपावत हेतु राजकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र नारियल गांव का सुधारीकरण एवं पशुओ हेतु शेड व प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण (लागत 441.85)। *पर्यटन विभाग* के टनकपुर क्षेत्र में एरो स्पोर्ट्स गतिविधियों हेतु रनवे का विकास (लागत 55.49), पर्यटक आवास गृह टनकपुर का उच्चीकरण एवं मरम्मत कार्य (लागत 81.97), क्रांतेश्वर में पर्यटन अवस्थाना सुविधाओं का विकास (लागत 55.74) पर्यटक आवास गृह चंपावत का उच्चीकरण एवं मरम्मत कार्य (लागत 61.35)का लोकार्पण किया गया। साथ ही *ग्रामीण निर्माण विभाग* द्वारा जनपद चंपावत के विकासखंड चंपावत के चल्थी नौलापानी रोड में झालाकुड़ी नारायण सिंह के घर तक मोटर मार्ग का निर्माण (169.23), विकासखंड चंपावत के अंतर्गत ग्राम कोट अमोडी के ग्राम चंथेला में जूनियर हाई स्कूल तक मोटर मार्ग का निर्माण (लागत 186.74)। *उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड* चंपावत में महिला छात्रावास तथा आईटी लैब का निर्माण (लागत 718.42), राजकीय महाविद्यालय टनकपुर चंपावत में विज्ञान संकाय भवन का निर्माण (लागत 428.06), विधानसभा क्षेत्र चंपावत के अंतर्गत अमोड़ी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण (218.26), पशुपालन विभाग के अंतर्गत राजकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र नरियाल गांव चंपावत के प्रथम चरण के सुदृढ़ीकरण का कार्य (लागत 659.01), *प्रांतीय खंड, लोक निर्माण विभाग चंपावत* के राज्य योजना अंतर्गत (मानसखंड कॉरिडोर एवं पर्वतमाला योजना) जनपद चंपावत की विधानसभा क्षेत्र चंपावत के टनकपुर क्षेत्र में मां पूर्णागिरि हेतु पहुंच मोटर मार्ग एवं पैदल मार्ग का ।

## उत्तराखंड के लोक गायक दिग्विजय सिंह को मिला बड़ा मंच, कोक स्टूडियो में बिखेरेंगे सुरों का जादू

**नैनीताल, एजेंसी।** कोक स्टूडियो भारत सीजन-टू के लिए चयनित दिग्विजय सिंह पडियार नैनीताल जिले के निवासी हैं। दिग्विजय उत्तराखंड के लोक गीतों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना चाहते हैं।

देश भर में चर्चित लाइव म्यूजिक शो कोक स्टूडियो भारत सीजन-टू के लिए चयनित दिग्विजय सिंह पडियार (दिग-वी) नैनीताल जिले के ओखलकांडा ब्लॉक के निवासी हैं। बचपन से ही गायन के शौकीन दिग-वी फिल्मों में गायन के साथ साथ उत्तराखंड के लोक गीतों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना चाहते हैं। उनका कहना है कि कोक स्टूडियो में आयोजित उनका यह लाइव शो उनके इस सपने को जरूर पूरा करेगा।

वर्तमान में मुंबई में रह रहे दिग-वी ने बृहस्पतिवार को अमर उजाला से फोन पर हुई बातचीत में बताया कि मूल रूप से वह ओखलकांडा ब्लॉक के भीड़ापानी ग्रामसभा के तोक नरतोला के रहने वाले हैं। पिता किशन सिंह दिल्ली में नौकरी करते थे, लिहाजा बचपन से ही उनका परिवार गांव से दिल्ली चला गया। दिग-वी की प्रारंभिक शिक्षा गाजियाबाद से हुई और बाद में उन्होंने 2014 में करोड़ीमल कॉलेज से स्नातक उत्तीर्ण किया। वर्ष 2015 में वह अकेले ही अपने सपनों को पूरा करने के लिए मुंबई चले गए। मुंबई पहुंचने के बाद उन्हें वर्ष 2016 में शंकर महादेवन की फिल्म राक आन टू से फिल्मों में गाने का मौका मिला और उसके बाद से अभी तक फिर भी दिल है हिंदुस्तानी, कट्टी बट्टी, लाक आन टू, वेडिंग पुलाव समेत कई फिल्मों में न केवल गीतों को आवाज दे चुके हैं बल्कि फिल्मों के लिए कई गीत लिख भी चुके हैं।

उन्होंने बताया कि इस माह मुंबई के कोक स्टूडियो में होने वाले लाइव म्यूजिक शो में वह बागेश्वर जिले की लोक गायिका कमला देवी के साथ उत्तराखंड के लोक गीतों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएंगे। बताया कि उनका छोटा भाई अंकित सिंह भी उभरता हुआ गीतकार और कंपोजर है। वह भी कोक स्टूडियो में उनकी टीम के साथ है। बताया उनका और उनके परिवार का ओखलकांडा आना जाना लगा रहता है।

## यातायात व्यवस्था चरमराई, अल्मोड़ा से हल्द्वानी जाना हुआ मुश्किल



**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
हल्द्वानी में कर्फ्यू के चलते जिले की यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। दूसरे दिन भी अल्मोड़ा-हल्द्वानी मार्ग पर टैक्सी और केमू बसों का संचालन ठप रहा। यात्री स्टेशनों में वाहनों की तलाश में भटकते रहे। वाहन न मिलने पर उन्हें बैरंग लौटना पड़ा।

अल्मोड़ा से हल्द्वानी के लिए रोजाना 3000 से अधिक यात्री सफर करते हैं। केमू और टैक्सी यात्रियों से खचाखच भर कर जाते हैं। हल्द्वानी में कर्फ्यू के चलते पहाड़ की लाइफलाइन केमू और टैक्सी पर भी पड़ा है। शनिवार को अल्मोड़ा से हल्द्वानी जाने वाली 200 टैक्सी और 30 केमू की बसों के चक्के जाम रहे। इधर, रोडवेज की बसों का संचालन रोजाना की तरह हुआ।

अल्मोड़ा। टैक्सियों का संचालन नहीं होने से टैक्सी मालिकों को दो दिन में 68 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान पहुंचा है। टैक्सियां खड़ी रहने से टैक्सी चालकों, मालिकों की रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है।

एनटीडी निवासी दीप्ति सक्सेना टैक्सी स्टैंड में टैक्सी का इंतजार कर रही हैं। बताया कि हल्द्वानी जाना है लेकिन टैक्सियां एक भी नहीं है। अन्य वाहन भी नहीं मिल रहे हैं। जिससे दिक्कतें हो रही है।

ढूंगाधारा निवासी गोविंद सिंह ने बताया कि टैक्सी स्टैंड में टैक्सी का इंतजार करते हुए एक घंटे से भी अधिक समय हो गया है लेकिन अभी वाहन नहीं मिला। केमू स्टेशन गया तो वहां भी बस नहीं मिली। अब बैरंग लौटना पड़ रहा है।

कोट- हल्द्वानी में कर्फ्यू है। जिस कारण केमू बसों का संचालन स्थगित रहा। हालात सामान्य होने पर बसों का संचालन किया जाएगा। -हिम्मत सिंह नयाल, अधिशासी निदेशक केमू हल्द्वानी

हल्द्वानी में हुई हिंसा का असर बस सेवाओं पर भी पड़ा है। जिले से हल्द्वानी रूट पर मात्र छह ही बस चली। हालांकि अल्मोड़ा में सीएम पुष्कर सिंह धामी के कार्यक्रम में कई बसों को भेजे जाने से भी सेवा प्रभावित हुई है।

बागेश्वर से हल्द्वानी के लिए सुबह पांच बजे से दोपहर 12 बजे तक 15 बसों का संचालन होता है। हल्द्वानी में बृहस्पतिवार की शाम को हुई हिंसा के बाद शुक्रवार को बस सेवाओं पर अधिक असर नहीं पड़ा था। हालांकि शनिवार को बसों का संचालन प्रभावित हुआ। केमू स्टेशन से हल्द्वानी के लिए नौ बस नहीं चली। इधर, केमू स्टेशन इंचार्ज केडी भट्ट ने बताया कि हल्द्वानी रूट पर चलने वाली अधिकांश बस सीएम पुष्कर सिंह धामी के कार्यक्रम के लिए अधिग्रहीत की गई हैं। हल्द्वानी की घटना का असर केवल एक-दो रूट पर चलने वाली बसों पर ही हुआ है।

## केमू को एक महीने के भीतर कब्जाशुदा भवन से कब्जा हटाने का आदेश



**बागेश्वर।**
न्यायिक मजिस्ट्रेट/सिविल जज पुनीत कुमार की अदालत ने कुमाऊं मोटर ऑनर्स यूनियन लिमिटेड (केमू) को कब्जाशुदा भवन से एक महीने के भीतर कब्जा हटाकर मकान मालिकों को देने का आदेश पारित किया है। इस भवन में केमू का कार्यालय चलता है।

कथानक के अनुसार रक्षा साह पत्नी प्रकाशी लाल साह, योगेंद्र कुमार साह, आलोक साह पुत्र प्रकाशी लाल साह निवासी मल्ला जोशीखोला अल्मोड़ा और मनोज साह, दिनेश साह पुत्र नारायण लाल साह निवासी कत्यूर बाजार बागेश्वर ने धारा 23 उत्तर प्रदेश शहरी अधिनियम के तहत न्यायालय में इजराय प्रार्थनापत्र दाखिल किया। पत्र में बताया गया कि केमू को कई साल पहले भवन किराये पर दिया गया था। इसे खाली कराने के लिए वर्ष 2016 में न्यायालय में वाद दाखिल किया गया था। न्यायालय ने सात मार्च 2019 को 30 दिन के भीतर भवन खाली कराने का आदेश सुनाया था। इसके खिलाफ केमू ने जिला जज की अदालत में अपील की। इसे जिला जज ने पांच अगस्त 2019 को खारिज कर दिया। केएमओयू ने उच्च न्यायालय में अपील की। उच्च न्यायालय ने 15 दिसंबर 2020 को रिट खारिज करते हुए किराये के भवन के सात कमरों का कब्जा एक महीने में और दो कमरों का कब्जा डेढ़ साल में मकान मालिकों को सौंपने का आदेश सुनाया। डेढ़ साल बाद भी जब केमू ने कब्जा नहीं सौंपा तो वादी ने इजराय प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया।

## बाहरी मजदूरों ने किया बनभूलपुरा से पलायन, कर्फ्यू के साथ ही बाजार बंद

**नैनीताल, एजेंसी।**
हल्द्वानी के बनभूलपुरा में उपद्रव के बाद बाहरी मजदूर यहां से पलायन करने लगे हैं। बता दें कि, हल्द्वानी में यूपी के समीपवर्ती जिलों रामपुर, मुरादाबाद समेत आसपास के क्षेत्रों के बड़ी संख्या में लोग यहां मजदूरी और छोटे रोजगार करते हैं।

बनभूलपुरा में उपद्रव के बाद बाहरी मजदूर यहां से पलायन करने लगे हैं। कर्फ्यू के साथ ही बाजार बंद और गौला बंदी की वजह से कामकाज बंद है। ऐसे में मजदूरों ने यहां से पलायन शुरू दिया है।

हल्द्वानी में यूपी के समीपवर्ती जिलों रामपुर, मुरादाबाद, पीलीभीत, बरेली समेत आसपास के क्षेत्रों के बड़ी संख्या में लोग यहां मजदूरी और छोटे रोजगार करते हैं। इनमें कई लोग बनभूलपुरा क्षेत्र में रहते हैं। कर्फ्यू के दौरान शुक्रवार को शांति तो रहीं लेकिन अभी भी तनाव बना हुआ है काम भी बंद है।

ऐसे में बाहरी क्षेत्रों से यहां मजदूरी करने आए लोगों ने वापसी का रास्ता अपना लिया है। शुक्रवार को कई लोग किराये के कमरों में ताले डालकर अपने घरों को लौट गए हैं।



बता दें कि, आज बनभूलपुरा और आसपास के इलाकों को छोड़कर हल्द्वानी में कर्फ्यू हटाया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान की जा रही है।

## उपजाऊ जमीन और बेहतर कनेक्टिविटी से बढ़ती गई आबादी, फिर शुरू हुआ अवैध कब्जे का खेल

**हल्द्वानी, एजेंसी।** शांत वातावरण और उपजाऊ कृषि भूमि वाला क्षेत्र हल्द्वानी। हल्दू के पेड़ों से भरा रहने वाला यह खूबसूरत स्थल कभी पहाड़ के लोगों के लिए धूप सेंकने का अड्डा हुआ करता था। पहाड़ के दूरदराज के लोग अच्छी कृषि के मोह में कुमाऊं के प्रवेश द्वार हल्द्वानी पहुंचने लगे।

धीरे-धीरे शहर बसने लगा, लेकिन जैसे ही वर्ष 1880 में ट्रेन पहुंची और इसने सफर सुहाना किया, वहीं इसी रेल लाइन के आसपास की भूमि पर अवैध बसासत भी शुरू हो गई। शुरुआत में टेंट या तिरपाल लगाकर लोगों ने रहना शुरू किया था। धीरे-धीरे यह संख्या बढ़ने लगी। काठगोदाम के बाद हल्द्वानी रेलवे स्टेशन भी बन गया।

ट्रेनों की संख्या बढ़ने लगी, लेकिन अवैध रूप से बसे लोगों पर कुछ राजनेताओं की नजर पड़ गई। इनके जरिये सत्ता की सीढ़ी चढ़ने का खेल शुरू हुआ। ईंट व तिरपाल के डंडों से बनी झोपड़ी पक्की होने लगी। तुच्छ राजनीति का शौक रखने वालों ने अपने राजनीतिक प्रभाव से इन्हें सरकारी सुविधाएं उपलब्ध करा दीं। इसी के साथ अवैध बस्ती और तेजी से फलने-फूलने लगी।

1975 के बाद यहां आबादी का विस्तार बहुत तेजी से हुआ। दूसरे राज्यों के लोग पहले स्वयं बसे और फिर अपने रिश्तेदारों को भी ले आए। अधिकारी भी नौकरी पूरी कर अतिक्रमण से मुंह छिपाते रहे। अब यह स्थिति विस्फोटक बन चुकी है।

वर्ष 2007 में जब हाई कोर्ट ने संज्ञान लेकर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया तो हलचल मची। कुछ हद तक अतिक्रमण हटाया भी गया। तब भी आगजनी, पथराव जैसी स्थिति पैदा हुई थी। मुश्किल से शहर को जलने से बचाया गया था, मगर तब भी अतिक्रमण पूरी तरह नहीं हटाया जा सका था। इसके बाद वर्ष 2013 में दूसरी बार अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू हुई।

वर्ष 2016 में हाई कोर्ट ने आदेश भी कर दिए थे। रेलवे व प्रशासन के अनुसार, रेलवे की भूमि पर करीब 75 एकड़ भूमि पर 4165 घर बने हुए हैं। इसमें 50 हजार से अधिक लोग निवास करते हैं। इसे हटाने के लिए पूरी फोर्स भी बुला ली गई थी, लेकिन फिर लोग सड़कों पर उतर आए। अब यह अतिक्रमण का बदनुमा दाग इतना गहरा हो गया है कि पुलिस-प्रशासन के लिए चुनौती बन गया है।


एक बार फिर बनभूलपुरा कांड को लेकर डीएम नैनीताल वंदना कहती हैं कि अपने ही देश में अतिक्रमण हटाने के लिए युद्ध जैसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। यह सोचनीय है। इधर, इस अतिक्रमण की वजह से रेलवे का विस्तार व विकास ठप है।

## शिक्षक के घर डकैती के एक आरोपी की जमानत मंजूर

**काशीपुर, एजेंसी।** शिक्षक दंपती के घर डकैती के मामले में एक आरोपी की जमानत अर्जी प्रथम एडीजे की अदालत ने मंजूर कर ली है। पुलिस ने इस मामले में घटनाक्रम का खुलासा करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

दड़ियाल रोड स्थित हनुमान नगर कॉलोनी में 20 दिसंबर 2023 को शिक्षक यशपाल सिंह पुत्र भोला सिंह को घर में बंधकर बनाकर डकैत जेवरात और नकदी लूट कर ले गए थे। इस मामले में पुलिस ने सभी सात आरोपियों को जेल भेज दिया था। अपने अधिवक्ता शैलेंद्र मिश्रा, भास्कर त्यागी और सैय्यद आसिफ अली के माध्यम से अदालत में जमानत पत्र प्रस्तुत किया। बचाव पक्ष के वकील शैलेंद्र मिश्रा ने बताया कि प्रथम एडीजे की अदालत ने धारा 399, 402 आईपीसी व 3/25 आर्म्स एक्ट के प्रार्थनापत्र पर सुनवाई करते हुए आरोपी की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली। साथ ही अदालत ने आदेश दिया कि आरोपी को 50-50 हजार के दो जमानती और 50 हजार रुपये का एक व्यक्तिगत मुचलका दाखिल करना होगा।

## हल्द्वानी के बाद उत्तराखंड के इस इलाके में अराजक तत्वों ने मचाया आतंक, लड़ीधुरा के जंगल में लगाई आग



**लोहाघाट, एजेंसी।** बाराकोट के लड़ीधुरा जंगल में अराजक तत्वों ने आग लगा दी। जिसके चलते वन संपदा को काफी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने आग लगाने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। लड़ीधुरा मंच के अध्यक्ष नगेंद्र कुमार जोशी ने बताया कि शुक्रवार को दिन के समय अराजक तत्वों ने लड़ीधुरा के जंगल में आग लगा दी। वनाग्नि से वन संपदा को काफी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि लड़ीधुरा के जंगल में कई लोग बिना किसी काम के घूमते हुए दिख जाते हैं। किसी ने जानबूझकर चीड़ केजंगल में आग लगा दी। रेंजर राजेश जोशी ने बताया कि लड़ीधुरा के जंगल में आग लगने की सूचना मिलते ही वन कर्मियों को मौके पर भेजा गया। आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। उन्होंने बताया कि संभवत किसी ने जानबूझकर जंगल में आग लगाई। उन्होंने ग्रामीणों से इस प्रकार के व्यक्तियों को देखते ही उसकी सूचना वन विभाग को देने की अपील की है।

# पंजाब की तरह दिल्लीवासी भी दिल्ली में घर-घर राशन योजना चाहते हैं तो लोकसभा चुनाव में आप को वोट दें:आतिशी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी ने पंजाब की तरह दिल्ली में भी घर-घर राशन योजना लागू करने के लिए दिल्लीवासियों से लोकसभा चुनाव में उनका समर्थन मांगा है। आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि अगर दिल्लीवासी भी चाहते हैं कि पंजाब की तरह दिल्ली में घर-घर राशन योजना लाई जाए तो आगामी लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को वोट दें, ताकि हम दिल्ली की आवाज संसद तक पहुंचा सकें और यह लड़ाई लड़ सकें। उन्होंने कहा कि आप की सरकार पहले दिल्ली में यह योजना लाना चाहती थी, लेकिन केंद्र में बैठी भाजपा सरकार ने एलजी के जरिए इसे दिल्ली में लागू नहीं करने दिया। अब यही योजना शनिवार को दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब सीएम भगवंत मान ने पंजाब के अंदर शुरू कर दिया है। अब पंजाब के 17 लाख राशन कार्ड धारकों को उनके हक का राशन उनके घर पहुंचाया जाएगा और उन्हे राशन की दुकानों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और न तो दुकानदारों की बदतमीजी सहनी पड़ेगी।

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री आतिशी ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि दिल्ली समेत पूरे देश में सबसे तबके के लोगों को राशन देने के लिए सरकार पूरी व्यवस्था बनाती है। हर गरीब के पास राशन कार्ड होता है। उस राशन कार्ड के जरिए गेहूं, चावल और चीनी मिलती है। दिल्ली सरकार या केंद्र सरकार गरीबों को राशन इसलिए देती है, क्योंकि सरकारों का मानना है कि खाने पर सबका अधिकार है, देश में कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं होना चाहिए, जो रात में भूखा सोए या खाना न होने की वजह से उसकी मृत्यु हो जाए। लेकिन हर राशन कार्ड धारक यह भी जानता है कि 4 किलो चावल, 1 किलो आटा और 1 किलो चीनी लेने में उनको कितनी दिक्कतें आती हैं? हर महीने जब एक गरीब परिवार अपना राशन लेने राशन की दुकान पर जाता है तो उसे कई बार राशन की दुकान बंद मिलती है, कई बार उसको लंबी लाइन में लगना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि जब राशन लेने का नंबर आता है तो राशन डीलर उसके साथ बदतमीजी और गाली गलौज करता है, कई बार कह देता है कि चीनी खत्म है, चावल खत्म है, गेहूं पूरा नहीं है। इसलिए अक्सर राशन कार्ड धारक को अपना पूरा राशन नहीं मिल पाता है। उसे कभी चावल, तो कभी गेहूं कम मिलता है, कभी चीनी नहीं मिलती है। दूसरी तरफ, जब भी कोई व्यक्ति राशन वितरण में गड़बड़ी करने वाले दुकानदारों के खिलाफ आवाज उठाता है तो उस पर हमले होते हैं, चाकू चलते हैं और उनके पीछे गुंडे छोड़ दिए जाते हैं। क्योंकि राशन के दुकानदार अपने आप में किसी एक माफिया से कम नहीं है। इन्ही समस्याओं को देखते हुए आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली के अंदर होम डिलीवरी ऑफ राशन यानी घर-घर राशन पहुंचाने की योजना बनाई।

आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार को दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार की कोई भी ऐसी योजना बर्दाश्त नहीं होती है, जो दिल्ली वालों की जिंदगी को और बेहतर बनाती है। 2018 में घर-घर राशन योजना दिल्ली कैबिनेट में पास हुई थी और 2021 में स्कीम को नोटिफाई किया गया लेकिन आज तक लोग सब के माध्यम से केंद्र सरकार ने दिल्ली के अंदर घर-घर राशन योजना को लागू करने नहीं होने दिया। हमारी हर संभव कोशिश के बावजूद आज भी दिल्ली वालों को राशन की दुकानों के सामने धक्के खाने पड़ते हैं, बार-बार लाइनों में लगना पड़ता है, राशन दुकान वालों की बदतमीजी सहनी पड़ती है, क्योंकि केंद्र सरकार और उनके नुमाइंदे एलजी साहब घर-घर राशन योजना को दिल्ली में साकार नहीं होने दे रहे हैं।

आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि केंद्र के दखल के चलते आप की सरकार दिल्ली में घर घर राशन योजना भले न लागू कर पाई लेकिन 10 फरवरी 2024 को यही योजना दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब सीएम भगवत मान ने पंजाब में शुरू कर दी। इस योजना के तहत पंजाब में 17 लाख से ज्यादा लाभार्थियों को आटा या गेहूं उनके घर तक पहुंचाया जाएगा। अब पंजाब में राशन कार्ड धारकों को अपने हक का राशन लेने के लिए राशन की दुकान के सामने लाइनों में नहीं लगना पड़ेगा, राशन की दुकानदारों की बदतमीजी नहीं सहनी पड़ेगी, क्योंकि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार की योजना को रोकने के लिए एलजी साहब नहीं है, क्योंकि पूर्ण राज्य होने के नाते पंजाब में केंद्र सरकार की दखल नहीं है। इसलिए पंजाब में रहने वाले हर गरीब व्यक्ति को सम्मान पूर्वक तरीके से उनका राशन का घर पर मिलेगा।

आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने दिल्ली वासियों से अपील करते हुए कहा कि अगले महीने लोकसभा चुनाव की घोषणा हो जाएगी और अप्रैल-मई में चुनाव का संपन्न हो जाएगा। अगर दिल्ली के लोग चाहते हैं कि दिल्ली में भी पंजाब की तरह घर-घर राशन योजना लागू होनी चाहिए, अगर दिल्ली के लोग चाहते हैं कि उनको भी राशन की दुकान के सामने लाइन नहीं लगानी पड़े, अगर दिल्ली वाले चाहते हैं कि उनको भी राशन की दुकान वाले की बदतमीजी नहीं सहनी पड़े, तो आने वाले लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को वोट दें, ताकि दिल्ली की आवाज भी संसद तक पहुंचे। दिल्ली की आवाज भी केंद्र सरकार तक पहुंचे और हम दिल्ली वालों के हक के लिए लड़ सकें। जिस तरह अब पंजाब के लोगों को घर-घर राशन मिल रहा है, वैसे ही दिल्ली वालों को भी मिलना चाहिए, इसकी लड़ाई आम आदमी पार्टी लड़ सके। मैं दिल्ली वासियों से अपील करना चाहती हूं कि खासकर उस व्यक्ति और महिला से अपील करना चाहती हूं कि जो कई दिनों की दिहाड़ी छोड़ छोड़ कर दुकानों के सामने लाइन लगते हैं। मैं उस हर महिला से अपील करना चाहती हूं कि जो राशन की दुकानों के दुकानदारों की बदतमीजी से परेशान हैं, वो इस बार लोकसभा के चुनाव में आम आदमी पार्टी को वोट देकर दिल्ली की आवाज को संसद तक पहुंचाएं, ताकि हम दिल्ली वालों की आवाज को लड़ सकें।

# एमसीडी बजट में गांवों की उपेक्षा होने पर ग्रामीणों में आक्रोश

## सभी राजनीतिक दल गांव व ग्रामीणों के लिए आगे आएः पंचायत संघ

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



- घोषणा के बावजूद गांवों को हाउस टैक्स से मुक्त नहीं किया
- गांवों के मदों में राशि खत्म की
- 15 फरवरी तक हाउस टैक्स से मुक्त व गांवों के मदों में राशि का प्रावधान न करने पर आंदोलन शुरू करेंगे ग्रामीण

एमसीडी के बजट में गांवों की अपेक्षा होने पर दिल्ली पंचायत संघ ने सभी राजनीतिक दलों का ध्यान आकर्षित किया है पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव ने खुलासा किया कि घोषणा करने के बावजूद गांवों को हाऊस टैक्स मुक्त नहीं किया। उल्टा ग्रामीणों को हाउस टैक्स में मिलने वाली छूट कम कर दी है। इसके अलावा गांवों में किए जाने वाले विकास कार्यों से संबंधित मदों में राशि की कटौती कर दी। जबकि इन मदों के तहत गांवों में वर्षों से विकास कार्य किए जा रहे हैं। लिहाजा गांवों के साथ कुठाराघात किया गया है। वह ग्रामीणों को उनका हक दिलवाने के लिए आंदोलन शुरू करेंगे।

दिल्ली पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव ने बताया कि मेयर शैली ओबराय ने गत दो दिसंबर को अपनी पार्टी के मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में गांवों को हाउस टैक्स से मुक्त करने का ऐलान किया था। इसके अलावा उन्होंने कहा था कि गांवों में अब हाउस टैक्स के नोटिस नहीं जाएगे, लेकिन ग्रामीणों के पास एमसीडी हाउस टैक्स जमा करने के नोटिस लगातार भेज रही है। इसके अलावा बजट में गांवों को हाउस टैक्स से मुक्त करने का प्रस्ताव पास नहीं किया गया। वहीं गांवों में दो सौ गज तक के मकानों को हाउस टैक्स से मुक्त रखने का प्रस्ताव भी पास नहीं किया, जबकि पहले इस तरह का प्रस्ताव पास किया जाता था।

थान सिंह यादव ने बताया कि आयुक्त ने आगामी वर्ष के लिए शहरीकृत गांवों में विकास कार्य करने वाले मद (110-3561) में 35 करोड़ रुपये, ग्रामीण सड़कें बनाने वाले मद (110-3583) में 25 करोड़ रुपये, ग्रामीण वार्डों में विकास कार्य करने वाले मद (150-1225) में तीन करोड़ रुपये, ग्रामीण समिति के मद (150-1279) में 50 लाख रुपये का प्रावधान किया था, लेकिन बजट पास करने के दौरान इन सभी मदों की राशि कूड़ा प्रबंधन मद (100-1064) में स्थानांतरित कर दी। गांवों से जुड़े मदों में एक रुपया भी नहीं छोड़ा है। इसके अलावा वर्तमान वर्ष का बजट संशोधित करते हुए शहरीकृत गांवों में विकास कार्य करने वाले मद (110-3561) में से साढ़े 17 करोड़ रुपये, ग्रामीण वार्डों में विकास कार्य करने वाले मद (150-1225) में से डेढ़ करोड़ रुपये व ग्रामीण सड़कें बनाने वाले मद (110-3583) में से 21 करोड़ रुपये मेयर मद (150-1153) में स्थानांतरित कर दिए। जबकि गावों के विकास के लिए इन मदों में राशि बढ़ाने और नए मद बनाने की आवश्यकता थी, क्योंकि गांवों में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है और उनकी स्थिति स्लम बस्तियों जैसी हो चुकी है।

थान सिंह यादव ने चेतावनी दी कि 15 फरवरी तक गांवों को हाउस टैक्स से मुक्त करने और गांवों में विकास कार्य करने से जुड़े मदों में पहले की तरह राशि का प्रावधान नहीं करने पर पंचायत संघ अभियान शुरू करेगा।

# अलीपुर में जूता फैक्ट्री में लगी भीषण आग, दमकल की 14 गाड़ियां मौके पर मौजूद

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



राजधानी दिल्ली के उत्तरी बिहार जिले की अलीपुर इलाके के जूता फैक्ट्री में रविवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई. देखते ही देखते आग ने आसपास के गोदामों को भी अपनी चपेट में ले लिया. आग इतनी भीषण थी कि उसकी लपटें दूर से दिखाई दे रही थी. गोदाम में आग लगने की सूचना के बाद फायर स्टेशन से चार फायर टैंकर घटनास्थल के लिए रवाना हुए. जब टीम वहां पहुंची तो देखा की आग तेजी से फैल रही है, जिसके बाद फायर स्टेशन से ग्यारह और अग्निशमन वाहन घटनास्थल पर मंगवाए गए.

इसके बाद टीम ने आग बुझाना शुरू किया. फिलहाल दमकलकर्मी आग बुझाने की कोशिशों में लगे हुए हैं. इस हादसे का वीडियो भी सामने आया है जिसमें देखा जा सकता है कि फैक्ट्री में रखा सामान जल रहा है और उसमें धुएं का गुबार निकल रहा है. वहीं, दमकल विभाग के कर्मचारी आग पर काबू करते हुए नजर आ रहे हैं.

अग्निशमनकर्मियों के प्रयास से आग आसपास के घरों में ज्यादा नहीं फैली, वरना और बड़ा हादसा हो सकता था. घटना में अभी तक किसी जनहानि की बात सामने नहीं आई है. कूलिंग का कार्य किया जा रहा है. फिलहाल आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है. जानकारी के मुताबिक अंदर वेल्डिंग का काम चल रहा था, जिसके कारण आग लगने की संभावना जताई जा रही है. आग लगने से गौदाम की छत भी गिर गई है. गोदाम में लाखों का माल जल कर राख हो गया. गौरतलब है कि दिल्ली में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं.

# मुगलकालीन लुक बहाल कर 250 वर्ष बाद खोली जा रही पुलिस चौकी

## बड़ की चौकी रखा जाएगा इसका नाम, मुगलकाल में भी था यही नाम



रोहतक रोड से अगर आनंद पर्वत की तरफ जाएंगे तो वहां मुगलकालीन इमारत को देखकर चौंकिएगा नहीं। इस इमारत में करीब 250 वर्ष बाद पुलिस चौकी दोबारा से खुल रही है। जर्जर हो चुकी इस इमारत का रिनोवेशन कर मुगलकालीन लुक बहाल किया जा रहा है। मुगलकाल के दौरान चूना पत्थर से बनी इस इमारत को इन्हीं वस्तुओं से दोबारा बनाया जा रहा है। यह चौकी इस सप्ताह खुल जाएगी। संभावना व्यक्त की जा रही है दिल्ली पुलिस अपनी स्थापना वाले दिन यानि आगामी 16 फरवरी को इसका उद्घाटन करेगी। बड़ की चौकी रखा जाएगा नाम इसका नाम भी मुगलकालीन नाम की तरह बड़ की चौकी रखा जाएगा। ये पुलिस चौकी उत्तरी जिले के सराय रोहिल्ला थाने के अंतर्गत काम करेगी। पुरानी इमारत में ये दिल्ली पुलिस की पहली चौकी होगी। कला और सांस्कृतिक विरासत के लिए भारतीय राष्ट्रीय ट्रस्ट (इनटैक) ने जर्जर इमारत का मुगलकालीन लुक बहाल किया है। निर्माण पूर्ण होने के बाद इसे देखने के लिए आम जनता के लिए भी खोला जाएगा। ऐसे पता चला इस एतिहासिक इमारत का दिल्ली पुलिस की पुरानी एफआईआर व अन्य दस्तावेजों को संभाल कर रखने वाले सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) राजेंद्र सिंह कलकल ने बताया कि दिल्ली पुलिस की कॉफी टेबल बुक ह्यदिल्ली पुलिसः हिस्ट्री एंड हेरीटेजह्व वर्ष 2006 में प्रकाशित हुई थी। इस पुस्तक पर रिसर्च चल रही है। रिसर्च के दौरान पता चला कि वर्ष 1821 में एक किताब ह्यसैर उल मनाजिलह्व प्रकाशित हुई थी। ये पुस्तक मिर्जा संगीन बेग ने लिखी थी। उस किताब का अंग्रेजी में ट्रांसलेशन शमा मित्रा चिनॉय द्वारा किया गया था। इस किताब में उस वक्त की पुरानी ऐतिहासिक बिल्डिंग के बारे में उल्लेख था। बताया जा रहा है कि ये मुगलकालीन पुलिस चौकी सन 1780 से 1800 के बीच बनाई गई है। 1803 में अंग्रेजों ने दिल्ली पर कब्जा कर लिया था। 1821 में लिखी गई पुस्तक में इस पुलिस चौकी का जिक्र है।

काला पहाड़ के सामने थी चौकी

सैर उल मनाजिल पुस्तक में बड़ की पुलिस चौकी का जिक्र है। जिसमें लिखा था कि मुगल काल में रोहतक रोड़ पर काला पहाड़ के सामने शीतला मंदिर के पास एक पुलिस चौकी हुआ करती थी। इसके बाद एसीपी राजेंद्र सिंह कलकल ने इस पुलिस चौकी को ढूंढने का जिम्मा उठाया। लोगों से पूछताछ व रिसर्च से पता चला कि आज के आनंद पर्वत को पहले काला पहाड़ बोला जाता था और उस समय पुराना शीतला मंदिर आज के माता उषा मंदिर के नाम से जाना जाता है।

200-250 साल पुरानी है ये इमारत

दिल्ली पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इलाके के पुराने लोगों से बातचीत के आधार पर पता लगा कि सराय रोहिल्ला थाना क्षेत्र में एक पुरानी चौकी हुआ करती थी। राजेंद्र सिंह कलकल की देखरेख में पुलिस टीम यहां पहुंची। पता चला कि वाहन चोरी निरोधक दस्ते (एएटीएस) के पास एक पुरानी बिल्डिंग थी। इस बिल्डिंग को इनटैक द्वारा चेक करवाया गया तो ये प्रमाणित हो गया कि ये बिल्डिंग करीब 200-250 साल पुरानी है।

28 दिन में तैयार होता है मुगलकालीन चूना

हुरुतिका सातदिवे ने बताया कि मुगलकालीन चूना गुड, मेथी आदि चीजों से तैयार किया जाता था। इन वस्तुओं से ये चूना 28 दिन में तैयार होता है। इसे स्लेकेडलाइम कहा जा रहा है। बिल्डिंग के गिर चुके पत्थरों को दोबारा से लगाया जा रहा है। छत भी वैसी ही बनाई गई है जैसी मुगलकाल में थी। बिल्डिंग के गेट व खिड़कियां बनाने के लिए सांगवान की लकड़ी मंगवाई गई है। इस लकड़ी से दरवाजे व खिड़कियां बनवाई जा रही हैं।

7 दरवाजे व दो कमरे हैं-

संरक्षण वास्तुकार ने बताया कि बिल्डिंग में दो कमरे व सात दरवाजे हैं। बाहर की तरफ कॉरिडोर है। पुर्नस्थापना में रेड सेंड स्टोन लगाए गए हैं। सीमेंट की फ्लोरिंग की गई है। बिल्डिंग के बाहर बनाया गया अस्थाई निर्माण हटाया गया है। इससे पुलिस चौकी बाहर से दिखाई देने लगी है। पास में कुंआ है। कुंए को खाली करवाया गया है। इसके ऊपर जाल लगाया गया है। जाली लगवाई गई है। पार्किंग बनवाई गई है। साइनेज लगाए जा रहे हैं। एक कंपनी की ओर से फ्री में लाइटिंग की गई है।

इनटैक करती है लिस्टिंग बिल्डिंग की देखभाल

हुरुतिका सातदिवे ने बताया कि जिन ऐतिहासिक इमारतों की देखभाल एएसआई नहीं करती वह लिस्ट की श्रेणी में आती हैं। इस श्रेणी वाली बिल्डिंग की देखभाल इनटैक करती है। उन्होंने बताया कि मुगलकाल में ये पुलिस चौकी बिल्डिंग की छत ईंटों व लोहे की गर्डर से बनाई गई है। अब छत को वहीं रूप दिया जा रहा है।

# रामवीर सिंह बिधूड़ी ने राहुल गांधी पर बोला हमला

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

लोकसभा चुनाव 2024 जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे देश चुनावी माहौल में रंगता हुआ नजर आ रहा है. राजनीतिक नेताओं का एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है. दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए उनको बददिमाग बताया है. दरअसल, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी को कागजी ओबीसी बताया था.

बीजेपी नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि राहुल गांधी का दिमागी संतुलन बिगड़ गया है. उनको ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टिट्यूट में इलाज करने की जरूरत है. इस अपमान का बदला देश की जनता लेगी और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को 400 सीटों पर जीत दिलाएगी.

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे जी से हम आग्रह करेंगे की राहुल गांधी जैसे बददिमाग आदमी को पार्टी से निकाल देना चाहिए. राहुल गाँधी का दिमागी संतुलन ठीक नहीं है. उन्होंने दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में जिन अपशब्दों का इस्तेमाल किया है, हम उसकी कड़ी निंदा करते हैं. नरेंद्र मोदी का अपमान करके राहुल गांधी ने इस देश के गरीबों और पिछड़ों का अपमान किया है.

बता दें कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर देश में घूम रहे हैं. इसी यात्रा के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा था कि पीएम मोदी सवर्ण जाति से आते हैं वह ओबीसी नहीं है. इसी मुद्दे को लेकर भाजपा लगातार उनके खिलाफ हमलावर है.

# दक्षिणी दिल्ली की 69 कॉलोनियों को नियमित करने की मांग को लेकर लोगों ने निकाला मार्च



नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली की 69 अनधिकृत कॉलोनियों को वादे के अनुसार चुनाव से पहले नियमित करने की मांग को लेकर इन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों ने बड़ी संख्या में दिल्ली के छतरपुर में रविवार को शांतिपूर्वक मार्च निकाला. उन्होंने सरकार से दक्षिणी दिल्ली की बाकी बची 69 अनधिकृत कॉलोनियों को पास करने की मांग की.

मार्च में शामिल लोगों ने बताया कि दक्षिणी दिल्ली के 69 कॉलोनी को पास नहीं किया गया है. यह कॉलोनी दक्षिणी दिल्ली के देवली, अंबेडकर नगर, छतरपुर और महरौली विधानसभा इलाकों में है. जिसमें लाखों की संख्या में लोग रहते हैं लेकिन इन कॉलोनीयों को पास नहीं किया गया है. जिसके कारण इन कॉलोनी में आए दिन कई तरह की समस्याएं उत्पन्न होती रहती है. सड़क की समुचित व्यवस्था नहीं है विकास कार्य समुचित ढंग से नहीं हो पाते हैं इसके अलावा लोगों को घर निर्माण करने के दौरान भी कई तरह की समस्याएं होती है. अधिकारी भ्रष्टाचार करते हैं. अक्सर ये कहा गया है कि इन कॉलोनीयों को पास किया जाएगा लेकिन साल दर साल हो गए लेकिन हमारी कॉलोनीयों को पास नहीं किया जा रहा है. तंग आकर मजबूरन अब हम लोग प्रदर्शन करने को मजबूर हो रहे हैं. यहां शांतिपूर्वक ढंग से अपनी मांग को लेकर इस शांतिपूर्वक मार्च में शामिल हो रहे हैं.

बता दें वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव से पहले पीएम उदय योजना के तहत करीब 1800 राजधानी दिल्ली के कॉलोनीयों को पास किया गया था. तब इन कॉलोनीयों को छोड़ दिया गया था और उसके बाद वादा किया गया था कि अगले कुछ समय में इन कॉलोनीयों को भी पास कर दिया जाएगा. लेकिन अभी तक पास नहीं किया गया है. चुनाव से पहले स्थानीय लोगों ने मार्च निकाल कर मांग की है कि उनकी कॉलोनी को पास किया जाए. क्योंकि कॉलोनी पास नहीं होने के कारण हमारे सामने आए दिन अलग-अलग तरह की समस्याएं उत्पन्न होती रहती है.

# नोएडा में खाना बनाते समय हुआ हादसा, सिलेंडर फटने से चार लोग झुलसे

नोएडा। सेक्टर-121 स्थित जगन्नाथ मंदिर के पास एक मकान में रविवार को छोटा सिलेंडर फटने से चार लोग झुलस गए. इस हादसे में एक महिला और उसके पति की हालत गंभीर बताई जा रही है. विस्फोट इतना जोरदार था कि कमरे की दीवार का हिस्सा भी ढह गया. फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया. हादसे में लाखों का सामान भी जलकर राख हुआ है. एसीपी दीक्षा सिंह ने बताया कि पश्चिम बंगाल के मालदा का गौरंग सरकार पत्नीऔर बेटी के साथ मकान में रहता है. रविवार को गौरंग की पत्नी खाना बना रही थी, उसी दौरान सिलेंडर में विस्फोट होने से आग लग गई. इस हादसे में गौरंग, उसकी पत्नी और बेटी के साथ पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति झुलस गए. स्थानीय लोग किसी तरह घर के अंदर दाखिल हुए और आग को बुझाने में लग गए. इसी दौरान एक अन्य किरायेदार ने हादसे की जानकारी पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी. फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी को मौके पर रवाना किया गया. गनीमत रही कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया. सिलेंडर फटने की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है. गौरंग की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है. उनका शरीर 50 प्रतिशत से ज्यादा झुलस गया है. एसीपी दीक्षा सिंह के मुताबिक, हादसे के बाद चारों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया. गौरंग और उसकी पत्नी की हालत गंभीर होने के चलते सफरदजंग अस्पताल के लिए रेफर किया गया है. बाकी दो को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है.

# मधुमेह पीड़ित छात्र ले जा सकेंगे दवाई व खान-पान का सामान

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं व 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के लिए शेष दिन बचे हैं। ऐसे में बोर्ड ने परीक्षाओं के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। बोर्ड ने टाइप-एक मधुमेह वाले छात्रों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ये छात्र अपने साथ दवाई व खान-पान का सामान ले जा सकते हैं। इस संबंध में सीबीएसई ने अपनी अधिकारिक वेबसाइट पर भी निर्देश जारी किए हैं।

इसमें बताया है कि बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले मधुमेह टाइप-एक से पीड़ित छात्रों को परीक्षा के दौरान चिकित्सीय दृष्टि से खान-पान का सामान ले जा सकते हैं। यह छात्र अपने साथ शुगर की टेबलेट, चॉकलेट, कैंडी, केला, सेब, संतरा जैसे फल, सैंडविच जैसे स्नैक उत्पाद व आधे लीटर की पानी की बोतल पारदर्शी पाउच या बॉक्स में ले जा सकते हैं। सीबीएसई ने मधुमेह टाइप-1 से पीड़ित समस्याओं पर विचार करने के बाद परीक्षा में चिकित्सा संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए इन छात्रों को कई सुविधाएं दी हैं। साथ ही, उच्च प्रोटीन आहार, चिकित्सकों की परामर्श पर्ची के अनुसार दवा, ग्लूकोमीटर, ग्लूकोज टेस्टिंग स्ट्रिप व इंसुलिन पंप ले जाने की अनुमति दी है। बोर्ड को देनी होगी जानकारी

बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि अगर किसी छात्र को यह सुविधा लेनी है तो उसे परीक्षा केंद्र को सूचित करना अनिवार्य है। वहीं, इन सुविधाओं का लाभ उठाने से पहले संबंधित छात्रों को दस्तावेजों के साथ संबंधित सीबीएसई के क्षेत्रीय कार्यालय में आवेदन जमा करना होगा। बता दें 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से दो अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी।

# किसानों के प्रदर्शन से पहले उत्तरपूर्वी दिल्ली में निषेधाज्ञा आदेश लागू

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



किसानों के 13 फरवरी को दिल्ली चलो मार्च के मद्देनजर रविवार को राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर पूर्वी जिले में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा आदेश लागू किया गया, जिसके तहत बड़ी संख्या में लोगों के एकत्रित होने पर पाबंदी है। लगभग 200 किसान संघ द्वारा आयोजित दिल्ली चलो मार्च के तहत उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब से बड़ी संख्या में किसानों के मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी की ओर कूच करने की संभावना है। पुलिस उपायुक्त (उत्तरपूर्व) जॉय टिर्की द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, हमने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 (निषेधाज्ञा आदेश) लगायी है। सूचना मिली है कि कुछ किसान संगठनों ने अपने समर्थकों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून बनाने की अपनी मांगों को लेकर 13 फरवरी को दिल्ली में एकत्रित होने/कूच करने का आह्वान किया है। किसी को भी कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को बिगाड़ने नहीं दिया जाएगा। आदेश में कहा गया है कि किसानों के अपनी मांग पूरी होने तक दिल्ली की सीमाओं पर धरना देने की आशंका है।

इसमें कहा गया है, पहले के विरोध प्रदर्शन के दौरान किसानों ने जिस तरह का व्यवहार और अड़ियल रुख दिखाया था, उसे ध्यान में रखते हुए, किसानों/समर्थकों के अपने-अपने जिलों से ट्रैक्टर/ट्रॉली/हथियारों के साथ दिल्ली की ओर कूच करने की संभावना है। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और अन्य संभावित क्षेत्र से भी किसान आएंगे। आदेश के अनुसार, इलाके में जान और माल के नुकसान, किसी भी अप्रिय घटना से बचने और कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए धारा 144 लागू करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, आदेश दिया जाता है कि उत्तरपूर्वी जिला पुलिस प्रदर्शनकारियों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करे। आदेश दिया जाता है कि किसी भी व्यक्ति या प्रदर्शनकारी को आग्नेयास्त्र, तलवार, त्रिशूल, भाला, लाठी, रॉड समेत अन्य हथियार लाने की अनुमति न दी जाए तथा पुलिस इन लोगों को मौके पर ही हिरासत में लेने का हरसंभव प्रयास करे। किसानों के प्रदर्शन के मद्देनजर पुलिस उत्तर प्रदेश और हरियाणा के साथ लगती दिल्ली की सीमाओं पर अवरोधक लगाकर तथा 5,000 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात कर रही है। बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के किसानों के नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर धरना प्रदर्शन करने के कारण भारी यातायात जाम देखने को मिला था। संयुक्त किसान मोर्चा (अराजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के संबंध में कानून बनाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के लिए 13 फरवरी को 200 से अधिक किसान यूनियनों के समर्थन से दिल्ली चलो मार्च की घोषणा की है।

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हम यह जानने के लिए हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में अपने समकक्षों के संपर्क में हैं कि प्रदर्शन में कितने किसान संगठन भाग लेंगे और कितने लोगों के आने की संभावना है। हमने कानून एवं व्यवस्था की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए उचित बंदोबस्त किए हैं।

पुलिस अधिकारी ने कहा, सुरक्षा की योजना बना ली गयी है। सीमा पर कई चरणों में सुरक्षा जांच बिंदु होंगे। राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश कर रहे वाहनों की उचित तरीके से जांच की जाएगी। हमने हरियाणा और उत्तर प्रदेश की अलग-अलग सीमाओं पर अवरोधक लगाए हैं। पुलिसकर्मी दंगा रोधी पोशाक से लैस होंगे।

# मर्म चिकित्सा के जरिए कई गैर संक्रामक बीमारियों का इलाज संभव : डॉ. एसके जोशी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के तहत आने वाले मर्म चिकित्सा के जरिए कई गैर संक्रामक बीमारियों का इलाज संभव है. यहां तक कि स्ट्रोक व हार्ट अटैक जैसे मामलों में इस विधि से कहीं पर भी प्राथमिक उपचार दे कर मरीजों की जान बचाई जा सकती है. दिल्ली एम्स में मर्म चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. एसके जोशी ने यह जानकारी दी कि इस विधा से एम्स में भी इलाज करने की योजना बनाई जा रही है.

उन्होंने कहा कि मर्म चिकित्सा के बारे में देश के 12 विश्वविद्यालयों में शिक्षा व प्रशिक्षण दिया जा रहा है. वहीं पोलैंड, जापान सहित कई देशों में इसपर काम भी किया जा रहा है. व्यक्ति का शरीर खुद को स्वस्थ रखने की प्राकृतिक क्षमता रखता है. सभी के शरीर के कुछ अहम बिंदु होते हैं, जिसे मर्म बिंदु कहते हैं. इन बिंदुओं पर कुछ देर का दबाव के जरिए, खुद को स्वस्थ रखने की प्राकृतिक क्षमता को तेज किया जा सकता है. उदाहरण के तौर पर रावण का मर्म बिंदु उसकी नाभी थी, जहां बाण लगने से उसकी मृत्यु हुई. प्राचीन विज्ञान पर वह तीस साल से काम करके नतीजे देख रहे हैं. साथ वह इसे लेकर आंकड़े भी जुटा रहे हैं. केंद्रीय तंत्रिका तंत्र और और आसपास के तंत्रिका तंत्र के जरिए शरीर के ठीक होने की क्षमता को तेज करने के इस विज्ञान को ऐसे समझा जा सकता है, जैसे रिमोट सेंसिंग के जरिए कहीं से भी कोई डिवाइस चलाई जाती है.

डॉ. जोशी ने आगे बताया कि शरीर के अगल अलग हिस्सों में फैले इन बिंदुओं को दबाकर सेरिब्रलपाल्सी, स्ट्रोक, बीपी, हार्ट अटैक, टूटी हड्डी को जोड़ने जैसे मामलों में मरीजों को फायदा होता है. हमने यह देखा है कि अगर इसपर सही से काम किया जाए, तो स्ट्रोक या हार्ट अटैक के मरीज की तुरंत जान बचाने के लिए जरूरी प्राथमिक चिकित्सा की जा सकती है. वहीं आंख, कान, नाक व गले के तमाम विकारों को भी इन बिदुओं पर दबाव देकर ठीक किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि कोरोना ने दिखा दिया है कि सभी इलाज पद्धतियों को समेकित करके ही लोगों को बचाया जा सकता है, इन विधाओं पर काम करना समय की मांग है.

## संक्षिप्त खबरें

### मंदिर में हुई शनिदेव मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

सहरसा। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 31 पूरब बाजार नलकूप विभाग में वेद मंत्रोच्चार के साथ नवनिर्मित शनिदेव मंदिर में भगवान शनिदेव की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की गई इससे पहले कई धार्मिक आयोजन किए गए। प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ की पूर्णाहुति व भंडारे के साथ पूरे विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। जजमान धिनोद कुमार वर्मा, संचालक पंकज कुमार, प्रदीप कुमार मिश्रा, सुशील कुमार सिंह, नवीन कुमार सिंह, सुरेश ठाकुर, ललन साह, डॉ राजेश कुमार सिंह, अनिल कुमार साह, आशुतोष चौधरी, सुजीत कुमार, विनय पासवान, प्रो (डॉ) कोमल वर्मा, वार्ड आयुक्त आशीष रंजन सिंह मौके पर मौजूद रहे। जजमान धिनोद कुमार वर्मा ने बताया कि विगत 6 दिनों से धार्मिक अनुष्ठान शुरू हुआ था और आज रविवार को शनि देव भगवान की प्राण-प्रतिष्ठापित किया गया। श्री वर्मा ने कहा कि आस-पास के किसी भी मंदिर में शनिदेव की प्रतिमा न होने से भक्तों को काफी दिक्कत होती थी अब शनि भगवान के दर्शन के लिए भक्तों को दूर नहीं जाना होगा। प्राण-प्रतिष्ठा के मौके पर मंदिर में दिन-भर काफी संख्या में भक्तों की भीड़ रही।

### तीन दिवसीय सत्संग को लेकर निकाली गई शोभायात्रा

घैलाढ़, मधेपुरा। घैलाढ़ प्रखंड मुख्यालय परिसर में तीन दिवसीय संतमत सत्संग का विराट आयोजन घैलाढ़ पंचायत के मुखिया विमल कुमार के अथक प्रयास से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम के साथ किया गया कजहां संतमत के केंद्रीय आश्रम महर्षि मेंही आश्रम कुप्पाघाट भागलपुर से आए स्वामी श्री गुरुनंदन जी महाराज के मुखारविंद से तीन दिवसीय सत्संग का आयोजन किया गया कजिसको लेकर परम पूज्य स्वामी श्री गुरुनंदन जी महाराज के आगमन पर मुखिया विमल कुमार के निज आवास से गाजे बाजे और डीजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई कशोभायात्रा प्रखंड मुख्यालय के चारों ओर होते हुए इनरवा महर्षि मेंही आश्रम पहुंची कउसके बाद वहां से पुनः लौटकर सत्संग स्थल तक पहुंची कवही परम पूज्य स्वामी श्री गुरुनंदन जी महाराज ने कहा कि सत्संग से लोगों को सुख समृद्धि व सद्बुद्धि मिलती है वहीं आयोजक मुखिया विमल कुमार ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय संतमत सत्संग का विराट आयोजन प्रखंड मुख्यालय परिसर में किया गया है

# 16 फरवरी के औद्योगिक हड़ताल एवं ग्रामीण भारत बंद का भाकपा ने किया समर्थन



प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा उदाकिशुनगंज 11 फरवरी 2024, केंद्रीय ट्रेड यूनियनों एवं संयुक्त किसान मोर्चा के संयुक्त आह्वान पर 16 फरवरी को आयोजित राष्ट्रीय व्यापी औद्योगिक हड़ताल एवं ग्रामीण भारत बंद का भाकपा ने किया समर्थन, सड़क पर उतरेंगे भाकपा कार्यकर्ता 'आज यहां कॉलेज चौक स्थित विश्वकर्मा मंदिर परिसर में आयोजित भाकपा जिला परिषद की बैठक में कार्यक्रम के मद्देनजर विस्तृत योजनाएं बनाई गई ' भाकपा के वरीय नेता मोती प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रमोद प्रभाकर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार किसान मजदूर विरोधी है ' उन्होंने कहा कि संविधान की बुनियादी मूल्यों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं और असहमति का अधिकार पर हमला बंद करे सरकार, नहीं तो होंगे गंभीर परिणाम ' भाकपा नेता ने कहा कि लखीमपुर खीरी में किसान नरसंहार के मुख्य साजिश कर्ता केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी को अब तक बर्खास्त नहीं किया जाना, तीन काला कृषि कानून के खिलाफ राष्ट्रीय व्यापी किसान आंदोलन में 736 शहीद किसानों के परिजनों को मुआवजा नहीं दिया जाना, किसान संघर्ष समिति के साथ किए गए एग्रीमेंट को पूरा नहीं किया जाना, ट्रेड यूनियन के अधिकारों में किए गए कटौती वापस नहीं लिया जाना, किसानों- मजदूरों के साथ बड़ा धोखा है ' उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण पर घोर आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार सरकारी संपत्तियों को कौड़ी के दाम बेच रही है ' देश में कमरतोड़ महंगाई एवं रिकॉर्ड तोड़ बेरोजगारी पर नकेल कसने के बदले देश की भोली भाली जनता को मंदिरों में पहुँचा रही है ' श्री प्रभाकर ने कहा कि लोहिया और कपूरी के विरासत को धोखा देने वाले, मरते दम तक भाजपा के साथ नहीं जाने की कसमें खाने वाले नेता नीतीश कुमार, भाजपा के गोद में जाकर बैठ गए, इसका खामियाजा उन्हें भुगतना होगा ' उन्होंने 16 फरवरी के राष्ट्रियव्यापी हड़ताल एवं ग्रामीण भारत बंद को सभी विपक्षी दलों, प्रगतिशील एवं धर्मनिरपेक्ष संगठनों से समर्थन देने की अपील की है ' भाकपा के जिला मंत्री विद्याधर मुखिया ने कहा कि केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ 16 फरवरी को जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं ग्रामीण इलाके के चौक चौराहों पर सड़क पर उतरेंगे किसान मजदूर 'बैंक, बीमा सहित सरकारी कार्यालय रहेंगे बंद, यातायात भी होगा बाधित ' जिला मंत्री ने कहा की याद रहे आंदोलनकारी के द्वारा कहीं भी परीक्षार्थियों को बड़ा नहीं पहुंचा जाना चाहिए ' सहायक जिला मंत्री मुकुंद प्रसाद यादव एवं पार्टी के राज्य परिषद सदस्य उमाकांत सिंह ने कहा कि किसानों मजदूरों एवं गरीबों की अनदेखी नहीं सहेंगे ' पार्टी के वरीय नेता एवं पूर्व मुखिया बालकिशोर यादव, पैक्सअध्यक्ष वीरेंद्र मेहता एवं अंबिका मंडल, वार्ड सदस्य संघ के जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश कुमार शर्मा, अनिल भारती एवं नौजवान संघ के प्रांतीय नेता शंभू क्रांति ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार किसान मजदूर विरोधी एवं कारपोरेट पक्षी है ' बैठक में पार्टी नेता बाबूलाल मंडल, अरुण कुमार तांती, मनोज राम, सच्चीदा शर्मा, मोहम्मद परवेज, अजीत शर्मा, दिवाकर कुमार राम, विद्यानंद पंडित, धनुष शर्मा आदि उपस्थित थे ' सभी नेताओं ने 16 फरवरी को आम हड़ताल एवं ग्रामीण भारत बंद को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# देशी कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार



प्रात: किरण संवाददाता

पतरघट/सहरसा। जिला के थाना सौर बाजार ओपी पतरघट क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक सहरसा के निर्देशन में दिनांक 10/02/2024 को सघन वाहन चेकिंग एवम बैंक जांच के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर गोलमा स्थित बगीचा के समीप से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक के तलाशी लेने पर उनके पास से जहां लोहे का बना एक लोडेड देशी कट्टा एक जिंदा कारतूस जब्त किए गए। ओपी अध्यक्ष अजय कुमार पासवान ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान गिरफ्तारी किया गया है। बताया गया कि गोलमा टोला निवासी ओमप्रकाश कामत पिता स्वर्गीय विश्वनाथ कामत, निवासी हैं। जिसमे सामिल बल पुलिस अवर निरीक्षक वरुण कुमार शर्मा सिपाही 208/ रवि कुमार, एवं पतरघट ओपी बल सशत्र बल के सहयोग से गिरफ्तार किया गया। जिस पर अग्रिम कांड दर्ज कर न्यायिक हिरासत सहरसा भेजे गए।

# सरस्वती पूजा को लेकर तैयारी जोरों शोर सज रहा पंडाल



प्रात: किरण संवाददाता

सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा। प्रखंड अंतर्गत सरडीहा गांव के नवरत्नपुर में श्री नवरत्नपुर सरस्वती पूजा समिति की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सरस्वती पूजा की तैयारी जोरों पर है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष पंडाल के रूप को कलाकार अंतिम रूप देने में लगे हैं विशेष बात इसमें यह है कि मंदिर के प्रांगण में माता सरस्वती का भव्य पंडाल कोई बाहर के प्रोफेशनल कलाकार नहीं बल्कि गांव के युवा तथा बच्चे मिलकर वर्षों से बनाते आ रहे हैं जिसमें गांव के बुजुर्गों का भी सहयोग प्राप्त होता है ।पंडाल के भव्यता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है की पंडाल सजावट की तैयारी महीनों पहले शुरू कर दिया जाता है । नवरत्न पूजा समिति का पंडाल तथा मां के सुन्दर प्रतीमा का साज सज्जा का स्वरूप हर वर्ष कुछ अलग और अनोखा होता है । इस वर्ष पूजा समिती के सदस्य कलाकार रविन्द्र कुमार सिंह के अगुआई में पंडाल को सुन्दर तथा आकर्षक बनाने में अभिषेक कुमार सिंह, अनुज कुमार, शिवम सिंह ऊर्फ ननकु, आयुष सिंह तथा छोटे छोटे बच्चे जुटे हुए हैं। अपने गांव से दूर रह रहे लोगों को इस दिन का इंतजार रहता है पूजा को लेकर पूरे गांव में अलग ही उत्साह है और भक्ती मय माहौल बना हुआ है। गांव के लोग बताते हैं कि मां की कृपा से ही गांव की ख्याति देश विदेशों में भी है । लगातार 51 वर्षों से यहां लगातार धूमधाम से सरस्वती पूजा किया जा रहा है सरडीहा का सरस्वती पूजा बिहार राज्य में प्रसिद्ध है ।समिति के सदस्य मां सरस्वती के आशीर्वाद से देश एवं विदेश में अच्छी नौकरी कर राज्य तथा सरडीहा ग्राम का नाम रोशन कर रहे हैं। किसी विश्व विख्यात मंदिर के थीम पर इस वर्ष का पंडाल बनाया जा रहा है ।पूजा में दूर-दूर से लोग मां के प्रतिमा अद्भुत रूप के दर्शन करने आते हैं। मान्यता है कि मां के दरबार में जो भी सच्चे मन से आते हैं उनके मनोरथ जरूर पूर्ण होते हैं। पूजा समिति के अध्यक्ष कुमार आलोक आनंद ने बताया की 14 फरवरी को देवी मां की पूजा और महा आरती तथा 56 भोग का चढ़ावा तथा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा । दुसरे दिन कलकत्ता के मशहूर कलाकार के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा माता जागरण का कार्यक्रम का आयोजन होगा। तथा 16 फरवरी को मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम रखा जाएगा।

# सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को हुई शांति समिति की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

मुरलीगंज (मधेपुरा) नगर पंचायत क्षेत्र सहित प्रखंड भर में विभिन्न जगहों पर हो रहे सरस्वती पूजा को लेकर रविवार को थाना में शांति समिति की बैठक हुई। एसआई दुर्गेश कुमार के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूजा मनाने की बात कही गई। विभिन्न जगहों आयोजित मेला व प्रतिमा विसर्जन को लेकर थाना से लाइसेंस लेने की बात कही गई। सरस्वती पूजा में डीजे पर पूर्णरूपेण प्रतिबंध रहेगा। पकड़े जाने पर डीजे को जब्त कर पूजा कमेटी व डीजे मालिक पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। साथ जुलूस में असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। पूजा में शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस संदर्भ में थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजनों ने अपने अपने विचार रखे। पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि हुड़दंगी व शराब करोबारी सहित नशीले पदार्थों के कारोबार करने वाले पर पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। लोगों ने कहा कि शहर सहित ग्रामीण क्षत्रों में पुलिस गस्त बढ़ाई जाए। मौके पर मुख्य पार्षद सर्जना सिद्धि, रूद्रनारायण यादव, डॉ मनोज कुमार यादव, उपेंद्र आनंद, सुजीत कुमार शास्त्री, नपं पार्षद मो रइस, उदय चौधरी, प्रशांत यादव, संजय भगत, दिलीप खान, बेचो सिंह, दयानंद शर्मा, प्रभात रंजन उर्फ छोटू यादव, ब्रजेश यादव, पवन यादव, नन्दकिशोर ठाकुर, मनोज भगत, मो जब्बार, शंकर रजक, बबलु रजक, पप्पू चौधरी, पवन चौधरी, मिथिलेश कुमार, खगेश कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# प्राथमिकता के आधार पर होगा मुहल्ले की जर्जर सड़कों का निर्माण:वार्ड पार्षद

## 12 लाख 44 हजार की लगात से हुआ सड़क का निर्माण



प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा शहर के विकास को लेकर नगर परिषद प्रशासन की ओर से लगातार कार्य किए जा रहें हैं। खासकर नप क्षेत्र के विभिन्न वार्ड में सड़क व नाले का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। ये बातें शहर के वार्ड दो में नवनिर्मित पीसीसी सड़क के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान वार्ड दो पार्षद प्रतिनिधि सह राजद नगर निकाय प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष धीरेंद्र यादव ने कही। उन्होंने कहा कि वार्ड दो के सभी जर्जर सड़क का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। वहीं विद्युत पोल पर स्ट्रीट लाइट भी लगाने का कम चल रहा है। वार्ड दो में 12 लाख 44 हजार की लागत से बने 400 फीट पीसीसी सड़क का उद्घाटन वार्ड पार्षद विशनी देवी ने किया। यह सड़क वार्ड दो के निरंजन यादव के घर से लालन ठाकुर के घर होते हुए कमल ठाकुर के घर तक बना है। नगर परिषद के षष्ठम योजना के तहत इस सड़क का निर्माण किया गया है। मौके परराजद जिलाध्यक्ष नगर निकाय प्रकोष्ठ धीरेन्द्र यादव, कैलाश बिहारी, कुन्दन कुमार, सिंकु ठाकुर, बिजेंद्र ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, निरंजन यादव, बालकृष्ण यादव,शंभु यादव, विभाष कुमार,इंदल यादव,संवेदक अमित कुमार,आशिष कुमार, रौशन कुमार, संजू देवी, ललीता देवी, रविकिशन,चतुरभुज वर्मा, मिथिलेश ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

# प्रखंड क्षेत्र के ज्वलंत जन समस्याओं को लेकर अलीगंज मे हुई बैठक



प्रात: किरण संवाददाता

अलीगंज प्रखंड क्षेत्र के ज्वलंत जन समस्याओ को लेकर अलीगंज मे हुई बैठक आयोजित,कई मुद्दों पर हूई चर्चा। अलीगंज । इस्लामनगर अलीगंज प्रखंड क्षेत्र के अलीगंज बाजार स्थित युवा शक्ति कार्यालय मे युवा नेता महेश सिंह राणा की अध्यक्षता मे प्रखंड क्षेत्र के बुद्धिजीवियो व समाजसेवियो की एक बैठक आहुत किया गया ।बैठक को संबोधित करते हुए समाजसेवी सह अधिवक्ता शशिशेखर सिंह मुन्ना ने कहा कि अलीगंज प्रखंड क्षेत्र मे सबसे बड़ी समस्या किसानो के खेतो की पटवन के लिए पानी की समुचित व्यवस्था नही रहने से भगवान भरोसे खेती करने की विवशता है। साथ ही प्रखंड क्षेत्र मे उच्च शिक्षा के लिए एक भी डिग्री कालेज नही रहने से छात्र-छात्राए को काफी परेशानियो का सामना करना पडता है ।खासकर छात्राए को काफी परेशानी होती है। नतीजतन गरीब छात्र-छात्राए मैट्रिक इंटर के बाद आर्थिक कमजोरी के कारण इच्छा रहने के बावजूद भी अपने अंदर प्रतिभा कुंठित कर डालते है। युवा नेता महेश सिंह राणा ने कहा कि अलीगंज,खैरा,सिकंदरा प्रखंड रेलवे लाईन से दुर था ,लेकिन वर्षो पूर्व सर्वे तत्कालीन रेल राज्य मंत्री दिग्विजय सिंह के कार्यकाल मे हूई थी,विगत बजट मे जिले के लक्षमीपुर झाझा होते खैरा लछुआड ,अलीगंज होते नवादा तक रेलवे लाईन से जोडने की स्वीकृति प्रदान किया गया है ।जिसमे 6 सौ बीस करोड की स्वीकृति भी मिल चुकी है। रेलवे लाईन से जुड़ने के बाद क्षेत्र वासियो को काफी सुविधा के साथ रोजगार करने का भी मिल सकेगी। भ्रष्टाचार उन्मूलन संघर्ष समिति के प्रखंड अध्यक्ष नगीना चंद्रवंशी ने कहा अलीगंज बाजार मे बस पडाव नही रहने सड़क जाम नासुर बन चूकी है। नतीजतन छात्र-छात्राए व ऐंबुलेंस को भी घंटो सड़क जाम की समस्या से जुझना पड़ता है। बैठक मे प्रखंड क्षेत्र मे डिग्री कालेज खोलने की मांग पत्र शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री को सौंप चुके है। जल्द ही इस विचार विमर्श करने का आश्वासन मिला है ।बैठक मे प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न ज्वलंत समस्याओ पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। मौके पर किसान श्री धर्मेन्द्र कुशवाहा, अर्जुन सिंह,डा चंद्रदेव कुमार, मसुदन महतो,चंद्रशेखर आजाद,बखोरी पासवान, समर कुमार, शरण सिंह, मो अयूब, महेश सिंह, सतीश कुमार सिंह, श्यामसुंदर सिंह, ब्रह्मदेव सिंह,सुरेश यादव, मनोज यादव, महेश राम,अशोक कुमार, वार्ड सदस्य अशोक यादव, मकेश्वर यादव, अवधेश यादव, शंभुशरण यादव, राजकुमार पासवान के अलावे प्रखंड क्षेत्र के बुद्धिजीवियो व समाजसेवी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# हथियारबंद बदमाशों ने कि फायरिंग, हथियार के बट से मारकर दो महिला को किया जख्मी



प्रात: किरण संवाददाता

सोनवर्षा राज/सहरसा। प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय थाना क्षेत्र के काशनगर ओपी अन्तर्गत कोपा गांव स्थित महादलित विकास मित्र के घर पहुंच शनिवार की शाम अज्ञात मोटरसाइकिल सवार करीब आधे दर्जन बेखौफ हथियार बंद बदमाशों ने जबरन दर्जनों चक्र गोलियां चलाते हुए हथियार के बट से मारकर दो महिला सहित एक युवक को जख्मी कर दिया ।घटना को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश हथियार लहराते हुए मधेपुरा जिले के खाडा गांव की तरफ भाग निकला ।घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है ।हालांकि दर्जनों चक्र चली गोलियां में किसी व्यक्ति की हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही काशनगर ओपी प्रभारी चंद्रजीत प्रभाकर ने दल बल के साथ कोपा गांव स्थित घटनास्थल पर पहुंच कर आवश्यक छानबीन में जुट गए। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि करीब आधे दर्जन खोखा घटना स्थल से बरामद कर काशनगर ओपी पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है ।घटना के बाबत मिली जानकारी अनुसार शनिवार की शाम दो बाईक पर सवार करीब आधे दर्जन अज्ञात बदमाशों ने हथियार से लैस होकर कोपा गांव निवासी विकास मित्र निर्मल कुमार आजाद के दरवाजे पर पहुंच कर दर्जनों चक्र गोलियां बरसाते हुए विकास मित्र की पत्नी रतनमाला देवी व उसके 18 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार को हथियार के बट से प्रहार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया ।घटना के कारणों पर कोई ग्रामीण सहित पूलिस भी कुछ बोलने से परहेज कर रही है ।वहीं पीड़ित परिवार के लोग डरकर कुछ भी नहीं बता पा रहे है ।घटना का कारण जितनी मुंह उतनी बात कहा जा रहा है ।घटना के बाबत काशनगर ओपी प्रभारी चन्द्रजीत प्रभाकर ने बताया कि घटनास्थल पर कर छानबीन की जा रही है ।अभी घटना का कारण बताना संभव नहीं है।

# स्कूल मे अभिभावक संगोष्ठी आयोजित होने से पठन-पाठन मे मिलती है सुधार का मौका

प्रात: किरण संवाददाता

अलीगंज । प्रखंड क्षेत्र के देवानंस पब्लिक स्कूल अवगीला मे रविवार को विद्यालय डायरेक्टर सौरभ कुमार सिंह की अध्यक्षता मे अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए विद्यालय डायरेक्टर सौरभ कुमार सिंह ने कहा कि स्कूल मे अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी के आयोजन होने से विधालय प्रबंधन को सुक्षाव के साथ अपने विधालय मे त्रूटियो के सुधार करने का मौका मिलता है। उन्होने कहा कि अभिभावक अपने बच्चे को स्कूल भेजते है तो विधालय मे बच्चे अनुशासन के साथ पढाई करते है लेकिन अभिभावक भी अपने बच्चे को ऐक्टिविटी फ्लो कर विधालय डायरेक्टर व प्रबंधन को उसके डिमेरिट को जरूर बताये, ताकि उसकी सुधार किया जा सके। सेवानिवृत्त एचएम रामबालक सिंह ने बताया कि बच्चे के अभिभावक जागरूक होकर अपने बच्चे मे बदलाव व उसके अंदर खामियो को विधालय मे डायरेक्टर को जरूर बताये ,वे आपके बताये अनुसार ही आपके बच्चे मे सुधार कर पाएंगे। काग्रेस नेता जोगन यादव ने कहा कि डीपीएस स्कूल प्रखंड क्षेत्र का काफी अनुशासित है ।इस स्कूल के बच्चे व बच्चियो ने पढ़ाई एव स्पोट्र्स मे राज्य स्तरीय कार्यक्रम मे सफल होकर अपनी पहचान दिलाया है। उन्होने कहा स्कूल के बाद अभिभावक बच्चे का गुरू है ।इसलिए घर पर भी सभी अभिभावक होम वर्क पर ध्यान देकर बच्चे को पढने के लिए प्रेरित करे। सामाजिक कार्यकर्ता संजय सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम काफी सराहनीय है ।और विधालय मे बेहतर शिक्षा के साथ अनुशासन का संगम है ।मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सोनू कुमार सिंह, विधालय प्राचार्य रिया कुमारी, शिक्षक बीके सिंह, राजकुमार प्रसाद यादवेनदु, बिपिन कुमार सिंह,अमरकांत निराला, मो अजीम, सबबर अली, गोपाल कुमार, प्रिंयका कुमारी, ममता कुमारी, पूनम कुमारी, गीता कूमारी, मो साहिद, संजय कुमार सिंह, चंद्रशेखर आजाद के अलावे कई अभिभावक व गणमान्य लोग मौजूद थे।



प्रखंड के डीपीएस स्कूल मे रविवार को हूई अभिभावक गोष्ठी

# भू माफियाओं के चपेट में है सहरसा, खाली जमीन पर ऐसे कर लेते हैं कब्जा, पुलिस भी मामले में मौन



प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा। जिले में जमीनी विवाद का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है जिसका कारण है कि जिले में भू माफिया सक्रिय हो चुके हैं जहां खाली जमीन दिखती है वहां पर भू माफियाओं का कब्जा हो जाता है जिले के लोग भू माफियाओ से परेशान हो चुके हैं पानी सर से उपर तक पहुंच चुका है। भू माफिया ना केवल जमीन पर कब्जा करते हैं बल्कि दहशत फैलाने के उद्देश्य से गोलीबारी की भी घटना को अंजाम देते हैं ताकि लोगों के अंदर दहशत का माहोल बना रहे, वही भू माफियाओं के विरुद्ध पुलिस भी कोई कार्रवाई नहीं करती है जिसके बाद भू माफियाओं का मनोबल और भी बढ़ जाता है एक ऐसा ही मामला सहरसा से सामने आया है जहां सहरसा शहर के नया बाजार माउंट कार्मेल स्कूल के बगल में स्थित वर्षों से खाली एक जमीन पर भू माफियाओं के द्वारा जमीन कब्जा कर लिए जाने का मामला सामने आया है। भू माफिया न केवल जमीन पर कब्जा करते है बल्कि सरेआम गोलीबारी की घटना को भी अंजाम देते है ताकि लोगो के अंदर दहसत का माहोल बना रहे है। वही भूमाफियाओं के इस कारनामे के बाद स्थानीय मोहल्ला वासीयो में दहशत का माहोल बन चुका है प्रीत परिवार न्याय के लिए कभी थाने का चक्कर लगाते हैं। तो कभी एसपी साहब के दफ्तर का लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिलती है । वही भू माफियाओं से परेशान होकर मोहल्ले की निवासी एवं प्रीत महिला सुनीता देवी ने एसपी कार्यालय में आवेदन देकर भू माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है वही इस मामले में प्रीत महिला सुनीता देवी बताती है कि लगभग 7 कट्टे की जमीन पर चंद्रभूषण झा, संतोष कुमार सिंह, राजन सिंह के द्वारा जमीन पर जबरन कब्जा कर निर्माण करा रहे हैं वही निर्माण कार्य देख जब रोकने को कहा गया तो सभी लोग आग बबूला हो गए और अपने गुर्गों के साथ आकर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया और जान से मारने की धमकी दी गई । प्रीत महिला ये भी बताती है कि उस जमीन पर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया ताकि हम लोग डर जाए और लोगों के अंदर दहशत का माहौल बना रहे वहीं पुलिस से जब शिकायत की गई तो पुलिस ने भी कोई कार्रवाई नहीं किया । अब जरा बताइए कैसे भू माफिया खाली जमीन पर कब्जा कर रहे हैं और दहशत फैलाने के उद्देश्य से गोलीबारी की भी घटना को अंजाम देते हैं, लेकिन पुलिस के कानों में इस घटना की एक भी आवाज सुनाई नहीं देती है। कार्रवाई की बात तो छोड़िए पुलिस ने अब तक पीड़ित परिवार की बातों को भी नहीं सुना अब प्रीत परिवार जाए तो जाए कहां किस से न्याय की उम्मीद लगाए।

# बसनहीं थाना में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति का किया गया बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

सोनवषार्राज/सहरसा। प्रखण्ड के बसनही थाना पुलिस द्वारा शनिवार दोपहर सिमरी बख्तियारपुर के नव पदस्थापित डीएसपी मुकेश कुमार के नेतृत्व में आगामी सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई ।आयोजित बैठक में बसनही थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि समेत सीएसपी संचालक व स्थानीय लोगो ने भाग लिया ।बैठक की अध्यक्षता बसनही थानाध्यक्ष संतोष कुमार निराला ने की ।तथा थाना क्षेत्र की सभी प्रकार की समस्या की जानकारी लेते हुए पुलिस का सहयोग करने की बात कही ।बसनही थानाध्यक्ष लोगों से बातचीत में कहा कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण तथा शराब कारोबारी व असमजिकतत्वों पर विशेष नजर रहेगी और थाना क्षेत्र में सरस्वती पूजा में शांति व्यवस्था भंग करने वाले को चिन्हित कर उस पर कार्रवाई की जाएगी ।जिसमें क्षेत्र के लोगों को भी पुलिस का सहयोग करना पड़ेगा। ।वहीं आयोजित बैठक में मौके अंचल इंस्पेक्टर मो० सुजाउद्दीन मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष शिवेन्द्र नारायण सिंह,जिला परिषद खोखा यादव,मुखिया रामलगन यादव,पूर्व मुखिया सियाचरन मण्डल,मुन्ना सिंह,मनोज यादव,पूर्व मुखिया शिवेंद्र सिंह,पूर्व जिला परिषद अरुण यादव,सरोनी मुखिया प्रतिनिधि नरनाथ मंडल,गौरव कुमार,सीएसपी संचालक नीतीश कुमार,अमित कुमार,जितेंद्र पाठक,प्रमोद सादा,अफरोज आलम समिति अरविंद,अनिल साह,दीपक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पंचायत समिति की बैठक आयोजित, विभिन्न मुद्दों पर हूई चर्चा




प्रात: किरण संवाददाता

अलीगंज पंचायत समिति की बैठक आयोजित, विभिन्न मुद्दों पर हूई चर्चा। अलीगंज । इस्लामनगर अलीगंज प्रखंड परिसर स्थित किसान भवन मे पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख रीना कुमारी की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। बैठक मे प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार ने सरकार के द्वारा संचालित विकास योजनाओ की विस्तार पूर्वक चर्चा किया। प्रखंड प्रमुख ने प्रखंड क्षेत्र मे विभिन्न विद्यालय मे बच्चे की दोपहर का भोजन मीडेमील मे भारी अनियमिताए मिल रही है ।साथ केन्द्र सरकार की प्रायोजित योजनाओ मे आईसीडीएस विभाग के द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्र की हालात प्रखंड क्षेत्र मे काफी दयनीय है। बैठक मे शिक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाए गये कि सरकार के निर्धारित मानदंड का पालन नही हो रहा है। साथ ही जन वितरण प्रणाली विक्रेता के द्वारा लाभुको को निर्धारित युनिट से कम अनाज दिया जाता है। पंचायत समिति सदस्य विजय यादव ने कहा डीलर वजन मे भी कार्ड धारी को प्रति युनिट एक किलो राशन कम दिया जाता है। शिकायत के बावजूद भी डीलर कम राशन दे रहा है। बैठक मे वित्तीय वर्ष 24-25 के नई योजनाओ का भी चयन किया गया।

सम्पादकीय

## युवा तुर्क भारत रत्न से वंचित क्यों!



यूपी के बलिया जनपद के इब्राहीम पट्टी गाँव के एक साधारण किसान परिवार में पैदा होकर देश की राजनीति में लगभग पाँच दशकों तक अपनी धमक बरकरार रखने वाले भारतीय राजनीति के चाणक्य पूर्व प्रधानमन्त्री आदरणीय चन्द्रशेखर को अबतक भारत रत्न से वंचित रखना कहाँ तक न्यायोचित है ? चन्द्रशेखर जी भारत के इकलौते राजनीतिज्ञ थे जिन्होंने कश्मीर से कन्याकुमारी तक की पदयात्रा करके देश की अस्सी फीसदी आबादी को सुशोभित करने वाले किसानों की दुर्दशा को न सिर्फ रेखांकित किया बल्कि गाँव की गरीबी के मुद्दे को राजनीति के शीर्ष पायदान पर स्थापित करने में भी सफल रहे। पाँच दशकों के अपने अक्खड़ राजनीतिक जीवन में समाजवाद की मूल सिद्धांत का पालन करने वाले श्री चन्द्रशेखर ने सिर्फ और सिर्फ किसान, मजदूर, शोषित समाज तथा विकास के अंतिम छोर पर खड़े देश के मूल नागरिकों को उनका वाजिब हक दिलाने की राजनीति की। भारतीय राजनीति के चाणक्य व युवा तुर्क के नाम से मशहूर,अदभुद साहस क्षमता के पर्याय श्री चन्द्रशेखर ने राजनीति के साथ साथ अपने सामाजिक जीवन में कभी पीछे मुड़कर नही देखा। हालाँकि वर्ष 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या से उतपन्न लहर में उन्हें भी एकबार हार का स्वाद चखना पड़ा था। प्रखर धुरंधर व बेवाक वक्ता श्री चन्द्रशेखर देश के अद्वितीय नेता थे जिन्होंने अवसर मिलने पर भी सिद्धांत के आगे पद को कभी अहमियत नही दी। बता दें कि मोरारजी देसाई की सरकार के उन्हें कैबिनेट में उन्हें महत्वपूर्ण विभाग सौंपा जा रहा था जिसे उन्होंने स्वीकार नही किया। और संगठन के अध्यक्ष के तौर पर संघर्ष के रास्ते का ही वरण किया। वर्ष 1989 में जनता दल के नेतृत्व में गठित सरकार के कार्यकाल में मंडल कमंडल की राजनीति से देश में उतपन्न राजनीतिक हालात के मद्देनजर अविश्वास तथा अस्थिरता से देश को जिस काबिलियत से श्री चन्द्रशेखर ने उबारा उसकी चर्चा आज भी लोगों में होती है। चंद महीनों बाद ही कांग्रेस द्वारा समर्थन वापस लिए जाने की आशंका के मद्देनजर पलक झपकते ही श्री चन्द्रशेखर ने पीएम की कुर्सी को त्यागकर यह साबित कर दिया था कि पद के लिए वे सिद्धांतों के साथ कभी समझौता नही कर सकते। इससे पहले 1977 के आपातकाल से उपजे सम्पूर्ण क्रांति के महानायक जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व में चलाये आन्दोलन में युवा तुर्क के नाम से मशहूर देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री चन्द्रशेखर का नाम आम लोगों व खासकर राजनीतिक बैठकों में आज भी बड़े आदर के साथ लिया जाता है। हाल के वर्षों में भारत रत्न से नवाजे गए राजनीतिज्ञों व अन्य विधाओं में महारत हासिल करने वाले महापुरुषों का सम्मान सरकार की नेकनीयती का ही नतीजा है। भोजपुरी भाषी पूर्वांचल क्षेत्र से निकलकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय क्षितिज के देदीप्यमान राजनीतिज्ञ, अद्वितीय प्रतिभा के धनी श्री चन्द्रशेखर को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना बीस करोड़ भोजपुरिया समुदाय का दिल जीतने वाला अत्यंत सार्थक कदम साबित होगा।

## राहुल वायनाड से ही लड़ेंगे



कांग्रेस नेता राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से ही चुनाव लड़ेंगे। वामपंथी पार्टियों की अपील कांग्रेस ने ठुकरा दी है। गौरतलब है कि वामपंथी पार्टियों के साथ कांग्रेस का और विपक्षी गठबंधन का कई राज्यों में तालमेल होना है। लेकिन केरल में सीपीएम के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ को अलग अलग लड़ा है। तभी एलडीएफ के नेता चाहते थे कि राहुल गांधी केरल से न लड़ें। राहुल के केरल से लड़े का फायदा यह हुआ था कि पिछले चुनाव में यूडीएफ ने 20 में से 19 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी, जिसमें कांग्रेस को अकेले 15 सीटें मिली थीं। राहुल गांधी वायनाड सीट से बड़े अंतर से जीते थे। हालांकि वे अमेठी सीट पर चुनाव हार गए थे। इस बार भी एलडीएफ को लग रहा है कि राहुल के लड़े का फायदा कांग्रेस को होगा। ध्यान रहे 2019 के लोकसभा चुनाव के दो साल बाद 2021 में हुए विधानसभा चुनाव में एलडीएफ की जीत हुई थी। इसलिए भी एलडीएफ को लग रहा है कि लोग लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का समर्थन कर सकते हैं। अगर राहुल नहीं लड़ते तो लेफ्ट को कुछ फायदा हो सकता था। बताया जा रहा है कि एलडीएफ के अंदर हुए सीट बंटवारे के तहत सीपीआई को चार सीटें मिली हैं, जिसमें वायनाड की सीट भी है। पिछली बार सीपीआई के पीपी सुनीर इस सीट से लड़े थे। इस बार कहा जा रहा है कि सीपीआई के महासचिव डी राजा की पत्नी एनी राजा इस सीट से लड़ सकती हैं। बताया जा रहा है कि डी राजा भी चाहते थे कि राहुल इस सीट से नहीं लड़ें। लेकिन राहुल भले उत्तर भारत की भी किसी सीट से लड़ें लेकिन वायनाड जरूर लड़ेंगे क्योंकि उसका असर दक्षिण के दूसरे राज्यों पर भी होगा।

## कांग्रेस, इंडिया में भी बात रूकी



ऐसा नहीं है कि एनडीए में सीट बंटवारा नहीं हो रहा है तो विपक्षी पार्टियों ने सीट शेयरिंग पर बात कर ली है। विपक्षी गठबंधन इंडिया में ज्यादा समस्या दिख रही है। कांग्रेस की ओर से सीट बंटवारे को लेकर जो बातचीत हो रही थी वह रूक गई है। क्यों रूकी है यह किसी को पता नहीं है। ऐसा लग रहा है कि भाजपा की ही तरह वहां भी गठबंधन के सहयोगियों की तस्वीर साफ नहीं हो रही है। कौन रहेगा और कौन छोड़ेगा यह तय नहीं हो पा रहा है। इसलिए बातचीत थोड़ा आगे बढ़ती है और फिर रूक जाती है। जिन राज्यों में ऐसी दुविधा नहीं है, जैसे तमिलनाडु में तो वहां सीट बंटवारा फाइनल हो गया है। डीएमके ने पिछली बार की तरह कांग्रेस को नौ सीटें देने का फैसला किया है। पिछली बार कांग्रेस नौ में से आठ सीटों पर जीती थी। इस बार भी वह अपना पिछला प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद कर रही है। लेकिन डीएमके के अलावा किसी राज्य में कांग्रेस ने सीट शेयरिंग फाइनल नहीं की है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने 11 सीटें छोड़े का ऐलान किया था लेकिन कांग्रेस के नेता इसे पहली किश्त मान रहे हैं। अगर जयंत चौधरी की पार्टी रालोद गठबंधन से बाहर होती है तो कांग्रेस की सीटें बढ़ सकती हैं। जैसे बिहार में नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के इंडिया से बाहर होने के बाद कांग्रेस को एक बार फिर पिछली बार की तरह नौ सीटें मिल सकती हैं। बिहार में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस की नेशनल एलायंस कमेटी की एक बैठक राज्यसभा सांसद मनोज झा से बातचीत हुई थी लेकिन दोबारा फिर कोई बैठक नहीं हुई। झारखंड में उथल-पुथल का घटनाक्रम रहा और अब नई सरकार बनी है, जिसका विस्तार अगले कुछ दिन में होना है। वहां अभी सीट बंटवारे की बातचीत शुरू भी नहीं हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पार्टी ज्यादा सीटों पर लडे की मांग कर रही है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा माथापच्ची चल रही है, जहां कांग्रेस के साथ शिव सेना का उद्धव ठाकरे गुट और एनसीपी का शरद पवार गुट गठबंधन में हैं। इनके अलावा प्रकाश अंबेडकर और राजू शेट्टी की पार्टी भी है। आम आदमी पार्टी के साथ भी दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गोवा और गुजरात को लेकर बातचीत हो रही थी लेकिन वह बातचीत भी थम गई है।

# कर्तव्यहीनता से हो रहा है अप्रिय घटनाओं का बाहुल्य

**भीडभाड वाले स्थानों पर खुलेआम कब्जे किये जा रहे हैं। कब्जे के शुरूआती दौर में कार्यपालिका के उत्तरदायी अधिकारियों, नियमित सेवायें देने वाले कर्मचारियों और समाज सेवा के कथित वृतधारियों की उदासीनता रहती हैं। महात्वपूर्ण सडकों, सरकारी जमीनों और खाली पडे स्थानों पर पहले बेरोजगारी, लाचारी, मजबूरी का नाटक करके डेरा डाला जाता है और फिर धीरे-धीरे अतिक्रमण का वास्तविक स्वरूप स्थापित हो जाता है। इन सभी स्थितियों की जानकारी उस इलाके के उत्तरदायी सरकारी अमले को रहती है परन्तु वे किन्हीं खास कारणों से हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं। षडयंत्रकारियों के संगठित गिरोह अपने सदस्यों को सक्रिय करके अतिक्रमण की साजिश को अंजाम तक पहुंचाते हैं। अप्रिय घटना घटित होने के बाद ही बुल्डोजर की आवाज आती है, अतिक्रमण का इतिहास खंगाला जाता है और फिर की जाती है प्रत्यक्ष कार्यवाही। सरकारी कार्यवाही के लिए पहले से तैयार बैठे अतिक्रमण काण्ड के मुख्य आरोपियों के साथ उनके आका भी पर्दे के पीछे से साम्प्रदायिक हथियारों का इस्तेमाल करने लगते हैं। एक घटना के विरोध में समूचे देश को सुलगाने की कोशिशें होने लगतीं हैं। इन अप्रिय घटनाओं के लिए वास्तविक दोषी तो कार्यपालिका के वे अधिकारी-कर्मचारी होते हैं जिन्होंने अपनी आंखों के सामने गैर कानूनी ढंग से अतिक्रमण को निर्माण तक पहुंचने दिया। मगर आज तक हमारे देश में शायद ही ऐसे किसी काण्ड के लिए किसी सरकारी मुलाजिम को आरोपी बनाया गया हो।**





**डॉ. रवीन्द्र अरजरिया-**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

देश में साम्प्रदायिक खाई बढाने का काम शुरू हो चुका है। कहीं अतीत की स्मृतियों को लेकर वक्तव्य जारी हो रहे हैं तो कहीं अतिक्रमण करके धार्मिक उन्माद फैलाने वाले जहरीले शब्दों की जुगाली हो रही है। इस सबके पीछे लोकसभा चुनावों की दस्तक और कार्यपालिका के व्दारा कर्तव्यों के प्रति उदासीनता जैसे कारण आज चौराहों से लेकर चौपालों तक चर्चा के विषय बने हुए हैं। समूचे देश में अतिक्रमण का बोलबाला है जिसे सुनियोजित षडयंत्र के तहत अंजाम तक पहुंचाया रहा है। भीडभाड वाले स्थानों पर खुलेआम कब्जे किये जा रहे हैं। कब्जे के शुरूआती दौर में कार्यपालिका के उत्तरदायी अधिकारियों, नियमित सेवायें देने वाले कर्मचारियों और समाज सेवा के कथित वृतधारियों की उदासीनता रहती हैं। महात्वपूर्ण सडकों, सरकारी जमीनों और खाली पडे स्थानों पर पहले बेरोजगारी, लाचारी, मजबूरी का नाटक करके डेरा डाला जाता है और फिर धीरे-धीरे अतिक्रमण का वास्तविक स्वरूप स्थापित हो जाता है। इन सभी स्थितियों की जानकारी उस इलाके के उत्तरदायी सरकारी अमले को रहती है परन्तु वे किन्हीं खास कारणों से हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं। षडयंत्रकारियों के संगठित गिरोह अपने सदस्यों को सक्रिय करके अतिक्रमण की साजिश को अंजाम तक पहुंचाते हैं। अप्रिय घटना घटित होने के बाद ही बुल्डोजर की आवाज आती है, अतिक्रमण का इतिहास खंगाला जाता है और फिर की जाती है प्रत्यक्ष कार्यवाही। सरकारी कार्यवाही के लिए पहले से तैयार बैठे अतिक्रमण काण्ड के मुख्य आरोपियों के साथ उनके आका भी पर्दे के पीछे से साम्प्रदायिक हथियारों का इस्तेमाल करने लगते हैं। एक घटना के विरोध में समूचे देश को सुलगाने की कोशिशें होने लगतीं हैं। इन अप्रिय घटनाओं के लिए वास्तविक दोषी तो कार्यपालिका के वे अधिकारी-कर्मचारी होते हैं जिन्होंने अपनी आंखों के सामने गैर कानूनी ढंग से अतिक्रमण को निर्माण तक पहुंचने दिया। मगर आज तक हमारे देश में शायद ही ऐसे किसी काण्ड के लिए किसी सरकारी मुलाजिम को आरोपी बनाया गया हो। हर बार केवल और केवल आम आवाम के बीच के खुराफाती तत्वों को ही रेखांकित किया जाता रहा है। कर्तव्यहीनता की कालिख में लिपटे लोग दूर खडे होकर तमाशा देखते रहते हैं। वर्तमान में देश के लगभग सभी महानगरों से लेकर छोटे गांवों तक में अतिक्रमण का बोलबाला है। गांव की सरकारी जमीन पटवारी की निगरानी में, वन की जमीन वनरक्षक की निगरानी में, महानगरों की जमीन राजस्व और पालिका की निगरानी में, रेलवे की जमीन विभागीय पुलिस की निगरानी में, औद्योगिक क्षेत्र की जमीन उद्योग विभाग की निगरानी में, विभागों की जमीन उनके कर्मचारियों की निगरानी में, राष्ट्रीय राजमार्ग की जमीन पैट्रोलिंग यूनिट की निगरानी में रहती है यानी कि सरकार की प्रत्येक अचल सम्पत्ति के लिए कोई न कोई अधिकारी-कर्मचारी उत्तरदायी होता है परन्तु उस पर कब कब्जा हो गया, इसका किसी के पास कोई जबाब नहीं होता। कैसे कब्जा हो गया, इस पर भी खामोशी ही हाथ लगती है। कब्जे के दौरान उत्तरदायी क्या कर रहे थे, यह प्रश्न भी अनुत्तरित ही रहता है। उत्तर देने वाले और उत्तर मांगने वाले, दौनों ही सरकारी मुलाजिम होते हैं। सो सहयोग की भावना तो बलवती होगी ही। अतिक्रमणकारियों के व्दारा कानून की धज्जियां उडाने के मामले हों या फिर अवैध कार्यों से होने वाली दुर्घटनायें, सभी में उत्तरदायी सरकारी तंत्र की अप्रत्यक्ष भागीदारी रहती ही है। देश की राजधानी में अतिक्रमण का जितना बडा खेल हो रहा है, शायद ही उतना बडा किसी अन्य शहर में होगा। इस खेल में शासकीय कर्मचारियों की अप्रत्यक्ष भागीदारी होती है परन्तु अभी तक ऐसे किसी भी प्रकरण में उनका नाम न आने से उनके हौसले बुलंदी पर पहुंच चुके हैं। अतिक्रमण का यह अवैध धंधा अब पूरी तरह से व्यवसाय का रूप ले चुका है। अनेक मामलों में खद्दर से लेकर खाकी तक, लालफीताशाही से लेकर सफेद टोपी तक और जनप्रतिनिधि से लेकर समाजसेवियों तक के नाम उजागर होने के बाद भी वे कानूनी दावपेंचों से अपने को संरक्षित कर लेते हैं। हल्व्दानी की हिंसा से लेकर हरदा के हादसे तक ने उत्तरदायी वेतनभोगियों की कर्तव्य निष्ठा को कटघरे में खडा कर दिया है। उत्तराखण्ड में जब अवैध कब्जा हो रहा था तब उत्तदायी तंत्र क्या कर रहा था। मध्य प्रदेश में औद्योगिक इकाइयों का नियमित निरीक्षण करने वाले लोग फैक्ट्री के मापदण्डों को अनदेखा कैसे करते रहे। इतिहास गवाह है कि जब पानी सिर के ऊपर होता है तब ही तंत्र की निद्रा भंग होती है। जब निर्दोष लोगों की जानें जातीं है, तब संवेदनाओं के वक्तव्य जारी होते हैं। जब खून की रंग से मां भारती का आंचल लाल होता है, तब प्रशासन सचेत होता है। चर्चा है कि यह केवल हल्व्दानी या हरदा का ही मामला नहीं है बल्कि देश के हर शहर में षडयंत्रकारियों ने अपने मंसूबे पूरे करने के लिए मजबूत किलेबंदी कर ली गई है। रेलवे लाइन के किनारों से लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग के दौनों ओर बेजा कब्जों की बाढ सी आ गई है। अतिक्रमण करके सरकारी जमीनों पर सकरी गलियों में बहुमंजिला इमारतों खडी कर ली गईं हैं ताकि जरूरत पडने पर ऊपर से पत्थरों की बरसात, बारूद की धमक और गोलियों की गडगडाहट पैदा की जा सके। लोगों की मानें तो सकरी गलियों, ऊंची इमारतों, धार्मिक झंडों, धार्मिक परिधानों और माइक पर चिल्लाती आवाजों को एकता का प्रतीक बनाकर वर्चस्व की जंग के लिए जमीन तैयार हो चुकी है। नेटवर्किंग डाटा तैयार हो चुका है। प्रत्येक आबादी में षडयंत्रकारियों के सहयोगी तैयार किये जा चुके हैं। हथियारों के जखीरे जमा हो चुके हैं। ऐसे में इन तंग गलियों में घुसकर कानूनी कार्यवाही करना असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है। विदेशों से आने वाले पैसों, देश के गद्दारों का संरक्षण और उन्मादी लोगों की भीड ने आने वाले समय में किसी बडी दुर्घटना की संभावनायें पैदा कर दीं हैं। तिस पर अवैध घुसपैठियों की भारी जमातें देश के कोने-कोने में रिश्तेदार बनकर बस चुके हैं। उनके आकाओं ने दस्तावेजों के आइने में उन्हें भारतीय होने का प्रमाण उपलब्ध करा दिया है। हालात यहां तक पहुंच गये हैं कि अब जाति, नाम, सम्प्रदाय छुपाकर बोलचाल वाले आम नामों को ही सरकारी रिकार्ड में दर्ज करवाया जा रहा है। अभी तो पिता के नाम के कारण स्थिति उजागर हो रही है परन्तु आने वाले समय में वो भी समाप्त हो जायेगी। तब पहचान छुपाकर समाज में जहर घोलने वालों को चिन्हित करना भी बेहद मुश्किल होगा। यह सब पूर्व निर्धारित षडयंत्र का चरणबध्द क्रियान्वयन है जिसे सरकारी महकमा आज भी अद्दष्टिगत कर रहा है। उत्तरदायी तंत्र की कर्तव्यहीनता से हो रहा है अप्रिय घटनाओं का बाहुल्य जिसे समय रहते रोका नहीं गया तो विस्फोटक स्थिति की संभावना से इंकार नहीं किया सकता। फिलहाल इतनी ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# गरिमा खोता देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न

**कांग्रेस के शासनकाल में जिन प्रमुख हस्तियों को भारत रत्न से नवाजा जा चुका है उनमें पंडित जवाहर लाल नेहरू, डॉ राजेंद्र प्रसाद, इंदिरा गाँधी, पी डी टंडन, लाल बहादुर शास्त्री, राजीव गाँधी, मदर टेरेसा, खान खान अब्दुल गफ़्फ़ार खान, सरदार वल्लभ भाई पटेल, नेल्सन मंडेला, जे आर डी टाटा, ए पी जे अब्दुल कलाम से लेकर सत्यजीत रे, लता मंगेषकर, पंडित रवि शंकर, भीम सेन जोशी, शहनाई वादक बिस्मिल्लाह खान व सचिन तेंदुलकर जैसे विभिन्न क्षेत्रों के अति विशिष्ट लोगों के नाम उल्लेखनीय हैं। परन्तु केवल इसी वर्ष यानी 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जिस प्रकार 15 दिन के भीतर 5 लोगों के नामों की घोषणा भारत रत्न दिये जाने हेतु की गयी और उसके जो राजनैतिक ह्यसाइड इफेक्टह्न दिखाई दे रहे हैं या फिर जिन राजनैतिक समीकरणों को साधने की गरज से एक के बाद एक कर पांच भारत रत्न नामित किये गए हैं उसे लेकर इस अतिविशिष्ट सम्मान की महत्ता पर ही प्रश्न चिन्ह लग गया है। पिछले 15 दिनों के अंतराल में जिन 5 हस्तियों को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भारत रत्न हेतु नामित कर एक ही वर्ष में पांच लोगों को भारत रत्न दिए जाने का कीर्तिमान स्थापित करते हुये भारत रत्न प्रदान करने के नियमों की धज्जियाँ उड़ाई गयीं वे हैं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर, भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी के अतिरिक्त पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह व नरसिम्हा राव तथा हरित क्रांति का जनक समझे जसने वाले कृषि वैज्ञानिक डॉ . एमएस स्वामीनाथन।**






**तनवीर जाफरी-**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न का वितरण जितना इस बार विवादों में है उतना पहले कभी नहीं रहा। निश्चित रूप से पूर्व की सरकारों ने भी कई ऐसी हस्तियों को इस सर्वोच्च अलंकरण से नवाजा जिनकी विचारधारा पूर्व की सरकारों से मेल खाती थी। परन्तु लोकसभा के आम चुनावों से ठीक पहले देश का इस सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ह्यभारत रत्नह्न का वितरण कम से कम ह्यरेवड़ियों ह्य की तरह तो कभी नहीं किया गया। ह्यभारत रत्नह्न दिये जाने से सम्बंधित निदेर्शावली में भारत सरकार द्वारा स्वयं यह नियम बनाया गया है कि एक वर्ष में अधिकतम केवल तीन हस्तियों को ही यह सम्मान दिया जा सकता है। 1954 में जवाहर लाल नेहरू के शासनकाल के दौरान जब तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के कार्यकाल में भारत रत्न देने की शुरूआत की गयी थी उस समय भी प्रथम गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी, तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन व महान वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट रमन जैसी तीन विशिष्ट हस्तियों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। परन्तु एक ही वर्ष में नियम के विरुद्ध जाकर पांच पांच ह्यभारत रत्नह्न घोषित किये जाने का कोई इतिहास नहीं मिलता। बेशक यह सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न किसे दिया जाना चाहिए इसकी कोई खास योग्यता, परिभाषा या पैमाना निर्धारित नहीं है। परन्तु माना यही जाता है कि अलग अलग क्षेत्रों में देश के लिए सेवा करने में अपना अतुलनीय योगदान देने वाले अति विशिष्ट लोगों को भारत रत्न से सम्मानित किया जाता है। अति विशेष परिस्थितियों में यह पुरस्कार विदेशी नागरिकों को भी दिया जा सकता है। 1977 में जब जनता पार्टी की सरकार केंद्र में बनी थी उस समय तो सरकार ने इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न को स्थगित ही कर दिया था। परन्तु जैसे ही कांग्रेस ढाई वर्षों बाद ही पुनः सत्ता में आई उसने 1980 में पुनः यह सम्मान देना शुरू कर दिया। कांग्रेस के शासनकाल में जिन प्रमुख हस्तियों को भारत रत्न से नवाजा जा चुका है उनमें पंडित जवाहर लाल नेहरू, डॉ राजेंद्र प्रसाद, इंदिरा गाँधी, पी डी टंडन, लाल बहादुर शास्त्री, राजीव गाँधी, मदर टेरेसा, खान खान अब्दुल गफ़्फ़ार खान, सरदार वल्लभ भाई पटेल, नेल्सन मंडेला, जे आर डी टाटा, ए पी जे अब्दुल कलाम से लेकर सत्यजीत रे, लता मंगेषकर, पंडित रवि शंकर, भीम सेन जोशी, शहनाई वादक बिस्मिल्लाह खान व सचिन तेंदुलकर जैसे विभिन्न क्षेत्रों के अति विशिष्ट लोगों के नाम उल्लेखनीय हैं। परन्तु केवल इसी वर्ष यानी 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जिस प्रकार 15 दिन के भीतर 5 लोगों के नामों की घोषणा भारत रत्न दिये जाने हेतु की गयी और उसके जो राजनैतिक ह्यसाइड इफेक्टह्न दिखाई दे रहे हैं या फिर जिन राजनैतिक समीकरणों को साधने की गरज से एक के बाद एक कर पांच भारत रत्न नामित किये गए हैं उसे लेकर इस अतिविशिष्ट सम्मान की महत्ता पर ही प्रश्न चिन्ह लग गया है। पिछले 15 दिनों के अंतराल में जिन 5 हस्तियों को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भारत रत्न हेतु नामित कर एक ही वर्ष में पांच लोगों को भारत रत्न दिए जाने का कीर्तिमान स्थापित करते हुये भारत रत्न प्रदान करने के नियमों की धज्जियाँ उड़ाई गयीं वे हैं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर, भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी के अतरिक्त पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह व नरसिम्हा राव तथा हरित क्रांति का जनक समझे जसने वाले कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन। परन्तु इस बार उपरोक्त 5 भारत रत्न नामितों की घोषणा के बाद राजनैतिक विश्लेषकों का एक बड़ा वर्ग इन नामों, घोषणा के समय व संभावित प्रभावों को लेकर यह साफ तौर पर कहने लगा है कि इसबार रेवड़ियों की तरह किया जाने वाला ह्यभारत रत्नह्न अलंकार का वितरण पूरी तरह से राजनैतिक व चुनावी लाभ हासिल करने के मद्देनजर लिया जाने वाला फैसला है। इनमें जिन चार हस्तियों को भारत रत्न से नवाजा गया है निश्चित रूप से देश उनके योगदान का ऋणी है जबकि लाल कृष्ण आडवाणी का महत्वपूर्ण योगदान उस भाजपा को खड़ा में सबसे महत्वपूर्ण है जिसपर आज आडवाणी कृपा से ही नरेंद्र मोदी का नियंत्रण है। परन्तु इन नामों की घोषणा के बाद तत्काल जो राजनैतिक साईड इफेक्ट नजर आये वे यही हैं कि कपूर्री ठाकुर के नाम की घोषणा होते ही पाला बदलने की आस में बैठे नितीश कुमार इंडिया गठबंधन छोड़ पुनः एन डी ए में जा मिले।

# परीक्षा के समय सहायक तौर-तरीके और अकादमिक अपेक्षाएं

**प्रो . सरोज शर्मा-**
(अध्यक्ष, एनआईओएस)

बड़ी संख्या में बच्चे जो अपनी परीक्षाओं, विशेषकर बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, वे सभी अपने अकादमिक प्रदर्शन को लेकर चिंता और तनाव का अनुभव करते हैं। इसके कारण विभिन्न प्रकार की मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो जाती हैं। बच्चे अक्सर माता-पिता और परिवार, शिक्षकों व स्कूल प्रणाली, सहपाठियों, मीडिया और बड़े पैमाने पर समुदाय की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का दबाव महसूस करते हैं। इसलिए, बच्चों को परीक्षा की चुनौतियों से उबरने में मदद करने के लिए सहायक तौर-तरीकों और अकादमिक अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है। तनाव और चिंता का आकलन करने के लिए किए गए शोध अध्ययनों से पता चला है कि छात्र सिरदर्द, हृदय गति में वृद्धि, उच्च रक्तचाप, पेट दर्द, मांसपेशियों में ऐंठन, पीठ दर्द, लगातार थकान, कब्ज, दस्त और नींद की गड़बड़ी सहित शारीरिक परेशानियों की शिकायत करते हैं। बोर्ड के छात्र तनाव और चिंता के प्रति संवेदनशील होते हैं क्योंकि वे शारीरिक व भावनात्मक परिवर्तन के महत्वपूर्ण दौर में होते हैं। इन अध्ययनों में उल्लेख किया गया है कि उत्तरोत्तर तनाव सीधे तौर पर मानसिक स्थिति से जुड़ा है और स्मरणशक्ति में भी कमी लाता है। ये गड़बड़ियां वर्षों तक बनी रह सकती हैं, जिनके कारण स्कूल तथा आगे चलकर कार्यस्थल में काम करते वक्त क्षमता पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है। शिक्षक व अभिभावक के लिए शांत होने और योजना बनाने की घड़ी जब हम परीक्षा तनाव पर नजर डालते हैं, तो हमें पता चलता है कि एक बच्चे के जीवन में दो सबसे महत्वपूर्ण लोग उनके माता-पिता और शिक्षक हैं। मुक्त संचार, भावनात्मक समर्थन प्रदान करना, सकारात्मक मानसिकता को बढ़ावा देना, बच्चे की भावनाओं को मान्य करना, ट्रिगर की पहचान करना, विश्राम तकनीक सिखाना, शारीरिक गतिविधि और स्वस्थ आदतों को प्रोत्साहित करना, आश्वासन और पुनः आश्वासन प्रदान करना, तनाव प्रबंधन सिखाना तथा अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना, इसके कुछ कारगर उपाय हैं। अनिश्चितता को दूर करके और स्पष्ट अपेक्षाएं व अध्ययन सामग्री प्रदान करके, शिक्षक छात्रों को अधिक तत्पर तथा आत्मविश्वास महसूस करने में मदद कर सकते हैं। शिक्षक छात्रों को सूझ-बूझ और विश्राम तकनीकों का निर्देश देकर तनाव कम करने की रणनीतियों को पाठ्यक्रम में शामिल कर सकते हैं, ताकि वे कठिन दिनों में उनका अभ्यास कर सकें। परीक्षा की चुनौतियों और तनाव पर काबू पाने में सहायता के लिए देखभाल एवं सहायक घरेलू माहौल भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसमें छात्र की भलाई और शैक्षणिक अपेक्षा के बीच एक बेहतर संतुलन बनाए रखते हुए सहायता, प्रेरणा और समझ प्रदान करना शामिल है। सचेत पालन-पोषण में आपके बच्चे का समर्थन करना, समझना और परीक्षा के दबावों व चुनौतियों से निपटने के दौरान उसके साथ रहना शामिल है। अपने बच्चे को यह समझाएं कि परीक्षा में उनका प्रदर्शन चाहे जैसा भी हो, आप हमेशा उनके साथ हैं यह बहुत महत्वपूर्ण बात है। अपने बच्चों को उनकी भावनाओं को व्यक्त करने और उनकी आलोचना किए बिना परीक्षा पर चर्चा करने की अनुमति दें। उन पर उत्कृष्टता की अत्यधिक मांग का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। उन्हें एक अध्ययन कार्यक्रम बनाने में मदद करें, जिसमें ब्रेक और डाउनटाइम शामिल हो। माता-पिता के रूप में उनका सहयोग करें, जैसे शांत परिवेश वाला अध्ययन स्थान, स्वस्थ नाश्ता और आवश्यक अध्ययन सामग्री। बच्चों को अपनी देखभाल करना और उन्हें विश्राम कौशल सिखाना जरूरी है, जैसे गहरी सांस लेने के व्यायाम, छोटी सैर और शांत संगीत। इसके अलावा यह भी जरूरी है कि माता-पिता अपने बच्चे की पढ़ाई के लिए कोई नियम-कानून न लागू करें। उन्हें एक निश्चित मात्रा में स्वतंत्रता और जिम्मेदारी के साथ अपने स्वयं के शेड्यूल और जिम्मेदारियों को संभालने की अनुमति दें। केवल अंतिम परिणामों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय परीक्षा देने की प्रक्रिया में छोटी सफलताओं और महत्वपूर्ण पड़ावों का स्वागत करें। सिर्फ नतीजों का नहीं, प्रयासों का भी उत्सव मनाएं-ऐसे दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करें जो सीखने और विकास को केवल उच्च ग्रेड प्राप्त करने से आगे रखता हो। जब भी बच्चे को कठिनाइयां हों, तो उन्हें उनकी पिछली सफलताओं और उपलब्धियों की याद दिलाएं तथा सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखें। माता-पिता को अपने बच्चे की क्षमताओं पर विश्वास करना चाहिए। परीक्षा तनाव को कम करने में अन्य हितधारकों की भूमिका- परीक्षा के दौरान बच्चों द्वारा अनुभव किए जाने वाले तनाव को दूर करने के लिए कई हितधारकों के बीच सहयोग आवश्यक है, जिनमें से प्रत्येक छात्रों की भलाई के समर्थन में एक अनूठी भूमिका होती है। छात्रों की सामान्य भलाई को बढ़ावा देने वाली प्रक्रियाएं और नीतियां विकसित करना स्कूल प्रशासकों की जिम्मेदारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### चोरी करने वाले दो आरोपियों को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 प्रभारी जोगिंदर की टीम ने घर में वा वाहनों की चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में शहनवाज उर्फ मुरशीद व किशोर सिहँ का नाम शामिल है। दोनों आरोपी दिल्ली मोल्डबंद के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपियों को दिल्ली से चोरी मोटरसाइकिल सहित पल्ला नए पुल से काबू किया है। इसके संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना पल्ला में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से पूछताछ के दौरान चोरी के अन्य मामलों का खुलासा हुआ जिसके लिए आरोपियों को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपीयों से थाना पल्ला के 3 मुकदमा का खुलासा हुआ। जिसमें आरोपियों ने पल्ला में एक घर के अंदर ताला तोडकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था साथ ही गाड़ी की चाबी मिलने पर बाहर खड़ी गाड़ी को चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। जिसमें आरोपी से कर बरामद की जा चुकी है। आरोपियों ने गांव पल्ला में एक परचून की दुकान से चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों के द्वारा चुराई गए सामान को 25000 में बेच दिया था। जिसमें आरोपियों से 13000 नगद बरामद किए जा चुके हैं। आरोपियों के द्वारा पल्ला में एक अन्य मकान से लैपटॉप व जेवरात चोरी किए गए। जिसमें आरोपियों से लैपटॉप बरामद किया जा चुका है तथा आरोपियों ने जेवरात मुथूट फाइनेंस में 51000 रुपये में गिरवी रख रखे हैं। जेवरात की रिकवरी के लिए मुथूट फाइनेंस से निकलवाने के लिए नोटिस भेजा गया है। इसके अलावा आरोपियों ने गांव खेड़ी कलां से एक ईको चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था जिसमें ईको बरामद गई। दोनों आरोपी नशा करने के आदी हैं नशे की पूर्ति के लिए आरोपी चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं आरोपी एक दूसरे को 7-8 साल से जानते हैं दोनों दोस्त हैं। दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### सूरजकुंड मेले में सरकार की वोकल फॉर लोकल योजना सफल

फरीदाबाद। सूरजकुंड में चल रहे 37 वें अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में केन्द्र व प्रदेश सरकार की वोकल फॉर लोकल को बढावा देने की मुहीम सिरे चढती नजर आ रही है। मेला ग्राउंड में इस बार मिट्टी के बर्तनों की स्टालों की संख्या में अच्छी खासी बढोतरी देखने को मिल रही है। मेले में आने वाले अधिकतर लोग मिट्टी के बर्तन जरूर खरीदकर ले जा रहे हैं। सूरजकुंड में दो फरवरी से शुरू हुए 37वें अंतरराष्ट्रीय हस्त शिल्प मेले में इस बार दर्शकों को मिट्टही से तैयार बर्तन बहुत आकर्षित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कामगारों के रोजगार को बढावा देने के लिए वोकल फॉर लॉकल योजना शुरू की थी, जिसके बाद हाथ का काम करने वाले कारीगरों के रोजगार में बढोतरी हुई हैं। सरकार की यह मुहिम इस बार के सूरजकुंड मेले में सफलता की सीढीयां चढती नजर आ रही है। फरीदाबाद व आस-पास के राज्यों से अनेक करीगर इस बार सूरजकुंड मेले में मिट्टी से तैयार बर्तनों की स्टाल लगाए हुए हैं। शिल्प मेला में मिट्टी से तैयार यह बर्तन दर्शकों को भी लुभा रहे हैं। फरीदाबाद से आए गंगाराम और पुष्पा देवी सहित मेला ग्राऊंड में अनेकों कारीगरों ने हाथों से तैयार मिट्टी के बर्तनों की स्टाल लगाई हुई हैं। इन स्टालों पर 20 रुपए से लेकर 1250 रुपए की कीमत के मिट्टी के बर्तन खरीदे जा सकते हैं। मिट्टी से तैयार इन बर्तनों में कप, गिलास, बोतल, कूकर, कढाई, तवा, केतली, लोटा, गुलक, जग, ट्रे सहित बच्चों के खिलौने भी शामिल हैं।

### शिल्प मेले के पार्टनर देश तंजानिया पैवेलियन में पर्यटकों को लुभा रहे उत्पाद

फरीदाबाद। 37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला के पार्टनर देश संयुक्त गणराज्य तंजानिया द्वारा मेला परिसर में मुख्य चौपाल के पीछे तंजानिया पवैलियन में देश के शिल्पकारों व बुनकरों के उत्पाद पर्यटकों को रिझा रहे हैं। संयुक्त गणराज्य तंजानिया इस वर्ष शिल्प मेला में पार्टनर देश के रूप में भागीदारी कर रहा है। इस देश के कलाकार भी मुख्य व छोटी चौपाल पर अपने देश की समृद्ध संस्कृति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों पर अमिट छाप छोड रहे हैं। तंजानिया के स्टॉल पर राष्ट्रीय ध्वज के अलावा महिलाओं के आभूषण, वस्त्र तथा समुद्र से बनाए गए सी-वीड पाउडर विशेष रूप से प्रदर्शित की गई है। तंजानिया की स्टॉल पर महिलाओं के आभषण में माला, पर्स, चूडियां, टोकरी इत्यादि उपलब्ध हैं। तंजानिया की टीम में 30 से अधिक प्रतिनिधि हैं, जिनमें कलाकार, संगीतज्ञ व स्टॉल के प्रभारी शामिल हैं। इस स्टॉल में अफ्रीका के सबसे ऊंचे पर्वत किलामंजरो की तस्वीर भी प्रदर्शित की गई है, जिसकी समुद्री तल से ऊंचाई 5895 मीटर है।

# अयोध्या : मुख्यमंत्री योगी ने अपने कैबिनेट, विधयकों संग किया प्रभु श्रीराम का दर्शन

- फूलों से सजी परिवहन निगम की बसों में सवार होकर पहुंचे अयोध्या, बसों में बजी रामधुन

प्रात : किरण संवाददाता



अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ रविवार को समाजवादी पार्टी को छोडकर सभी दलों के विधायक और योगी सरकार के विधायक, मंत्री श्री राम जन्मभूमि मन्दिर में प्रभु श्रीराम लला के दर्शन करने अयोध्या पहुंचे। इस अवसर पर परिवहन निगम की लग्जरी बसों में सवार सभी विधायकों ने इस पुण्य कार्य के लिए मुख्यमंत्री योगी का आभार जताया। सत्ता पक्ष के साथ साथ विपक्षी दलों के विधायक भी पूरी तरह राम धुन में मगन दिखाई दिए। उल्लेखनीय है कि अयोध्या दर्शन करने पहुंचे विधायकों में बीजेपी के सहयोगी दलों के साथ साथ आरएलडी, बसपा और कांग्रेस के भी विधायक शामिल हुए। जिन बसों से विधायकों को अयोध्या ले जाया गया, उन बसों के अंदर रामधुन भी बजाई गई। तमाम तरह के फूल लगाए गए हैं। खाने-पीने की व्यवस्था भी की गई है। इसके अलावा मंत्रियों और विधायकों को मेमोरी के लिए एक बैग दिया जा रहा है, जिसमें एक डायरी, एक कैलेंडर और पेन इत्यादि रखा हुआ है। ऐतिहासिक और कभी न भूलने वाला क्षण-बीजेपी और घटक दलों के विधायकों ने कहा कि यह 500 वर्षों बाद बड़ा पुनीत कार्य हुआ है। हम सबने सपना देखा था की एक दिन प्रभु श्रीराम का मंदिर बनेगा और आज न सिर्फ मंदिर बन गया है, बल्कि दर्शन का अवसर भी मिल रहा है। आज उत्तर प्रदेश कि सरकार बड़े सरकार के दरबार में हाजिरी लगाने जा रही है। इसके लिए हम सभी सीएम योगी के प्रति आभार जताते हैं, क्योंकि ये उन्हीं का विजन था कि पूरी सरकार और सभी दलों के विधायकों को एक साथ प्रभु श्रीराम के दर्शन कराए जाएंगे। यह ऐतिहासिक और कभी न भूलने वाला क्षण है। पीएम मोदी और सीएम योगी को इतिहास हमेशा याद रखेगा। एक विधायक ने बताया कि दर्शनों का इतना उत्साह था की रात भर नींद भी नहीं आई। इस दौरान ज्यादातर विधायकों ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके विधायकों के प्रभु राम के दर्शनों के लिए नहीं आने पर आलोचना भी की। व्यवस्था से गदगद हुए विधायक- मीडिया से बातचीत में कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि अवध से हमारा पुराना रिश्ता है। बचपन से यहां आती रही हूं। आज दर्शन का बहुत ही पुण्य अवसर है। वहीं बसपा के विधायक उमाशंकर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष का आभार जताते हैं कि उन्होंने यह अवसर उपलब्ध कराया है। जो व्यवस्था की गई है वो अद्भुत है। उन्होंने कहा कि सपा के लोग इस मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं। हमारी पार्टी सेक्युलर है। हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। वहीं निषाद पार्टी के अध्यक्ष और सरकार में मंत्री संजय निषाद ने कहा कि आज बहुत बड़ा दिन है। जैसे विधानसभा में सभी दल एक साथ बैठते हैं उसी तरह आज पूरी विधानसभा प्रभु राम के दर्शन करने जा रही है। प्रभु राम के साथ निषादराज का बहुत भावुक संबंध था और ये मेरा सौभाग्य है की इतने वर्षों बाद प्रभु के दर्शन करने का अवसर मिल रहा है।

## एटा में सात वर्षीय बच्ची की दुष्कर्म के बाद गला घोंटकर हत्या

प्रात : किरण संवाददाता

एटा जिले के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गाजीपुर पहोर गांव में कथित तौर पर एक सात वर्षीय बच्ची की दुष्कर्म के बाद गला घोंटकर हत्यो कर दी गयी। पुलिस ने रविवार को बताया कि बच्ची का शव सरसों के खेत से बरामद किया गया है। पटना की सूचना पर वरिष्ठ अधीक्षक (एसएसपी) राजेश कुमार सिंह तथा अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय कुशवाहा भी मौके पर पहुंच गए। एसएसपी सिंह ने बताया के शनिवार रात्रि साढ़े आठ बजे थाना कोतवाली देहात पुलिस को सात वर्षीय बच्ची के दोपहर 12 बजे से गायब होने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम बनाकर मामले की तहकीकात के लिए श्वान दस्ते को बुलाया गया। खोजी कुत्ते की निशानदेही पर उक्त बच्ची के शव को गांव के पास स्थित एक सरसों के खेत से बरामद कर लिया गया। उन्होंने परिजनों के हवाले से बताया कि बच्ची दोपहर लगभग 12 बजे घर से अपनी सहेलियों के साथ गांव में ही खेलने के लिए गयी थी और काफी देर तक वापस नहीं लौटी। उसे उसकी मां ने काफी तलाश किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी और पुलिस ने शव बरामद किया। एसएसपी के अनुसार बच्ची के साथ प्रथम दृष्टया दुराचार होना तथा उसकी गला घोंटकर हत्या किया जाना प्रतीत होता है। घटना के खुलासे के लिये चार टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने कहा हम शीघ्र ही कातिल को गिरफ्तार कर कठोर सजा दिलाने का प्रयास करेंगे। एसएसपी ने बताया कि पुलिस ने बच्ची के शव को चिकित्सकीय परीक्षण के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और तहरीर के आधार पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

## श्रद्धालुओं की कार ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई, एक व्यक्ति की मौत, पांच घायल

प्रात : किरण संवाददाता

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में गंगा स्नान करने जा रहे श्रद्धालुओं की एक कार गन्ने से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा जाने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गयी और पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घायल और मृतक एक ही परिवार के सदस्य हैं। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने बताया कि थाना निगोही अंतर्गत रामपुर बसंत गांव निवासी सत्येंद्र कुमार सुबह कार से अपने परिवार के साथ गंगा स्नान करने घटियाघाट जा रहे थे। उन्होंने कहा कि इनकी कार जब निगोही-शाहजहांपुर मार्ग स्थित डालमिया चीनी मिल पहुंची, तभी यह वहां गन्ने से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गयी। उन्होंने बताया कि घटना में डाक विभाग में डाकिया के तौर पर कार्यरत सत्येंद्र कुमार (55) की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि उनके परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। एएसपी कुमार ने बताया कि पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वही ट्रैक्टर चालक घटना के बाद से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

## ब्रिटिश इंटर कॉलेज में बेस्ट ऑफ लक कार्यक्रम आयोजित




प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। नगर के ब्रिटिश इंटर कॉलेज में कक्षा 10 व 12 की बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्र छात्राओं के लिए बेस्ट ऑफ लक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 10 व 12 की परीक्षा देने वालों को स्मृति चिन्ह देकर नम आंखों के साथ विदा किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10 व 12 सभी शिक्षक को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत नाते रहमत नाज ने नाते पाक से की। स्टडेंट्स गीत, गजल डांस पेश किए, ब्रिटिश इंटर कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर। शाहनवाज अंदाज अमरोही ने सभी बच्चों से अपने शायराना अंदाज में कहां तरक्की की हमेशा उड़ान में रहो।सब के दिलों के सम्मान में रहो' हर एक चेहरे की मुस्कान में रहो।अंदाज की दुआ है खुशियों के जहांन मे रहो।।कॉलेज की प्रधानाचार्य फजीलत रानी ने सभी बच्चों को जिंदगी जीवन में कामयाब होने के लिए दुआ दी। सहीम अहमद ने जीवन में कामयाबी की किन उसूलों पर चलकर पाई जा सकती है बताया। टीचर्स में दानिश, अरीबा, दाऊद, डॉ आरिफ और शाह फजल ने सभी बच्चों को अपने विचारों से नवाजा, कॉलेज के अध्यक्ष मशहूर शायर नुदरत नवाज अमरोही ने कहा कि -पहले खुद को जलायेगा सूरज। फिर कहीं जगमगाएगा का सूरज। कार्यक्रम में फजीलत, सहीम, दानिश, अरीबा, ज्योति, फहीम रजा, दाऊद, असद, अफसर, डॉ आरिफ, सुहैल, रिजवान, शीबा, जररीन, जुहैब मौजूद रहे।

## पूर्व एमएलसी परवेज़ अली ने किया सीसी सड़क का शिलान्यास

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा। पूर्व सदस्य विधान परिषद परवेज अली ने मौहल्ला दरबारे कला में उमर मस्जिद रोड हसनैन के मकान से शाहनबाज के मकान तक, नसीम के मकान से शमीमा के मकान तक, रहीस के मकान से परवीन के मकान तक, उसमान के प्लाट से बाबू के मकान तक, शबाब के मकान से शाहनबाज के मकान तक खडंजा एवं मौहल्ला अहमदनगर में इमामबाडे के पीछे बंगर मे धर्मपाल के मकान से नईम के मकान की ओर सी०सी० सड़क का शिलान्यास किया। इन सड़को की काफी जर्जर हालत थी व पिछले काफी समय से जनता द्वारा इन को दुरूस्त कराने की माँग उठ रही थी श्री अली के प्रयास से अमरोहा की काफी सड़कों का निर्माण होता आ रहा है। नगर के विकास के लिये सड़को का सही होना अति आवश्यक है। उक्त सड़को के निर्माण से मौहल्लेवासियो को आवागमन में सुविधा होगी। श्री अली सदैव ही जनता की सेवा के लिये तत्पर रहते है।श्री अली ने होंण्डा एजेन्सी के सामने बिजनोर रोड अमरोहा पर बन्दे भारत ई०रिक्शा एजेन्सी का भी उदघाटन किया। इस मौके पर हाजी नजर हसन, आरिफ कुरैशी कारी जमशेद, आदिल मलिक, अनीस सैफी, अजहर अली, इमरान अली, जाहिद अली, साबिर अली, शमशाद अली, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एमपी/एमएलए कोर्ट ने पुलिस को 29 फरवरी तक अमर मणि की संपत्ति जब्त करने को कहा

प्रात : किरण संवाददाता

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती में एमपी/एमएलए अदालत ने पूर्व मंत्री अमर मणि त्रिपाठी की संपत्ति जब्त करने के लिए पुलिस को 20 दिन का समय दिया है। एसपी बस्ती गोपाल कृष्ण ने पुष्टि की कि पुलिस के अनुरोध पर, अदालत ने संपत्तियों की कुर्की के लिए प्रगति रिपोर्ट देखने के बाद समय दिया है। अधिकारियों ने कहा कि अदालत ने बस्ती के एसपी को एक रिसीवर नामित करने की प्रक्रिया पूरी करने और संबंधित जिला अधिकारियों से संपत्तियों को जब्त करने के लिए एक न्यायिक मजिस्ट्रेट उपलब्ध कराने और देश भर में अमर मणि त्रिपाठी की संपत्तियों के बारे में विस्तृत रिपोर्ट देने का अनुरोध करने का निर्देश दिया था। बस्ती में छह दिसंबर 2001 को स्कूली छात्र राहुल गुप्ता के अपहरण के 23 साल पुराने मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रमोद गिरि ने अगली तारीख 29 फरवरी तय की है। अदालत ने पहले ही त्रिपाठी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया था और बाद में सीआरपीसी की धारा 82 के तहत पूर्व मंत्री की अचल संपत्तियों को जब्त करने का आदेश दिया था। बस्ती पुलिस ने अदालत को बताया था कि त्रिपाठी के पास महराजगंज के नौतनवा कस्बे में एक मकान (संख्या 81 बी) के अलावा लखनऊ के गोमती नगर में 450 वर्ग मीटर का एक आवासीय भूखंड (संख्या ए-3/297) है।

## यूपी की आईएएस अधिकारी ने कॉल सेंटर के खिलाफ की शिकायत

प्रात : किरण संवाददाता

लखनऊ में एक वरिष्ठ महिला आईएएस अधिकारी ने एक कॉल सेंटर के अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ परेशान करने वाली कॉल और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला आईएएस अधिकारी ने अपनी शिकायत में कहा, उनके पति भी एक आईएएस अधिकारी हैं। उनके फोन पर लगातार एक मल्टी नेशनल बैंक के एक कार्यकारी की कॉल आ रही थी। वह कहती थी कि उन्होंने बैंक के क्रेडिट कार्ड का बकाया नहीं चुकाया है। महिला अधिकारी ने एफआईआर में कहा, जब मेरे पति ने क्रेडिट कार्ड के बारे में पूछा, तो दिए गए विवरण में असंगति थी। इसलिए उन्होंने उनसे दोबारा फोन न करने के लिए कहा क्योंकि उस बैंक ने उन्हें कोई क्रेडिट कार्ड जारी नहीं किया था।ह्व कॉल सेंटर के कर्मचारी ने दुर्व्यवहार किया और बार-बार कॉल करने के लिए कई नंबरों का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। जब हमने लखनऊ पुलिस से संपर्क किया तो कॉल आनी बंद हो गई। लेकिन दिसंबर-जनवरी की अवधि में इस तरह के दावे के साथ मेरे पति के मोबाइल नंबर पर कॉलिंग फिर से शुरू हो गई। ऐसा लगता है कि किसी ने मेरी निजी जानकारी का इस्तेमाल किया और बैंक से क्रेडिट कार्ड जारी करा लिया और अब उसका कॉल सेंटर हमें परेशान कर रहा है। हजरतगंज थाने के एसएचओ विक्रम सिंह ने कहा कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है और जांच की जा रही है।

## महाविद्यालय के संस्थापक की मनाई गई पुण्यतिथि



प्रात : किरण संवाददाता

मंडी धनौरा।रविवार को भागीरथी देवी महाविद्यालय मे महाविद्यालय पूर्व प्रबंधक व संस्थापक स्वः बृजमोहन शरण अग्रवाल की पुण्यतिथि मनाई गई।महाविद्यालय परिसर मे स्वः बृजमोहन शरण की पुण्यतिथि पर शांति यज्ञ का आयोजन भी किया गया।इस दौरान विद्यालय प्रबंधक राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि बाबू जी का व्यक्तित्व अविस्मरणीय है। बाबू जी की समाज सेवा का परिणाम ही क्षेत्र का प्रथम डिग्री कॉलेज भागीरथी देवी महाविद्यालय आज भी उच्च शिक्षा के क्षेत्र मे अग्रणी स्थान रखता है। कॉलेज प्राचार्य डॉ अभय कुमार ने कहा कि पूज्य लाला बृजमोहन शरण अग्रवाल क्षेत्र मे जनमानस के पटल पर अपने व्यक्तित्व के कारण आज भी याद किये जाते हैं। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का तृतीय एक दिवसीय शिविर नगर के मौहल्ला महादेव मे आयोजित किया गया। शिविर मे स्वम सेवियों द्वारा पर्यावरण प्रदूषण बचाब के सम्बन्ध मे लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर विश्वबंधु रस्तोगी, जयभगवान अग्रवाल, रविन्द्र कुमार अग्रवाल, अवनीश कुमार, सिरोही, चांदनी, भूमिका, पूजा आदि मौजूद रहे।

## पुलिस के शिकायत दर्ज नहीं करने पर एक व्यक्ति ने एसपी के घर के बाहर जहर खाकर दे दी जान

प्रात : किरण संवाददाता

पीलीभीत। पुलिस द्वारा पत्नी के खिलाफ उत्पीड़न का मामला दर्ज नहीं करने पर शनिवार को एक व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक के आवास के बाहर जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। शख्स के परिवार वालों ने बताया कि उसकी पत्नी ने कुछ दिन पहले उसके खिलाफ घरेलू हिंसा की शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने उसकी पत्नी द्वारा उत्पीड़न के खिलाफ उसकी शिकायत दर्ज नहीं की। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रदीप और ईशा की शादी दो महीने पहले हुई थी और वह कथित तौर पर उससे 5 लाख रुपये की मांग कर रहा था। शनिवार को प्रदीप अपनी पत्नी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए एसपी के कार्यालय-सह-आवास पर गए लेकिन अधिकारी मौजूद नहीं थे। इसलिए प्रदीप ने जहर खा लिया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अतुल शर्मा ने कहा, ह्नसुनगढ़ी थाना क्षेत्र के निवासी प्रदीप ने जहर खा लिया। स्टाफ द्वारा उसे अस्पताल ले जाया गया। मामले की जांच की जा रही है। बाद में, सर्कल ऑफिसर (सीओ) दीपक चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदीप की पास के बरेली जिले के एक अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। उन्होंने कहा कि शव का पोस्टमॉर्टम वहीं कराया जायेगा।

## निजी अस्पताल में उपचार के दौरान नवजात की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

हसनपुर। निजी अस्पताल में उपचार के दौरान नवजात शिशु की मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने मामला शांत कराया। इसके बाद दोनों पक्षों में समझौते की बात चल रही है।रहरा थाना क्षेत्र के गांव ढकिया खादर निवासी पुरुषोत्तम की पत्नी सविता ने 30 जनवरी को क्षेत्र के गांव गंगवार में स्थित एक निजी अस्पताल में बेटे को जन्म दिया था। जन्म के बाद ही नवजात शिशु की तबीयत खराब हो गई। परिजनों ने शिशु को उपचार के लिए हसनपुर के कनेटा मार्ग पर स्थित अस्पताल में भर्ती कराया था।जहां उसका उपचार चल रहा था। बताया जाता है कि शुक्रवार रात को उपचार के दौरान नवजात शिशु की मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। हालांकि बिना किसी कानूनी कार्रवाई के ही परिजन नवजात शिशु के शव को अंतिम संस्कार के लिए अपने साथ ले गए। मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है। दोनों पक्षों में फैसले की बात चल रही है। सीओ दीप कुमार पंत का कहना है कि यदि मामले में कोई तहरीर प्राप्त होती है तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## यूपी में 1748 ग्राम पंचायतों का टीबी मुक्त होने का दावा

प्रात : किरण संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की 57,647 ग्राम पंचायतों में से 1748 ग्राम पंचायतों ने क्षय रोग से मुक्त होने का दावा किया है। एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग दावों का सत्यापन करेगा और सही पाए जाने पर गांवों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। अंबेडकर नगर, बाराबंकी, कुशीनगर, उन्नाव, मथुरा और लखनऊ सहित राज्य के विभिन्न जिलों में, कई पंचायतें टीबी मुक्त स्थिति का दावा करने के लिए आगे बढ़ी हैं। राज्य क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के संयुक्त निदेशक शैलेन्द्र भटनागर ने कहा कि विभिन्न मापदंडों पर आधारित कड़ी सत्यापन प्रक्रिया के बाद ही योग्य पंचायतों को 20 फरवरी तक टीबी मुक्त प्रमाणन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि टीबी के प्रति जागरूकता और रोकथाम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों को पंचायत विकास योजनाओं में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा, समुदायों को टीबी के लक्षणों, रोकथाम के उपायों, गलत धारणाओं को दूर करने, उपचार के पालन, उपलब्ध जांच सुविधाओं और टीबी रोगियों के लिए सरकार की सहायता प्रणाली के बारे में पूरी जानकारी दी गई है।ह्व प्रवक्ता ने कहा कि खंड विकास अधिकारी सक्रिय रूप से पात्र ग्राम पंचायतों के लिए आवश्यक दस्तावेज ब्लॉक स्तर पर जिला क्षय रोग अधिकारी को जमा करके सत्यापन प्रक्रिया को सुविधाजनक बना रहे हैं।

## भदोही भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या की

प्रात : किरण संवाददाता

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला मोर्चा की जिला महामंत्री ने कथित तौर पर कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। नगर क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अजय कुमार चौहान ने बताया कि पुलिस को शनिवार की देर शाम पता चला कि शहर कोतवाली इलाके के कंसराय पुर निवासी मदन गौतम की पत्नी सविता गौतम (45) अपने घर के पास बनी एक झोपड़ी में अचेतावस्था में मिलीं। चौहान ने बताया कि महिला के परिजन पास के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद परिजन शव को घर लेकर आ गए। सीओ के अनुसार, इस सूचना पर पुलिस ने घर से शव को अपने कब्जे में ले लिया। उन्हों ने पूछताछ में मिली जानकारी के हवाले से बताया कि अक्सर पति-पत्नी के बीच विवाद होता रहता था। चौहान ने बताया कि सरिता अपनी बेटी को शनिवार देर शाम चिकित्सक को दिखाकर लौटीं थीं और काफी देर बाद उन्हें परिजन खोजते हुए कबाड़ रखने के लिए बनी झोपड़ी में गए तो उन्हें अचेतावस्था में पाया था। उन्होंने बताया कि मृतका की जैकेट से हाथ से लिखा एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें लिखा है, मैं अब जीना नहीं चाहती हूं और खुद यह कदम उठा रही हूं। इसके लिए कोई दोषी नहीं है और किसी को परेशान न किया जाए। सीओ ने बताया कि मौके पर देर रात फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जिसकी विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। पुलिस ने आत्मयहत्या से पहले लिखे गये पत्र की ह्यहैंडराइटिंग एक्सपर्टह्ण से जांच कराने को भी कहा है। सविता गौतम कई साल से भारतीय जनता पार्टी से जुड़ी थीं एवं छोटे-बड़े सभी कार्यक्रमों में काफी सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं। मौत की खबर मिलने के बाद अस्पताल और उनके घर पर देर रात नेताओं के पहुंचने का सिलसिला जारी था। भाजपा जिला इकाई के प्रवक्ता गोवर्धन राय ने दुःख प्रकट करते हुए बताया कि सविता गौतम भदोही भाजपा जिला महिला मोर्चा की महामंत्री थी और पार्टी में बहुत सक्रिय थीं।

## उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर की जेल में सजायाफ्ता कैदी की इलाज के दौरान मौत

प्रात : किरण संवाददाता

सुलतानपुर। सुलतानपुर के जिला कारागार में एक सजायाफ्ता कैदी की रविवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गयी। कारागार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कारागार अधीक्षक एके गौतम ने बताया कि अमेठी जिले के मुसाफिरखाना का निवासी तौफीक (77) हत्या के मामले में दोषी ठहराये जाने के बाद से सुलतानपुर के जिला कारागार में बंद था और लंबे समय से सांस की बीमारी से ग्रस्त था। उन्होंने बताया कि सुलतानपुर मेडिकल कॉलेज में रविवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। नगर कोतवाल श्रीराम पांडे ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## फरीदाबाद की साइबर पुलिस ने दो मामले सुलझाते हुए एक आरोपी को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

फरीदाबाद। फरीदाबाद साइबर पुलिस ने रविवार को दो मामले सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। रिमांड पर लिए गए आरोपी से 1,05,800 रुपए भी बरामद किए है। इसके अलावा 70 शिकायतों का निस्तारण करते हुए 1500 रुपए कराए रिफंड व साइबर ठगों द्वारा ठगी किए गए 90576 रुपए बैंक में सीज कराए। दो फरवरी से 8 फरवरी तक फरीदाबाद की साइबर पुलिस ने एक केस सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया और इस दौरान रिमांड पर लिए गए आरोपियों से 1,05,800 रुपए बरामद किए। एक केस साइबर सेंट्रल ने भी सुलझाया। इस सप्ताह में साइबर पुलिस ने 70 शिकायतों का निस्तारण करते हुए 1500 रिफंड कराए और 90,576 रुपए बैंकों में सीज करवाए। कस्टमर केयर फ्रॉड- गूगल सर्च इंजन जैसी वेबसाइटों पर साइबर अपराधी अपना प्राइवेट मोबाइल नंबर अपडेट कर कर रखते हैं। जब कोई व्यक्ति किसी कस्टमर केयर का नंबर खोजता हैं तो सबसे ऊपर आरोपियों द्वारा अपडेट किए गए नंबर दिखाई देते हैं। लोग इन नंबरों को ही कस्टमर केयर का नंबर समझकर इन पर कॉल कर बैठते हैं। इसके बाद आरोपी इन लोगों को झांसे में लेकर इनकी व्यक्तिगत जानकारियां प्राप्त कर लेते हैं या इसे कोई अनजान ऐप या लिंक पर क्लिक करवा देते हैं, जिससे कि साइबर अपराधी कुछ ही पलों में लोगों के खाते से उनके साथ जीवन की जमा पूंजी उड़ा लेते हैं। पुलिस अधिकारी बनकर साइबर फ्रॉड आजकल साइबर अपराधी पुलिस अधिकारी बनकर भी लोगों के साथ साइबर फ्रॉड कर रहे हैं। साइबर अपराधी लोगों के पास अनजान नंबर से फोन करते हैं और वह लोगों से कहते हैं कि आपके आधार कार्ड पर कोई गैरकानूनी सामान पार्सल हुआ है और इस पार्सल की जानकारी पुलिस को लग गई है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 12 फरवरी, 2024






## क्रैक में नजर आएगा अलग लेवल का एक्शन, हिन्दी फिल्मों में संभवतया पहली बार

विद्युत जामवाल की एक्शन पैक्ड फिल्म क्रैक का ट्रेलर शुक्रवार (9 फरवरी) को सामने आ गया। यह ट्रेलर सोशल मीडिया पर छाया हुआ है और फैंस इस पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। वे इसकी रिलीज का इंतजार करने लगे हैं। लोगों को विद्युत और अर्जुन रामपाल का एक्शन अवतार बहुत पसंद आ रहा है। इन दोनों के साथ एक्ट्रेस नोरा फतेही का भी शानदार और धमाकेदार एक्शन देखने को मिला। विद्युत कॉमेडी भी करते नजर आए। फिल्म में विलेन का रोल निभाने वाले अर्जुन की भी लोग तारीफ कर रहे हैं। इसमें एक्ट्रेस एमी जैक्सन भी हैं। 2 मिनट 21 सैकंड के ट्रेलर की शुरुआत डायलॉग ए भाई, सपने तो दोनों आंखों से देखते हैं न और तेरी दूसरी आंख कौन है.. मैं इच तो हूं। मैदान में जाएंगे, झंडा गाड़ेंगे और सबकी फाड़ेंगे से होती है। ट्रेलर उन लोगों के लिए एक रोमांचक झलक है जो रोमांच पसंद करते हैं, क्योंकि इसमें स्काइडाइविंग, रोलरब्लेडिंग जैसी कई चीजें हैं। नोरा का ग्लैमर लुक देखा जा सकता है। एमी एक मजबूत इरादों वाली पुलिस की भूमिका निभाती हैं, जो इन घातक खेलों को रोकना चाहती हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि फिल्म एक विजुअल ट्रीट है और स्टंट के साथ एक्शन प्रेमियों के दिमाग को रोमांचित करता है। फिल्म 23 फरवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। विद्युत ने ट्रेलर लॉन्च पर 'क्रैक' थीम पर आधारित एक गेम भी लॉन्च किया। विद्युत ने कहा कि क्रैक के साथ मेरा विजन भारतीय सिनेमा में सबसे बड़ी स्पोर्ट्स एक्शन थ्रिलर पेश करना था। मैं उस असाधारण टीम का आभारी हूं जिसने इस सपने को हकीकत में बदल दिया।

## पिता इरफान को याद कर इमोशन हुए बाबिल खान

फिल्म 'कला' फेम एक्टर बाबिल खान ने दिवंगत पिता इरफान खान की याद में इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। 9 फरवरी को, बाबिल खान ने अपने इंस्टाग्राम पर पिता के साथ एक तस्वीर शेयर की है। इस फोटो में इरफान खान और बाबिल खान एक नाव पर खड़े हैं। बाबिल ने फोटो के कैप्शन में लिखा– कोई भी उन्हें उस तरह नहीं जानता था जैसे मैंने जाना, किसी ने भी मुझे उस तरह नहीं जाना जैसे उन्होंने जाना। ये कहना आसान है, उन्हें याद करना आसान है। उन्हें खोने के बारे में इमोशनल होना और रोना आसान है। ये आसान है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि मुश्किल क्या है? उनकी आवाज में उस खुशी को याद करना, जब वो मुझे देखकर बहुत तेज से चिल्लाकर मुझे बुलाते थे 'बाबिलुउउउ!!!' वो हर बार ऐसा करते थे। बाबिल ने आगे लिखा– याद रखें, जब वो शूटिंग से दूर होंगे तो बंजर समय के लिए उन्हें खोना कितना दर्दनाक होगा। ये याद रखना मुश्किल है कि जब वो अपनी स्क्रिप्ट पढ़ते थे तो उनकी दाढ़ी मेरी उंगलियों पर कैसे महसूस होती थी। जब मैं उनके गाल खींचता था या जब वो झपकी लेते थे तो मेरी उंगलियां उनकी पलकों पर धीरे से कैसे टिकती थी। उनकी आवाज बहुत गहरी थी,लेकिन उनकी अवाज मेरे लिए किसी प्रार्थना से कम नहीं थी। एक ऐसी प्रार्थना जो आपकी घबराहट को शांत कर दे। बाबिल ने लिखा– काश मैं आपके साथ एक आखिरी बार डांस कर पाता। आपको बता दूं, कि आपके सबक के बिना, मैं कभी भी जिंदा नहीं रह पाता। मैं आपको ढूंढूंगा, आपको फिर से ढूंढूंगा कहीं।





# हमराज के सीक्वल पर बोलीं अमीषा पटेल

**गदर-2 की सफलता को देखने के बाद कई फिल्ममेकर्स ने पुरानी हिट फिल्मों के रीमेक पर काम करना शुरू कर दिया है। अब सुनने में आया है कि सुपरहिट डायरेक्टर जोड़ी अब्बास-मस्तान 2002 में रिलीज हुई अपनी हिट फिल्म 'हमराज' के सीक्वल पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म में बॉबी देओल, अमीषा पटेल और अक्षय खन्ना अहम रोल में नजर आए थे। अब एक इंटरव्यू में अमीषा ने इसके सेकेंड पार्ट पर बात की है।**

### 'स्क्रिप्ट लॉक हुई या नहीं, यह नहीं पता'

अमीषा ने एक इंटरव्यू में कहा कि फिल्ममेकर्स इसके सेकेंड पार्ट की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। हालांकि, उन्हें अभी यह नहीं पता कि यह स्क्रिप्ट लॉक हो चुकी है या नहीं। अमीषा ने यह भी कहा कि उन्हें खुद इस बारे में तब पता चला जब मीडिया रिपोर्ट्स में इस बारे में बात की गई। अमीषा ने आगे कहा, 'मेरे ख्याल से इसके बाकी डिसीजन प्रोड्यूसर रतन जैन पर छोड़ देने चाहिए। वो इसके बारे में तब बात करेंगे जब उन्हें लगेगा कि सही वक्त है।'

### 2 साल में करीब 100 आइडियाज पर हुआ काम


वहीं फिल्म से जुड़े सूत्रों की मानें, 'अब्बास–मस्तान ने 2002 में रिलीज हुई अपनी इस थ्रिलर फिल्म के सीक्वल की स्टोरी क्रैक कर ली है। बीते दो साल में दोनों ने करीबन 100 आइडिया पर डिस्कशन किया है। आखिरकार पिछले महीने दोनों ने एक ऐसे आइडिया को क्रैक किया जो उनके लिए ओरिजिनल फिल्म से भी बेहतर है।
वहीं सुनने में यह भी आया है कि मेकर्स इस फिल्म के सेकेंड पार्ट में भी फिर से बॉबी–अक्षय और अमीषा को ही कास्ट करना चाहते हैं। वर्क फ्रंट पर अमीषा की पिछली फिल्म 'गदर–2' थी जिसने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 691 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था।

## 5 जुलाई को प्रदर्शित होगी करण जौहर की फिल्म किल

फिल्म निर्माता करण जौहर की आगामी प्रोडक्शन, किल आखिरकार 5 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। निखिल नागेश भट द्वारा निर्देशित फिल्म का प्रीमियर प्रतिष्ठित 48वें टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2023 में हुआ, जहां इसे सकारात्मक समीक्षा मिली। 9 फरवरी को निर्माताओं ने इसकी घोषणा करने के लिए सोशल मीडिया पर एक पोस्टर साझा किया। करण जौहर ने हाल ही में रॉकी और रानी की प्रेम कहानी से बतौर निर्देशक वापसी की है। वह अपने अगले प्रोडक्शन किल के साथ वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह फिल्म एक बेहतरीन एक्शन थ्रिलर है, जिसमें नवागंतुक लक्ष्य के साथ–साथ राघव जुयाल और तान्या मानिकतला भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। किल भारत में 5 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। धर्मा प्रोडक्शंस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया, सभी जीवन भर की ट्रेन यात्रा के लिए तैयार हैं। कई मार्शल आर्ट और भयानक एक्शन दृश्यों से भरपूर, यह फिल्म दो स्टार–पार प्रेमियों – तूलिका (तान्या मानिकतला) और अमृत (लक्ष्य) के बारे में है – जो अपने रोमांस को खतरे में पाते हैं जब तूलिका के परिवार ने उन्हें नई दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस में बैठा दिया। अमृत और उसका साथी कमांडो दोस्त वीरेश फिर एक रोमांटिक बचाव मिशन पर निकलते हैं, जो तब गड़बड़ा जाता है जब ट्रेन पर अचानक डाकुओं के एक गिरोह का हमला हो जाता है। किल को करण जौहर के साथ–साथ धर्मा प्रोडक्शंस के सीईओ अपूर्व मेहता और सिख्या एंटरटेनमेंट के ऑस्कर विजेता निर्माता गुनीत मोंगा ने निर्मित किया है।




## पर्दे पर वाणी और अपारशक्ति परेश रावल के साथ मचाएंगे धमाल



जुग जुग जियो, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी और सत्यप्रेम की कथा की सफलता के बाद बॉलीवुड में एक फिर से फैमिली ड्रामा फिल्मों का दौर लौटता दिख रहा है। अगले कुछ महीनों में एक के बाद कई फैमली ड्रामा फिल्में लाइन–अप हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब इस लिस्ट में एक और फिल्म का नाम जुड़ गया है, जिसे नवजोत गुलाटी निर्देशित कर रहे हैं। इस फिल्म में वाणी कपूर, अपारशक्ति खुराना और परेश रावल मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।
रिपोर्ट्स की माने तो इस फिल्म का निर्माण निकी विक्की भगनानी फिल्म्स द्वारा किया जाएगा। इस प्रोडक्शन हाउस की स्थापना विक्की भगनानी ने निकी भगनानी और अंकुर तकरानी के साथ मिलकर किया है। चर्चा है कि नवजोत गुलाटी की इस फिल्म की कहानी आधुनिक समय में खराब होते रिश्तों की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी, जिसमें वाणी कपूर, परेश रावल और अपारशक्ति खुराना की तिकड़ी नजर आएगी। हालांकि, अभी तक इस फिल्म का नाम नहीं तय किया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, जल्द ही लंदन में इस फिल्म का शूटिंग शुरू होगी। फिल्में वाणी और अपारशक्ति भाई–बहन की भूमिका में नजर आएंगे। वहीं, परेश रावल फिल्म की मुख्य कड़ी होंगे। फिल्म की कहानी को नवजोत गुलाटी ने ही लिखा है। इस फिल्म से पहले नवजोत की एक और फिल्म पूजा मेरी जान बड़े पर्दे पर आएगी। फिल्म में मृणाल ठाकुर और हुमा कुरैशी ने मुख्य किरदार निभाया है। वहीं, फिल्म का निर्माण दिनेश विजान की प्रोडक्शन हाउस ने किया है। इसके अलावा नवजोत गुलाटी टीवीएफ प्रोडक्शन हाउस के लिए भी एक फैमली ड्रामा फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। हालांकि, इस फिल्मों से जुड़ी अधिक जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। वहीं, अगर वाणी कपूर की आगामी फिल्म की बात करें तो अभिनेत्री जल्द ही राजकुमार गुप्ता की फिल्म रेड 2 में नजर आएंगी। फिल्म में वे अजय देवगन के साथ मुख्य भूमिका में हैं। फिलहाल रेड 2 की शूटिंग जारी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फिल्म 15 नवंबर, 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। गौरतलब है कि रेड 2 साल 2018 में आई हिट फिल्म रेड का सीक्वल है।





# यामी की प्रेग्नेंसी पर कंगना की प्रतिक्रिया! आदित्य की तारीफ करते हुए कहा- मेरी पसंदीदा जोड़ी

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की आगामी फिल्म आर्टिकल 370 का हाल ही में ट्रेलर लॉन्च किया गया है। ये फिल्म 23 फरवरी को दस्तक देगी। ट्रेलर लॉन्च के दौरान यामी अपने बेबी बंप के साथ पहुंची। इस मौके पर एक्ट्रेस के पति आदित्य धर ने खुशखबरी साझा की। उन्होंने यामी गौतम की प्रेग्नेंसी की पुष्टि की और बताया कि जल्द ही उनके घर नन्हा मेहमान आने वाला है। यामी और आदित्य के बच्चे की खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए कंगना रणौत ने आदित्य की प्रशंसा करते हुए एक ट्वीट साझा कर किया है। कंगना रणौत ने पोस्ट साझा कर लिखा, मिस्टर धर में बहुत ईमानदारी और प्रतिभा है। इसके अलावा यामी गौतम भी बहुत अद्भुत हैं। निस्संदेह यो मेरी पसंदीदा बॉलीवुड जोड़ी है। आर्टिकल 370 का ट्रेलर अद्भुत लग रहा है। उन्हें शुभकामनाएं, साथ ही गर्भावस्था के लिए भी बधाई। उनके लिए बहुत खुश हूं। यामी गौतम और उरी के निर्देशक आदित्य धर जून 2021 में शादी के बंधन में बंधे थे। उनकी फिल्म आर्टिकल 370 का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है, जो 23 फरवरी को रिलीज हो रही है। गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है, जब कंगना ने यामी के बारे में कुछ बोला है। कंगना रणौत ने पिछले साल अप्रैल में यामी और उनकी फिल्म चोर निकल के भागा की सराहना की थी। उन्होंने कहा था कि यामी लगातार चुपचाप सबसे सफल फिल्में दे रही हैं। अपनी फिल्म के नेटफ्लिक्स पर विश्व स्तर पर सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय फिल्म बनने के बारे में यामी ने एक पोस्ट साझा किया था. उनके पोस्ट पर कंगना ने लिखा था, यामी गौतम इतना अच्छा कर रही हैं, लगातार और चुपचाप सबसे सफल फिल्में दे रही हैं। बहुत प्रेरणादायक। बधाई हो। यामी गौतम की आगामी फिल्म आर्टिकल 370 का ट्रेलर जारी कर दिया गया है, जिसे दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म का ट्रेलर एक इवेंट में रिलीज किया गया था। इस दौरान यामी गौतम पति आदित्य धर के साथ पहुंचीं। ट्रेलर लॉन्च के साथ–साथ कपल ने फैंस के साथ एक खुशखबरी साझा की। उनके घर जल्द ही किलकारी गूंजने वाली है। यामी और आदित्य की शादी 2021 में हुई। कपल जल्द ही अपने पहले बच्चे का स्वागत करने की तैयारी में हैं।

# सबसे बड़ी स्पोर्ट्स एक्शन थ्रिलर बनाना चाहते थे विद्युत जामवाल क्रैक के साथ पूरा किया सपना

**बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल और अर्जुन रामपाल इन दिनों अपनी आने वाली नई फिल्म क्रैक- जीतेगा तो जिएगा को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। आखिरकार इस फिल्म का दमदार ट्रेलर जारी कर दिया गया है। विद्युत इस फिल्म में अभिनय के साथ-साथ इसका निर्माण भी कर रहे हैं। वहीं अब फिल्म के बारे में बात करते हुए अभिनेता विद्युत जामवाल का कहना है कि स्टंट से भरपूर फिल्म के साथ उनका उद्देश्य भारत की सबसे बड़ी स्पोर्ट्स एक्शन थ्रिलर बनाना था।**

### टीम का जताया आभार

अर्जुन रामपाल, नोरा फतेही और एमी जैक्सन अभिनीत यह फिल्म मुंबई की मलिन बस्तियों से भूमिगत खेलों पर आधारित है, जिसकी पहचान दुनिया से होगी। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के दौरान विद्युत ने कहा कि हमारी फिल्म का उद्देश्य दर्शकों को मंत्रमुग्ध करना है, जिससे वे उत्सुकता से और अधिक की उम्मीद कर सकें। क्रैक के साथ मेरी सोच भारतीय सिनेमा में सबसे बड़ी स्पोर्ट्स एक्शन थ्रिलर पेश करने की थी। मुझे एक असाधारण टीम मिली, जिसका मैं आभारी हूं और उनकी मदद से मैं ऐसी फिल्म बना पाया। टीम ने मेरे सपने को हकीकत में बदल दिया।

### बड़े बजट की फिल्म में किया काम

विद्युत ने कहा कि उनके प्रशंसक अक्सर उनसे बड़े बजट की फिल्म में काम करने के लिए कहते थे और वे क्रैक के साथ ऐसा ही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सब ठीक हो गया और सही लगा। अब वे फिल्म की रिलीज के लिए बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि यह सबसे बड़ी एक्शन स्पोर्ट्स थ्रिलर फिल्म है, जिसके लिए सभी ने कड़ी मेहनत की है।

### इस दिन रिलीज होगी फिल्म

वहीं, क्रेक के कलाकारों की बात करें तो फिल्म में विद्युत और नोरा के अलावा अर्जुन रामपाल और एमी जैक्सन जैसे कलाकार महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। फिल्म में अभिनय के अलावा विद्युत जामवाल ने अब्बास सैय्यद के साथ मिलकर इस फिल्म का निर्माण भी किया है। क्रैक–जीतेगा तो जिएगा एक स्पोर्ट्स फिल्म है, जो आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित है। यह दो भाइयों पर आधारित फिल्म है। इससे पहले आदित्य आशिक बनाया आपने और टेबल नंबर 21 जैसी फिल्में निर्देशित कर चुके हैं। क्रैक 23 फरवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।






## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड स्तर पर; ऊर्जा मंत्री ने अक्षय ऊर्जा को लेकर किया बड़ा दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार इस हफ्ते बढ़कर 622.469 अरब डॉलर हो गया है, जो बीते एक महीने का उच्चतम स्तर है। 2 फरवरी को खत्म हुए पिछले हफ्ते के मुकाबले ये 5.736 अरब डॉलर बढ़ा है। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक डाटा के अनुसार, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ा हिस्सा विदेशी मुद्रा संपत्ति का रहा।

## केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े 1.4 लाख मोबाइल नंबरों को किया ब्लॉक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने डिजिटल धोखाधड़ी को नियंत्रित करने के लिए अब तक 1.4 लाख मोबाइल नंबरों को ब्लॉक किया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार ये मोबाइल नंबर वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल थे।

### संक्षिप्त समाचार

## 110 से टूटकर 4 पर आया रिलायंस होम फाइनेंस का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्ज के जाल में फंसे अनिल अंबानी की कई कंपनियां दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही हैं। इनमें से एक रिलायंस कैपिटल की कंपनी रिलायंस होम फाइनेंस भी है। इस कंपनी को लेकर एक नई खबर आई है। दरअसल, रिलायंस होम फाइनेंस ने अपना रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट राष्ट्रीय आवास बैंक को सौंप दिया है। बता दें कि राष्ट्रीय आवास बैंक, केंद्रीय रिजर्व बैंक के अधीन काम करता है। वहीं, लाइसेंस सरेंडर करने का मतलब है कि कंपनी अपने हाउसिंग फाइनेंस के कारोबार से बाहर हो रही है। नवंबर 2021 में रिजर्व बैंक ने भुगतान चूक और गंभीर शासन संबंधी मुद्दों को देखते हुए रिलायंस कैपिटल के बोर्ड को भंग कर दिया था और दिवाला और दिवालियापन संहिता के तहत दिवालियापन की कार्यवाही शुरू की थी। रिलायंस कैपिटल के रिजॉल्यूशन प्लान को अभी नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल की मंजूरी मिलनी बाकी है। रिलायंस होम फाइनेंस के शेयर की कीमत 4.08 रुपये है और यह इन दिनों बिकवाली मोड में है। हालांकि, इसी साल जनवरी महीने में शेयर 6.22 रुपये तक गया था। यह शेयर का 52 वीक हाई है। एक महीने की अवधि में शेयर 35 फीसदी टूटा है तो तीन महीने की अवधि में 100 फीसदी का पॉजिटिव रिटर्न दे चुका है। हालांकि, करीब 7 साल पहले शेयर की कीमत 110 रुपये तक गई थी। इस लिहाज से देखें तो शेयर 99 फीसदी से ज्यादा टूट चुका है। रिलायंस होम फाइनेंस के शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो सितंबर तिमाही तक 0.74 फीसदी पर प्रमोटर की दावेदारी है। पब्लिक शेयरहोल्डिंग की बात करें तो 99.26 फीसदी है। एक तिमाही पहले यानी जून के दौरान प्रमोटर की हिस्सेदारी 43.61 फीसदी जबकि पब्लिक शेयरहोल्डिंग 56.39 फीसदी थी। वर्तमान में अनिल अंबानी के पास रिलायंस होम फाइनेंस के 2,73,891 शेयर हैं। वहीं, पत्नी टीना अंबानी के पास 2,63,474 शेयर हैं। अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अंबानी के पास 28,487 शेयर हैं।

## जेफ बेजोस ने अमेजन के 1 करोड़ से अधिक शेयर बेचे, इस साल संपत्ति में हुआ 22.6 बिलियन का इजाफा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर काबिज अमेजन के को-फाउंडर जेफ बेजोस ने अरबों डॉलर के शेयर बेच दिए हैं। उन्होंने यह बिक्री पिछले हफ्ते बुधवार या गुरुवार को की। स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी के अनुसार कंपनी ने 2 बिलियन डॉलर के शेयर बेचे हैं। बता दें, 2021 के बाद पहली बार जेफ बेजोस ने अमेजन के शेयरों की बिक्री की है। अमेजन ने 2 फरवरी को जानकारी देते हुए बताया था कि अगले 12 महीने के दौरान जेफ बेजोस 50 मिलियन शेयर बेचेंगे। जिसके बाद अब यह पहली बिक्री की खबर भी सामने आ गई। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के अनुसार इस साल शुक्रवार तक जेफ बेजोस की नेट वर्थ में 22.6 बिलियन डॉलर का इजाफा हुआ है। जिसकी बाद उनकी कुल संपत्ति 199.50 बिलियन डॉलर हो गई है। बता दें, जेफ बेजोस ने 168 डॉलर से 171 डॉलर प्रति शेयर के हिसाब से 12 मिलियन शेयर (1.2 करोड़) बेचे हैं। जेफ बेजोस अगली बिक्री जुलाई में कल सकते हैं। बता दें, अमेजन की स्थापना उन्होंने 30 साल पहले की थी। ऐसा नहीं है कि पहली बार जेफ बेजोस ने शेयरों की बिक्री की है। 2002 से अबतक उन्होंने 30 बिलियन डॉलर के शेयर बेचे हैं। साल 2020 और 2021 में जेफ बेजोस के द्वारा 20 बिलियन डॉलर के शेयरों की बिक्री हुई है।

# खुलने से पहले आईपीओ ने जुटाए 25 करोड़ रुपये, ग्रे मार्केट में कंपनी का दबदबा

**नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीओ पर दांव लगाने वाले निवेशकों के लिए यह हफ्ता काफी व्यस्त रहने वाला है। डब्ल्यूटीआई कैब्स आईपीओ कल यानी 12 फरवरी को ओपन हो रहा है। कंपनी ग्रे मार्केट में शानदार प्रदर्शन कर रही है। जिसकी वजह से निवेशकों का ध्यान इस आईपीओ की ओर बढ़ा है। बता दें, कंपनी ने एंकर निवेशकों के जरिए 25.24 करोड़ रुपये जुटाए हैं। एंकर निवेशकों के लिए आईपीओ 9 फरवरी को ओपन हुआ था। तब कंपनी ने 1, 785,000 शेयरों को जारी करके 25.25 करोड़ रुपये जुटाए थे। एंकर निवेशकों को जारी किए 50 प्रतिशत शेयरों का लॉक इन पीरियड 30 दिनों का है। बाकि बचे 50 प्रतिशत हिस्से का 90 दिन है।**




### क्या है प्राइस बैंड

डब्ल्यूटीआई कैब्स आईपीओ का प्राइस बैंड 140 रुपये से 147 रुपये प्रति शेयर तय हुआ है। कंपनी ने 1000 शेयरों का एक लॉट बनाया है। जिस वजह से रिटेल निवेशकों को कम से कम 1,47,000 रुपये का दांव लगाना पड़ेगा। कोई भी रिटेल निवेशक एक बार में अधिकतम 1 लॉट पर ही दांव लगा सकता है। बता दें, यह आईपीओ 14 फरवरी तक खुला रहेगा। कंपनी की तरफ से शेयरों का अलॉटमेंट 15 फरवरी को किया जाएगा। शेयर बाजार में कंपनी की लिस्टिंग 19 फरवरी 2024 को होगी। कंपनी की एनएसई एसएमई में लिस्टिंग है।

### ग्रे मार्केट में कंपनी का दबदबा

इन्वेस्टर गेन की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में शानदार प्रदर्शन कर रही है। आईपीओ आज 135 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है। अगर यही स्थिति कंपनी की लिस्टिंग तक रही तो आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही 91 प्रतिशत से अधिक का मुनाफा करवा सकता है।

# माइक्रोसॉफ्ट 3.12 ट्रिलियन डॉलर मार्केट कैप के साथ सबसे मूल्यवान कंपनी बनी




**न्यूयॉर्क एजेंसी।** माइक्रोसॉफ्ट ने सप्ताह का अंत 3.12 ट्रिलियन डॉलर के बाजार पूंजीकरण के साथ किया, जो अब तक किसी भी कंपनी के लिए सबसे अधिक है। कंपनी का मार्केट मूल्य एप्पल द्वारा निर्धारित पिछले रिकॉर्ड में सबसे ऊपर है, जो जुलाई में 3.09 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया था। एप्पल शुक्रवार को 2.91 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ समाप्त हुआ।

बैरन की रिपोर्ट के अनुसार, माइक्रोसॉफ्ट 3.1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक मार्केट कैप (बाजार पूंजीकरण) के साथ बंद होने वाली पहली अमेरिकी कंपनी भी है। माइक्रोसॉफ्ट का स्टॉक सप्ताह के अंत में 420.55 डॉलर पर बंद हुआ। पिछले 12 महीनों में, इसके शेयरों में 60 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जिसका मुख्य कारण इसके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सॉफ्टवेयर को लेकर उत्साह है। कंपनी ने पिछले महीने वॉल स्ट्रीट के पूर्वानुमानों से पहले तिमाही राजस्व और लाभ की सूचना दी, और प्रबंधन ने कंपनी के एआई लाभ पर ध्यान दिया। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला ने उस समय एक बयान में कहा था, हम एआई के बारे में बात करने से लेकर एआई को बड़े पैमाने पर लागू करने की ओर बढ़ गए हैं।

# बढ़ सकती है मारुति की कॉस्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लाल सागर संकट के कारण अब भारतीय कंपनियां भी प्रभावित होने लगी है। इस संकट से जहाजों के मार्ग में बदलाव के कारण देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया की लागत में कुछ बढ़ोतरी हो सकती है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही है। वाहन क्षेत्र की इस प्रमुख कंपनी ने पिछले कैलेंडर साल में लगभग 2.7 लाख कारों का निर्यात किया था। हालांकि, कंपनी ने कहा है कि उसे नहीं लगता कि इस मुद्दे का उसके निर्यात पर कुछ विशेष प्रभाव पड़ेगा। लाल सागर जलडमरूमध्य वैश्विक कंटेनर यातायात के 30 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के 12 प्रतिशत के लिए महत्वपूर्ण है। यूरोप के साथ भारत का लगभग 80 प्रतिशत वस्तुओं का व्यापार इसी मार्ग से होता है। लेकिन पिछले कुछ समय से ईरान समर्थित यमन के हूती विद्रोहियों ने वहां आतंक मचा रखा है। इस कारण वहां से जहाजों के आवागमन पर प्रभाव पड़ा है।

एमएसआई के कार्यकारी अधिकारी (कॉरपोरेट मामले) राहुल भारती ने कहा, 'लाल सागर मुद्दे के कारण हमें कुछ लॉजिस्टिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। जोखिम और वाहनों के मार्ग में बदलाव की वजह से लागत में कुछ बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन यह उल्लेखनीय नहीं होगी।' उन्होंने कहा कि माल निर्यात के समय में कुछ बदलाव हो सकता है। इससे जहाजों के आने और निर्यात के लिए वाहनों के उठाव में कुछ अनिश्चितता देखने को मिल सकती है। भारती ने कहा कि यह एक छोटा मुद्दा है, लेकिन निर्यात कारोबार में एक सामान्य बात है। भारती ने कहा कि मारुति सुजुकी ने इस दशक के अंत तक कम से कम 7.5 लाख वाहनों के निर्यात करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका एक अच्छा बाजार बनता जा रहा है और कई कारणों से पश्चिम एशिया क्षेत्र ने हाल काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। भारती ने कहा कि सरकार कुछ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर कर रही है, जिसमें कंपनी को शुल्क में कुछ राहत मिल सकती है। उन्होंने कहा कि मारुति इस साल बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों (बीईवी) का उत्पादन शुरू करने की तैयारी कर रही है। इस तरह का पहला मॉडल एक मध्यम आकार की एसयूवी होगी।

# आरबीआई के लिए बैंक इम्पोर्टेंट हैं, फिनटेक नहीं, अशनीर ग्रोवर ने फिर साधा निशाना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** फिनटेक फर्म भारतपे के को-फाउंडर अशनीर ग्रोवर ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) के खिलाफ की गई कार्रवाई के लिए एक बार फिर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की आलोचना की है। एक इंटरव्यू में अशनीर ग्रोवर ने कहा कि इस कार्रवाई के जरिए यह मैसेज दिया जा रहा है कि बैंक इम्पोर्टेंट हैं लेकिन फिनटेक नहीं। उन्होंने कहा कि भारत में स्ट्रक्चरल रूप से हम बड़े स्टार्टअप के लिए तैयार नहीं हैं। पिछले 10 से 12 वर्षों में भारत में स्टार्टअप व्यवस्थित रूप से उभरे हैं।

### GDP बढ़ाने में अहम भूमिका

अशनीर ने कहा कि हमारे पास 111 यूनिकॉर्न हैं लेकिन उनमें से किसी को भी अर्थव्यवस्था के लिए व्यवस्थित रूप से महत्वपूर्ण नहीं माना जाता है लेकिन इन स्टार्टअप्स ने 6-7.5 प्रतिशत जीडीपी विकास दर को आगे बढ़ाया है। इसका हम जश्न मनाते हैं। हम इसके जरिए भारत में एफडीआई लाए हैं और अधिकतम संख्या में नौकरियां पैदा की हैं।

### फिनटेक की जनक है पेटीएम

अशनीर ग्रोवर ने भारत के फिनटेक आउटलुक में पेटीएम की अग्रणी भूमिका को स्वीकार करते हुए कहा कि कंपनी भारतपे सहित अलग-अलग फिनटेक वेंचर के लिए बेस है। अशनीर ने कहा कि हम भारतपे के संस्थापक हैं, कंपनी का अस्तित्व पेटीएम के कारण है। पेटीएम भारत में सभी फिनटेक का जनक है। यदि इसका अस्तित्व नहीं होता तो भारतपे का अस्तित्व भी नहीं होता। पेटीएम ने भारत में कैश फ्लो में मदद करने के लिए एक क्यूआर कोड को स्कैन करने के व्यवहार को सहज बनाया। आरबीआई के रुख की आलोचना करते हुए ग्रोवर ने तर्क दिया कि सजा गंभीर है। उन्होंने इस फैसले के लिए युवाओं में विश्वास की कमी को जिम्मेदार ठहराया। अशनीर ग्रोवर ने कहा- केंद्रीय रिजर्व बैंक में निर्णय लेने वाले जिम्मेदार व्यक्ति आमतौर पर लगभग 60 वर्ष के होते हैं। उनके पास बैंकों की सिस्टम का प्रबंधन करने का अनुभव होता है लेकिन 40 वर्षीय व्यक्ति के प्रति संदेह होता है।

# लहसुन की कीमतों में भारी उछाल, 500 रुपए प्रति किलो पहुंची कीमत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देशभर में लहसुन की कीमत में भारी उछाल देखने को मिल रहा है। कुछ दिन पहले तक दिल्ली में 100 से 150 रुपए किलो तक बिकने वाला लहसुन आज 450 से 500 रुपए किलो में बिक रहा है। इससे आम आदमी के घर का बजट भी बिगड़ चुका है। साथ ही किसान भी अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं।

### किसानों से काफी सस्ती कीमत पर व्यापारियों ने खरीदा लहसुन

किसानों का कहना है कि उन्होंने 40 से 50 रुपए की दर से व्यापारियों को लहसुन बेची थी लेकिन कैसे लहसुन की कीमतें बेकाबू हो रही हैं, उन्हें भी समझ में नहीं आ रहा है। अगर 50 रुपए के हिसाब से भी अंदाजा लगाया जाए तो ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट को जोड़ कर इसकी लागत 80 रुपए के आसपास बैठती है, जिसे मुनाफा जोड़ कर 125 से 150 रुपए किलो तक में बिकना चाहिए लेकिन लहसुन की वास्तविक कीमत तिगुनी होकर साढ़े चार सौ से 500 रुपए किलो तक हो गई है। किसानों के मुताबिक, लहसुन की पैदावार इतनी है कि पिछले 3 साल से 5 से 10 रुपए किलो के हिसाब से वे व्यापारियों को लहसुन दे रहे हैं, या फिर पशुओं को खिलाना पड़ता है और अगले महीने नई फसल भी आ जाएगी। बावजूद इसके लहसुन की कीमत बेलगाम है और इसका कारण कहीं न कहीं किल्लत को दर्शा कर मुनाफाखोरी करना है। दिल्ली के दो सबसे बड़े मंडी आजादपुर और ओखला के लहसुन व्यापारियों का कहना है कि मांग के अनुसार लहसुन की आपूर्ति नहीं हो पा रही है, यही वजह है कि अभी लहसुन की बढ़ती कीमतों से न केवल खुदरा खरीदार बल्कि इसके थोक व्यापारी भी परेशान हैं। उन्हें उम्मीद है कि अगले महीने लहसुन की नई फसल आने के बाद इसमें कमी आएगी।

### खुदरा में लहसुन की कीमत

'बात करें दिल्ली की मंडियों में बिक रहे लहसुन' की कीमत की तो अलग-अलग जगहों पर क्वालिटी के अनुसार विभिन्न कीमतों पर बिक रही है, जो अधिकतम साढ़े चार सौ से 500 रुपए किलो तक है। केशोपुर मंडी के लहसुन व्यापारी गिरानी ने बताया कि केशोपुर में लहसुन 400 रुपए किलो बिक रही है ।, जो

# ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर फैशन नैक्स्ट: फैशन, स्टाईल और ग्लैमर का भविष्य

## ब्रांड के नए प्लेटफॉर्म के रूप में ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर फैशन नैक्स्ट युवा भारतीयों के फैशन को बदल देगा


**रतलाम।** ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर ने फैशन नैक्स्ट पेश किया है। यह एक अग्रणी फैशन प्लेटफॉर्म है, जो फैशन के बिल्कुल नए अनुभव प्रदान करेगा। गुरुग्राम और हैदराबाद के साथ नए शहरों, भुवनेश्वर और पुणे में शुरू हो रहा, फैशन नैक्स्ट फैशन और स्टाईल का नया चेहरा पेश करने वाला है।

ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर अपने प्रतिष्ठित ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर फैशन टूर के साथ भारत में 16 सालों से स्टाईल के मामले में सबसे आगे रहा है। यह सबसे लोकप्रिय डिज़ाईनर्स और ग्लैमरस सेलिब्रिटीज़ के साथ रैंप पर फैशन लेकर आता रहा है। क्योरेटर-इन-चीफ के रूप में प्रसिद्ध डिज़ाईनर आशीष सोनी और फैशन डिज़ाईन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के साथ अपनी निरंतर साझेदारी के साथ यह ब्रांड अब ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर फैशन नैक्स्ट के साथ फैशन, स्टाईल और ग्लैमर की पुनर्कल्पना कर रहा है।

अपने इस नए अवतार में फैशन नैक्स्ट ग्लोबल फैशन और लाईफस्टाईल ट्रेंड्स के प्रभाव पेश करेगा, जो विकसित होते फैशन के शिखर पर स्थित तीन अद्वितीय थीम्स के साथ संकलित किए गए हैं। ये थीम्स हैंः वांडरलक्स, जो होलिडे वियर में लक्ज़री फैशन का प्रभाव प्रदर्शित करती है; ग्लॉस एंड ग्लैम, जो हाई फैशन में ग्लैमर की आधुनिक अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करती है; और इंटरग्लैमेटिक, जो फ्यूचरिज़्म से प्रेरित फैशन का प्रतिनिधित्व करती है।

फैशन नैक्स्ट 2024 का मंच की सितारों की शाम से जगमगाएगा, जो गुरुग्राम में रिमजिम दादू और हैदराबाद में जेजे वाल्या द्वारा क्योरेट की जाएगी। वो फैशन नैक्स्ट 2024 की विशिष्ट थीम्स में अपने अद्वितीय कलेक्शंस का अनावरण करेंगे और स्टाईल ट्रेंड्स के विकास की झलक प्रस्तुत करेंगे। इस शाम को एक इनोवेटिव सेगमेंट, 'फैशन नैक्स्ट स्पॉटलाईट, पॉवर्ड बाय एफडीसीआई का एक्सक्लुसिव प्रिव्यू भी पेश किया जाएगा। इसमें 9 प्रतिष्ठित डिज़ाईनर्स के डिज़ाईंस और लोकप्रिय फैशन इन्फ्लुएंसर्स के स्टाईल्स के साथ विकसित होते हुए ट्रेंड्स का आकर्षक शो होगा, जो 2024 की विभिन्न थीम्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह सफर ब्लेंडर्स प्राईड फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल के साथ आगे बढ़ेगा, जो एक ऑन-ग्राउंड फेस्टिवल है और फैशन एवं स्टाईल से प्रेरित विश्व का द्वार खोलेगा।

# 3 एनबीएफसी के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट रद्द, 9 ने सरेंडर किए लाइसेंस




**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया इन दिनों सख्त कार्रवाई के मूड में है। पहले पेटीएम पेमेंट्स बैंक का लाइसेंस कैंसिल किया गया और फिर महाराष्ट्र के एक कोऑपरेटिव बैंक के कामकाज करने पर रोक लगा दी गई। अब शनिवार को आरबीआई ने तीन एनबीएफसी के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट रद्द कर दिए हैं। आरबीआई की सख्ती की मार भारथु इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस इंडिया, कॉक्स एंड किंग्स फाइनेंशियल सर्विस और पीएसपीआर एंटरप्राइजेज पर पड़ी है। इसके साथ ही 9 एनबीएफसी और हाउसिंग कंपनी ने अपने लाइसेंस सरेंडर कर दिए हैं।

### इन एनबीएफसी और हाउसिंग कंपनी ने लाइसेंस किया सरेंडर

रिजर्व बैंक ने जानकारी दी है कि 9 एनबीएफसी और एक हाउसिंग फाइनेंस कंपनी ने अपने लाइसेंस सरेंडर कर दिए हैं। इनमें रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड भी शामिल है। कंपनी ने हाउसिंग फाइनेंस इंस्टीट्यूशन बिजनेस से बाहर निकलने के बाद लाइसेंस वापस करने का फैसला लिया है। लाइसेंस सरेंडर करने वाली 9 एनबीएफसी में स्माइल माइक्रोफाइनेंस, जेएफसी इम्पेक्स, कावेरी ट्रेडफिन और गिन्नी ट्रेडफिन कारोबार से बाहर हो गए हैं। इसके अलावा जेजी ट्रेडिंग एंड इनवेस्टमेंट, एसके फिनसर्व, माइक्रोफर्म कैपिटल, बोहरा एंड कंपनी और महिको ग्रो फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड ने अपने लाइसेंस सरेंडर कर दिए। इन सभी कंपनियों ने अलग-अलग कारण बताए हैं।

### एनबीएफसी की संख्या 200 से कम होकर 26 हुई

आरबीआई के मुताबिक, इन एनबीएफसी में नियमों का उचित पालन नहीं हो रहा था। यह बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। केंद्रीय बैंक ने कहा कि एनबीएफसी कुछ खास इकोनॉमिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए बनाई जाती हैं। इनके द्वारा बैंक जैसा बनने की मांग करना अस्वाभाविक है। आरबीआई अधिक संख्या में एनबीएफसी को जमा स्वीकार करने की अनुमति देने के पक्ष में नहीं है। यही वजह है कि एक भी नया लाइसेंस नहीं दिया गया है। साथ ही जमा स्वीकार करने वाली एनबीएफसी की संख्या 200 से कम होकर अब केवल 26 रह गई है।

### फाइनेंशियल सेक्टर में आ रहे रेगुलेटरी बदलाव

आरबीआई के इन फैसलों से साफ पता चल रहा है कि फाइनेंशियल सेक्टर में रेगुलेटरी बदलाव आ रहे हैं। आरबीआई लूपहोल बर्दाश्त करने के मूड में बिलकुल भी नहीं है। यही वजह है कि कई कंपनियों ने लाइसेंस सरेंडर कर दिए हैं। केंद्रीय बैंक के ये कदम रेगुलेटरी नियमों का पालन जिम्मेदारी से करने और फाइनेंस कंपनियों को जवाबदेह बनाकर फाइनेंशियल सिस्टम को स्वस्थ और स्थिर बनाए रखने के लिए हैं।

# डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में आया उछाल, 20 प्रतिशत बढ़कर 15.60 लाख करोड़ रुपए रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चालू वित्त वर्ष में अब तक नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 15.60 लाख करोड़ रुपए हो गया है। यह राशि 2023-24 के संशोधित अनुमानों का 80 प्रतिशत है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बयान में कहा, डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन के अनंतिम आंकड़ों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। ऐसे में 10 फरवरी, 2024 तक डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन से पता चलता है कि सकल संग्रह 18.38 लाख करोड़ रुपए है। यह राशि पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 17.30 प्रतिशत अधिक है।

वित्त वर्ष 2023-24 में 10 फरवरी तक रिफंड को हटाकर डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 15.60 लाख करोड़ रुपए है, जो पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 20.25 प्रतिशत अधिक है। यह संग्रह 2023-24 के लिए डायरेक्ट टैक्स के कुल संशोधित अनुमान का 80.23 प्रतिशत है। बयान में कहा गया कि एक अप्रैल, 2023 से 10 फरवरी, 2024 के दौरान 2.77 लाख करोड़ रुपए का रिफंड जारी किया गया है। इस दौरान कॉरपोरेट आयकर (सीआईटी) और व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) के सकल राजस्व संग्रह में भी लगातार वृद्धि देखी गई। सीआईटी की वृद्धि दर 9.16 प्रतिशत थी, जबकि पीआईटी की वृद्धि दर 25.67 प्रतिशत रही।

# अंडर-19 पेसर नमन तिवारी ने बुमराह से यॉर्कर डालना सीखा

## स्टेन और अख्तर भी पसंद : पिता बोले– 2011 वर्ल्ड कप के बाद पहला बैट दिलाया



**सिडनी (एजेंसी)।** अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंचने वाली टीम इंडिया के पेसर नमन तिवारी ने कहा कि जसप्रीत बुमराह की टिप्स उनके काम आ रही हैं। नमन ने बताया, बुमराह से ह्रष्ट में कई बार मुलाकात हुई, उनसे मैंने यॉर्कर फेंकना और गेंद को कंट्रोल करना सीखा। 18 साल के नमन आज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में खेलते नजर आएंगे। वह बुमराह के साथ साउथ अफ्रीका के डेल स्टेन और पाकिस्तान के शोएब अख्तर को भी अपनी इंस्पिरेशन मानते हैं।

**पापा से 3 साल का समय लेकर अंडर-19 में सिलेक्ट हुए** – नमन के पिता सूर्यनाथ तिवारी एलआईसी एजेंट हैं। एक मिडिल क्लास पैरेंट्स होने के नाते उन्होंने भी बाकियों की तरह अपने बेटे को पढ़ाई करने पर ही ज्यादा जोर दिया। सूर्यनाथ ने मीडिया को बताया, नमन ने 2011 के वर्ल्ड कप के बाद क्रिकेट में इंटरेस्ट दिखाना शुरू कर दिया था। उसने तभी पहली बार बैट और बॉल खरीदने की जिद भी की। वो पढ़ाई में भी अच्छा है लेकिन वर्ल्ड कप के बाद उसने एकेडमी जॉइन करने की जिद की। उसने मुझसे खुद को साबित करने के लिए 3 साल का समय मांगा। तब से मैंने उसे कभी नहीं रोका और हमेशा ही उसका सपोर्ट किया। एक ही साल में उसने अंडर-14 टीम में जगह बनाई और कुछ साल बाद अंडर-19 टीम में भी उसका सिलेक्शन हो गया।

**'टेस्ट क्रिकेट सबसे चैलेंजिंग, यही मेरा सपना'** – नमन बोले, मैं दुनिया की सबसे तेज गेंद फेंकना चाहता हूं। मैं सीनियर टीम के साथ वर्ल्ड कप भी खेलना चाहता हूं लेकिन फिलहाल, मेरा फोकस परफॉर्मेंस पर है। मैं लगातार इम्प्रूवमेंट कर अपना गेम सुधारना चाहता हूं। भविष्य में और भी बड़े चैलेंज आएंगे और मैं उसी के लिए खुद को तैयार रखने की कोशिश करूंगा। मुझे सभी फॉर्मेट खेलना पसंद हैं, लेकिन टेस्ट क्रिकेट सबसे चैलेंजिंग लगता है। एक बॉलर का असली टेस्ट इसी फॉर्मेट में होता है। मैं आगे चलकर एक अच्छा टेस्ट क्रिकेटर बनना चाहता हूं।

**बैटिंग पसंद लेकिन मौके कम मिले तो बॉलिंग शुरू कर दी** – नमन ने बताया, मैंने बल्लेबाज के रूप में खेलना शुरू किया, मुझे बैटिंग ही पसंद है। लेकिन लखनऊ की एकेडमी में ज्यादा मौके नहीं मिले तो मैंने फिर बॉलिंग करना शुरू कर दिया। मैं लेफ्टी बैटिंग करता हूं, इसीलिए मैंने लेफ्ट आर्म से ही बॉलिंग भी शुरू कर दी।

- **बुमराह से बहुत सीखा, स्टेन, स्टार्क और अख्तर भी पसंद** – नमन ने कहा, बुमराह मेरी इंस्पिरेशन हैं। मैं उनकी बॉलिंग वीडियो को देखते रहता हूं, मैंने एनसीए में कई बार उनसे मुलाकात की और तेज गेंदबाज के माइंडसेट और स्किल्स के बारे में जाना। बुमराह ने यॉर्कर को लेकर टिप्स दीं, जो आज मेरे काम आ रही हैं। उनकी टिप्स पर मैंने बहुत काम किया, मुझे अपने गेम में एग्रेसन लाने के लिए आगे और काम करना है। मैं हर तेज गेंदबाज से कुछ न कुछ सीखने की कोशिश करता हूं। बुमराह की वीडियो देखकर सीखता हूं। मुझे शोएब अख्तर की स्पीड, डेल स्टेन की स्विंग और मिचेल स्टार्क का एग्रेसन भी पसंद है।
- **टीम एफर्ट से फाइनल तक पहुंचे** – नमन ने मीडिया को बताया, खिलाड़ियों की परफॉर्मेंस अब तक शानदार रही है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में तो टीम ने कुछ ज्यादा ही स्पेशल परफॉर्मेंस दी। मैं अपनी और टीम की परफॉर्मेंस से खुश हूं, चाहूंगा कि इसे हम फाइनल में भी बरकरार रख सकूं।

### साक्षी मलिक ने साधा निशाना

# पीटी उषा और मैरी कॉम ने पहलवानों के समर्थन में कुछ नहीं बोला



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** संन्यास ले चुकी पहलवान साक्षी मलिक ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों पर महिला पहलवानों के एक समूह के विरोध प्रदर्शन को समर्थन नहीं देने के लिए देश की जानी-मानी खिलाड़ियों- पीटी उषा और मैरी कॉम पर निशाना साधा है। मलिक ने कहा कि हालांकि उषा और मैरी कॉम को उनकी जैसे खिलाड़ियों द्वारा एक ''प्रेरणा' के रूप में लिया जाता था, लेकिन उन्होंने पीड़ित महिला पहलवानों के समर्थन में कुछ नहीं बोला।

ओलंपिक पदक विजेता यहां कनकक्कुन्नू में आयोजित 'मातृभूमि इंटरनेशनल फेस्टिवल ऑफ लेटर्स' (एमबीआईएफएल) 2024 के तहत एक सत्र को संबोधित कर रही थी। अपने आंदोलन को लेकर दिग्गज खेल सितारों की प्रतिक्रिया पर हैरानी जताते हुए उन्होंने कहा कि उन दोनों ने पहलवानों को पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया था, लेकिन कोई समाधान निकालने के लिए कुछ नहीं किया। मलिक ने कहा, ''पी टी उषा मैडम हमारे प्रदर्शन स्थल पर आई थीं। हमने उन्हें अपने मुद्दों के बारे में विस्तार से बताया था... वह हमारा समर्थन कर सकती थीं... लेकिन वह हमें यह आश्वासन देने के बावजूद चुप रहीं कि वह हमारे साथ खड़ी रहेंगी और हरसंभव मदद करेंगी।

दिग्गज पहलवान मैरी कॉम के बारे में बात करते हुए वह थोड़ा भावुक हो गई। मैरी कॉम, बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने और एक रिपोर्ट सौंपने के लिए गठित निरीक्षण समिति की सदस्य थीं। उन्होंने कहा कि जब मैरी कॉम समिति में थीं तो उन्होंने प्रत्येक महिला पहलवान की कहानियां सुनीं। उन्होंने कहा, ''कहानियां सुनने के बाद वह बहुत भावुक हो गई..उन्होंने यह भी कहा था कि वह हमारे साथ खड़ी रहेंगी। उन्होंने कहा कि लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकला। बजरंग पुनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक जैसे शीर्ष पहलवानों ने महिला पहलवानों के खिलाफ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए भूषण की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नई दिल्ली में धरना दिया था।

# निखत और अमित 75वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल के फाइनल में पहुंचे

## 4 और भारतीय भी गोल्ड मेडल की रेस में; सबीना बोबोकुलोवा से जरीन का मुकाबला



**बुल्गारिया (एजेंसी)।** बुल्गारिया के सोफिया में चल रहे 75वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में वर्ल्ड चैंपियन निखत जरीन और कॉमनवेल्थ गेम्स के गोल्ड मेडलिस्ट अमित पंघल सहित 6 भारतीय बॉक्सर फाइनल में पहुंच गए हैं। वहीं नवीन और आकाश को सेमीफाइनल में हार के बाद ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा।

**निखत ने दूसरे और तीसरे राउंड में किया क्लिन स्वीप** – पहले सेमीफाइनल में महिलाओं के 50 किलो वेट में निखत ने बुल्गारिया की ही बॉक्सर ज्लातिस्लावा चुकानोवा को हराकर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। निखत ने पहले राउंड को 3-2 से जीता। उसके बाद दूसरे और तीसरे राउंड में क्लिन स्वीप करते हुए दोनों राउंड को 5-0 से जीत लिया। निखत का फाइनल में रविवार को उज्बेकिस्तान की सबीना बोबोकुलोवा से मुकाबला होगा।

**अमित का फाइनल में वर्ल्ड चैंपियन से मुकाबला** –वहीं पुरुषों के 51 किलो वेट में अमित पंघल ने क्लीन स्वीप करते हुए तुर्की के गुमुस को तीनों ही राउंड में 5-0 से हराया। अमित फाइनल में मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन कजाखिस्तान के संझार ताशकेनबे से भिड़ेंगे।

**अरुंधति और बरुण ने तीनों राउंड में क्लिन स्वीप किया** – महिलाओं के 66 किलो वेट में अरुंधति चौधरी ने स्लोवाकिया की जेसिका को तीनों राउंड में 5-0 से हराते हुए इस मुकाबले को आसानी से जीत लिया। फाइनल में उनका मुकाबला रविवार को एशियाई चैंपियन चीन की यांग लियू से होगा।वहीं पुरुषों के 48 किलो वेट में बरुण सिंह शगोलशेम ने अल्जीरिया के खेनौसी कामेल को तीनों राउंड में 5-0 से हराया। बरुण सिंह को क्वार्टर फाइनल में बाई मिला था। वहीं फाइनल में रविवार को उनका मुकाबला किर्गिस्तान के खोडज़िएव अनवरजान से होगा।अरुंधति चौधरी ने स्लोवाकिया की जेसिका को तीनों राउंड में 5-0 से हराया।

**सचिन पहले राउंड में पिछड़ने के बाद दूसरा और तीसरा राउंड जीते** – 57 किलो वेट में सचिन ने यूक्रेन के अब्दुरमईमोव एड्डर से पहले राउंड में 3-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दूसरे राउंड को 5-0 और तीसरे राउंड को 4-1 से जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। सचिन का फाइनल में मुकाबला उज्बेकिस्तान के शेखजोद मुजाफारोव से होगा। पुरुषों के 67 किलो वेट में रजत को सेमीफाइनल में वॉकओवर मिलने के बाद फाइनल में प्रवेश कर लिया।

**आकाश और नवीन को मिले ब्रॉन्ज मेडल** – आकाश और नवीन को ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा। 71 किलो वेट में आकाश को उज्बेकिस्तान के इकबोलजोन कोल्डारोव से हार का सामना करना पड़ा। आकाश ने पहला राउंड आसानी से जीत लिया, लेकिन उन्हें दूसरे और तीसरे राउंड में हार का सामना करना पड़ा। पहला राउंड आकाश ने 5-0 से जीत लिया। वहीं उन्हें दूसरे राउंड में इकबोलजोन ने 3-2 और तीसरे राउंड में 3-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं 92 किलो वेट में भी नवीन कुमार को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। जॉर्जिया के जॉर्जी कुशिताश्विली आसानी से जीत लिए।

### फीस्टाइल शतरंज चैलेंज

# गुकेश नें कार्लसन को हराकर किया उलटफेर



**हॅम्बर्ग ,जर्मनी(एजेंसी)।** फ्रीस्टाइल शतरंज गोट चैलेंज सुपर-टूर्नामेंट के पहले ही दिन भारत के डी गुकेश नें अपने शानदार खेल से सभी को बेहद प्रभावित किया । 960 शतरंज फॉर्मेट में हो रहे इस टूर्नामेंट में दुनिया के 8 बेहतरीन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है पहले तीन राउंड में गुकेश नें दो जीत के साथ शतरंज के इस फॉर्मेट में अपना दमदार पर्दापण किया । हालांकि गुकेश को पहले राउंड में फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा से एंडगेम में हार का सामना करना पड़ा था पर उन्होने दूसरे राउंड में टूर्नामेंट के टॉप सीड पाँच बार के विश्व चैम्पियन नॉर्वे के मैगनस कार्लसन को पराजित करते हुए 960 शतरंज फॉर्मेट में अपनी पहली जीत दर्ज की । इसके बाद गुकेश नें अगले राउंड में यूएसए के पूर्व विश्व कप विजेता लेवान अरोनियन को पराजित कर फिर अपनी क्षमता का परिचय दिया । बड़ी बात यह थी की कार्लसन और अरोनियन के खिलाफ गुकेश की यह जीत एंडगेम में बेहतरीन खेल से आई । तीन राउंड के बाद फिलहाल मेजबान जर्मनी के विन्सेंट केमर 2.5 अंक बनाकर एकल बढ़त पर चल रहे है जबकि भारत के गुकेश समेत यूएसए के फबियानों करूआना, उज़्बेकिसतान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक और फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा 2 अंक बनाकर सयुंक्त दूसरे स्थान पर चल रहे है । अन्य खिलाड़ियों में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन 1 अंक , यूएसए के लेवान अरोनियन 0.5 अंक पर है , और वर्तमान विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन अभी खाता भी नहीं खोल पाये है

# जैक लीच भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर

## घुटने की चोट की वजह से इंग्लैंड लौटेंगे; पहले मैच में इंजर्ड हुए थे

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के स्पिनर जैक लीच भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाकी बचे तीन मैचों से बाहर हो गए हैं। लीच को सीरीज के पहले मैच में घुटने में चोट लग गई थी, इस वजह से वह दूसरा मैच भी नहीं खेल सके थे।

लीच घुटने की चोट के इलाज के लिए वापस इंग्लैंड लौट रहे हैं। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को यह जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा मैच 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाएगा।

**लीच ने सीरीज में लिए 2 विकेट** – सीरीज में लीच ने 1 ही मैच खेला, इसमें उन्होंने 2 विकेट लिए। लीच ने करियर में भारत के खिलाफ कुल 6 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 21 विकेट लिए है। लीच लगातार दूसरी सीरीज में इंजर्ड हुए है। इससे पहले जुलाई 2023 में भी वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐशेज सीरीज नहीं खेल सके थे।

### भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का शेड्यूल

| मैच | कहां | कब |
|---|---|---|
| पहला टेस्ट | हैदराबाद | 25-29 जनवरी |
| दूसरा टेस्ट | विशाखापट्टनम | 2-6 फरवरी |
| तीसरा टेस्ट | राजकोट | 15-19 फरवरी |
| चौथा टेस्ट | रांची | 23-27 फरवरी |
| पांचवां टेस्ट | धर्मशाला | 7-11 मार्च |

*सभी मुकाबले सुबह 9:30 बजे से शुरू होंगे।

**टेस्ट सीरीज में 1-1 की बराबरी पर है टीम** – 5 मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। इंग्लैंड ने हैदराबाद में पहला मुकाबला 28 रन से जीता था। जबकि विशाखापट्?टनम में दूसरा मुकाबला भारत ने 106 रन से जीता। 15 फरवरी से तीसरा टेस्ट राजकोट में खेला जाएगा। चौथा टेस्ट 23 फरवरी से रांची और 7 मार्च से 5वां टेस्ट धर्मशाला में होगा।

**भारत ने घर में आखिरी सीरीज 3-1 से जीती थी** – भारत और इंग्लैंड के बीच आखिरी टेस्ट सीरीज अगस्त 2021 के दौरान इंग्लैंड में हुई थी। 5 टेस्ट की सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही थी। वहीं, भारत में दोनों के बीच आखिरी सीरीज फरवरी 2021 में हुई, 4 टेस्ट की इस सीरीज को भारत ने 3-1 से जीता था।

# ऑस्ट्रेलिया विमेंस ने साउथ अफ्रीका को 110 रन से हराया

## वनडे सीरीज 2-1 से जीती, हीली और मूनी के अर्धशतक



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया विमेंस ने तीन मैच की वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले में साउथ अफ्रीका विमेंस टीम को डकवर्थ लुईस नियम से 110 रन से हरा दिया। इस जीत के ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज 2-1 से जीत ली।

सिडनी के मैदान पर शनिवार को ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट खोकर 277 रन बनाए। जवाब में बारिश के कारण दूसरी पारी में साउथ अफ्रीका को 31 ओवर में 238 रन बनाने का टारगेट मिला। लेकिन, साउथ अफ्रीका 24.3 ओवर में 127 रन पर ही सिमट गया।

**मूनी ने 82 रन की पारी खेली** – पहले बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम को पहला झटका 17 रन के स्कोर पर लगा। ओपनर फोएबे लिचफील्ड 5 रन बनाकर आउट हो गईं। इसके बाद टीम ने संभल खेलना शुरू किया। टीम के लिए बेथ मूनी और एलिसा हीली ने अर्धशतक लगाया। मूनी ने 91 बॉल पर 82 रन की पारी खेली। हीली ने 73 बॉल पर 60 रन बनाए। इसके अलावा ताहलिया मैक्ग्रा ने 44, एलिसा पैरी ने 24 और एनाबेल सदरलैंड ने 17 रन बनाए।

- **मसाबता क्लास ने चार विकेट लिए** – साउथ अफ्रीका की तरफ से मसाबता क्लास ने गेंदबाजी कमाल दिखाया। उन्होंने टीम के लिए सबसे ज्यादा चार विकेट झटके। मेरिजान कैप, एलिस-मरिमैक्स, नादिन डी क्लार्क और क्लोई ट्रायन को एक-एक विकेट मिला।
- **साउथ अफ्रीक की तरफ से कोई खिलाड़ी बड़ी पारी नहीं खेल सकी** – टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 8 रन के स्कोर पर पहला विकेट कप्तान लौरा वोल्वार्डट के रूप में गंवा दिया। टीम के लिए सुने लूस (34) और तजमीन ब्रिट्स (31) ने सबसे ज्यादा रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया वुमेंस टीम की तरफ से गेंदबाजी में अलाना किंग ने जहां 5 ओवरों में सिर्फ 26 रन देते हुए 4 विकेट हासिल किए तो वहीं ताहलिया मैक्ग्रा और किम ग्रेथ ने 3-3 विकेट हासिल किए।

# बेहद ग्लैमरस है दोहरा शतक जड़ने वाले पथुम निसांका की वाइफ



**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंकाई क्रिकेटर पथुम निसांका सिल्वा अफगानिस्तान के खिलाफ दोहरा शतक लगाते ही वनडे में यह उपलब्धि हासिल करने वाले 10वें क्रिकेटर बन गए हैं। निसांका वनडे की एक पारी में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने श्रीलंकाई क्रिकेटर सनथ जयसूर्या का बनाया गया 189 रन का रिकॉर्ड तोड़ा। निसांका ने मार्च 2021 में श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने दिसंबर 2022 में ईशा कुमारसिघे से शादी की जोकि ग्लैमरस लाइफ के लिए जानी जाती है।यह जोड़ा खुशी-खुशी अपना जीवन एक साथ जी रहा है और निसांका अक्सर अपनी पत्नी ईशा के साथ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा करते रहते हैं। गाले के रहने वाले पथुम निसांका का परिवार वित्तीय चुनौतियों से जूझता रहा है। उनके पिता सुनील सिल्वा एक ग्राउंड बॉय के रूप में काम करते थे और उनकी मां कालूतारा मंदिर के पास फूल बेचती थीं। अपने मामूली साधनों के बावजूद, पथुम ने कलुतारा विद्यालय में अपने समय के दौरान अपनी क्रिकेट यात्रा शुरू की। वह स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप के दौरान कोलंबो के कोल्ट्स मैदान में प्रेसिडेंट कॉलेज, राजगिरिया के खिलाफ 190 गेंदों पर नाबाद दोहरा शतक (205) बनाकर भी चर्चा में आए थे।000

# डरबन सुपर जायंट्स को 89 रन से हराया: एबेल-ट्रिस्टन स्टब्स की फिफ्टी

**केप टाउन (एजेंसी) ।** सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने साउथ अफ्रीकी लीग एसए20 का लगातार दूसरा टाइटल जीत लिया है। टीम के फाइनल मुकाबले में डरबन सुपर जायंट्स को 89 रनों से हराया। सनराइजर्स की टीम लीग के पहले सीजन में भी चैंपियन बनी थी। केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर कल रात 205 रन का टारगेट कर रही डरबन सुपर जायंट्स 17 ओवर में 115 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे पहले, सनराइजर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 204 रन बनाए।टॉम एबेल (55 रन) प्लेयर ऑफ द मैच रहे। जबकि हेनरिक क्लासेन को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

**खराब रही सुपर जायंट्स की शुरुआत, डीकॉक नहीं चले** – जवाबी पारी में डरबन सुपर जायंट्स की टीम बड़े स्कोर के दबाव में बिखर गई। टीम की शुरुआत खराब रही और 5 रन के स्कोर पर कप्तान क्विंटन डीकॉक 3 रन बनाकर आउट हो गए। टीम की ओर से वायन मुल्डर ने सबसे ज्यादा 38 रन बनाए। ड्वेन प्रीटोरियस ने 28 और जूनियर डाला ने 15 रन का योगदान दिया। शेष बल्लेबाज नहीं चले।गेंदबाजी में मार्को यानसेन को 5 विकेट मिले। डैनियल वॉराल और ऑटनल बार्थमैन को 2-2 सफलताएं मिली।

### इंग इलेवन

**सनराइजर्स ईस्टर्न केप**– जॉर्डन हरमन, डेविड मलान, टॉम एबेल, ऐडन मार्करम (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स (विकेटकीपर), पैट्रिक क्रूगर, मार्को यानसन, लियम डॉसन, साइमन हार्मर, डैनियल वॉराल और ऑटनल बार्थमैन।

**डरबन सुपर जायंट्स**– मैथ्यू ब्रीट्जकी, फॉफ डु प्लेसिस (विकेटकीपर), जेजे स्मट्स, भानुका राजपक्षे, हेनरिक क्लासन, ड्वेन प्रीटोरियस, वायन मुल्डर, केशव महाराज (कप्तान), रीस टॉप्ली, जूनियर डाला और नवीन-उल-हक।

## संक्षिप्त समाचार

### केरल के कोझिकोड में दर्दनाक हादसा, नदी में नहाने गए तीन लोग डूबे

**कोझिकोड , एजेंसी।** केरल के कोझिकोड जिले में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां एक नाबालिग लड़के समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ये हादसा शनिवार को उत्तरी कोझिकोड जिले के कुन्नमंगलम में हुआ है। पुलिस के मुताबिक, हादसे में मारे गए लोगों की पहचान महिला सिंधु उर्फ मिनी, उसकी बेटी अथिरा और रिश्तेदार 13 वर्षीय अद्वैत के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि वह सभी लोग नदी में नहाने के लिए उतरे थे। कुन्नमंगलम पुलिस स्टेशन से जुड़े एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि ऐसा लगता है कि यह हादसा उस समय हुआ होगा, जब लड़का अचानक पानी में बह गया। इस दौरान महिला और उसकी बेटी ने उसे बचाने की कोशिश की। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। फिलहाल पुलिस ने तीनों लोगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### भजनलाल सरकार दुष्कर्मियों की संपत्ति पर चलाएगी बुलडोजर

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के पंचायती राज और शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं, महिलाओं के साथ छेड़छाड़, दुष्कर्म और हत्या करने वाले अपराधियों की संपत्तियों पर बुलडोजर चलाया जाएगा। सरकार ने ऐसी संपत्तियों की पहचान करना शुरू कर दिया है। मदन दिलावर ने कहा कि बालिकाओं के साथ अश्लील हरकत करने, छेड़छाड़, दुष्कर्म और दुष्कर्म के बाद हत्या करने वाले आरोपियों की संपत्ति की पहचान की जा रही है। ऐसे आरोपियों ने अवैध तरीके से मकान बनाए होंगे, नियमों का उल्लंघन किया होगा, अतिक्रमण कर के बनाया होगा, उनकी ऐसी सारी संपत्तियों पर बुलडोजर चलाएंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को हम बर्दाशत नहीं कर सकते. राजस्थान में माता-बहनों का सम्मान सर्वोपरी है। मंत्री दिलावर ने कहा कि महिलाओं और युवतियों से छेड़छाड़ और दुष्कर्म जैसे अपराध सरकारी कार्यालयों में भी हो रहे। इस तरह के अपराध में से करीब 10त्न अपराध सरकारी कार्यालयों में हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मचारियों को भी बख्शा नहीं जाएगा। अपराधियों के मन में डर बैठाना होगा ताकि अपराधी की मां, पत्नी उसे अपराध करने से रोकें।

### छत्तीसगढ़ में देश का पहला ऑनग्रिड सोलर एनर्जी प्लांट, हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने सरकार की नई पहल

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ को सोलर उर्जा से जोड़ते हुए एक बार फिर नई पहल की गई है। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में देश का पहला ऑनग्रिड सोलर एनर्जी प्लांट बनाकर तैयार किया जा चुकी है। प्रदेश में हरित उर्जा को आगे बढ़ाते हुए इस प्लांट का उत्पादन किया गया है। इससे साढ़े आने वाले दिनों में 4.5 लाख मीट्रिक टन तक कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। जो कि बैटरी बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम पर आधारित किया गया है। प्रदेश के राजनांदगांव जिले में डोंगरगढ़ की पहाड़ी में इसे 9 गांवों में स्थापित किया गया है। ग्राम ढाबा के पहाड़ी क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम आधारित सौर ऊर्जा संयंत्र तैयार किया जा चुका है। जानकारी के मुताबिक इस सोलर सिस्टम से प्रतिदिन पांच लाख यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन किया जाएगा। इसके साथ ही लगभग 4.5 लाख मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी। सरकार के इस पहल से हरित ऊर्जा को प्रोत्साहन मिलेगा। संयंत्र के साथ स्थापित बैटरी सिस्टम के मदद से रात के समय भी बिजली दूरस्थ ईलाकों में पहुंचाई जा सकेगी। इसे ग्रिड कनेक्टेड सोलर सिस्टम भी कहा जा सकता है। ऑन ग्रिड सोलर सिस्टम के माध्यम से सौर ऊर्जा से बिजली उत्पन्न की जाती है। साथ ही इसे नए तरीके से बनाया गया है जिससे इसे सीधे पावर ग्रिड से जोड़ा जा सकता है। इस प्रणाली में फोटोवोल्टिक पैनल, इनवर्टर, विद्युत केबल और ग्रिड कनेक्शन का उपयोग किया जाता है। इसे कुछ इस तरह समझ सकते हैं कि इस तकनीकि से बिजली तैयार कर जितने बिजली की अवश्यकता होगी उसका इस्तेमाल तुरंत करने के बाद उपयोगिता खत्म होने पर बिजली को स्टोर भी किया जा सकता है। ऑन ग्रिड सोलर सिस्टम उपभोक्ताओं को अपनी बिजली स्वयं उत्पन्न करने की अनुमति प्रदान करते हैं। यह ऑफ ग्रिड सोलर सिस्टम के विपरीत कार्य करता है जो कि सौर उर्जा के भंडारण की व्यवस्था पर निर्धारित है।

# भाजपा 400 से अधिक सीटें लाती है तो विपक्षी गठबंधन जिम्मेदार: आजाद



**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के होने में कुछ महीने और बचे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस उम्मीद में है कि वह इस चुनाव में 400 सीटों पर जीत हासिल करेगी। वहीं अब कांग्रेस से अलग हो चुके वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने कांग्रेस पर परोक्ष रूप से निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 से अधिक सीट का लक्ष्य हासिल कर लेती है, तो विपक्षी गठबंधन इंडिया का नेतृत्व करने में विफल रहने वाली पार्टी इसके लिए जिम्मेदार होगी। कांग्रेस के पूर्व नेता आजाद ने पूर्व प्रधानमंत्रियों पीवी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया और कहा कि देश के लिए उत्कृष्ट योगदान के लिए वे इस सम्मान के पात्र थे।

जम्मू के बाहरी इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट परगवाल के गरखाल में एक जनसभा से इतर पत्रकारों से बात करते हुए आजाद ने कहा, ''मैं कोई ज्योतिषी नहीं हूं, जो बता सकूं कि वे (भाजपा) (लोकसभा चुनाव में) 400 का आंकड़ा पार करेंगे या नहीं। यदि ऐसा हुआ, तो सभी को साथ लेकर चलने में नाकाम रहने वाले जिम्मेदार होंगे। वह आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के 400 सीट का आंकड़ा पार करने की संभावना और नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला द्वारा विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की स्थिति को लेकर जताई गई चिंता के बारे में एक सवाल का जवाब दे रहे थे। आजाद ने कहा, वह (उमर) (अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली) भाजपा सरकार में मंत्री थे। शायद उन्हें अपनी पुरानी निष्ठा याद आ गयी होगी। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री आजाद ने कहा कि वह न तो कांग्रेस के करीब हैं और न ही भाजपा के। उन्होंने कहा, कांग्रेस को जो बोलना है, बोलने दीजिए। मेरे लिए, यदि भाजपा कुछ भी गलत कर रही है, तो मैं आलोचना करने वाला पहला व्यक्ति हूं और इसी तरह, यदि कांग्रेस कुछ भी सही कर रही है, तो मैं उन्हें श्रेय देने से पीछे नहीं हटूंगा।

कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद सितंबर 2022 में डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) बनाने वाले आजाद ने राव और सिंह को 'भारत रत्न देने संबंधी प्रधानमंत्री मोदी के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा, जब मैं उनके (नरसिंह राव के) मंत्रिमंडल में पर्यटन मंत्री था, तब राव मनमोहन सिंह को अपने वित्त मंत्री के रूप में लेकर आये थे। उनकी उदारीकरण की नीतियों ने बाहरी दुनिया के साथ तालमेल बैठाने के लिए अर्थव्यवस्था में क्रांति ला दी। मैंने हवाई सेवा में एकाधिकार को समाप्त करने के लिए उदारीकरण की नीति की वकालत की। आजाद ने कहा, सिंह सबसे बड़े किसान नेता थे और हमने किसान समुदाय में किसी को भी उनके कद के करीब आते नहीं देखा। देश के लिए उनके योगदान को मान्यता देने से कृषक समुदाय का मनोबल बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रहित में दोनों नेताओं के काम को स्वीकार करने के लिए प्रधानमंत्री के आभारी हैं। उन्होंने कहा, यदि देश हित में कोई काम हुआ है, तो उसकी सराहना होनी चाहिए और अगर मौजूदा सरकार ऐसा कर रही है, तो हमें उसकी सराहना करनी चाहिए।

पाकिस्तान की मौजूदा स्थिति पर डीपीएपी नेता ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में सेना के हस्तक्षेप के कारण पड़ोसी देशों में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव होना बहुत दूर की बात है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान बनने के बाद से ही हमारे (भारत) उसके साथ मतभेद रहे हैं और दोनों देशों के बीच तनाव के लिए पाकिस्तान जिम्मेदार है। आजादी के तुरंत बाद पाकिस्तान ने हमला करके हमारा हिस्सा अलग कर दिया, जिसे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के नाम से जाना जाता है। वहां हमारे भाई खुश नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जहां भारत को लोकतंत्र मिला और चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से प्रधानमंत्रियों को बदलते देखा, वहीं उन्हें तानाशाही मिली और सेना वहां सरकारें चला रही है। उन्होंने कहा, हम भाग्यशाली हैं कि हमारी सेना या कोई और हमारे चुनावों में हस्तक्षेप नहीं कर रहा है और यही लोकतंत्र है।

## अंतिम संस्कार में शामिल होने गए कर्मचारी, 100 से ज्यादा ट्रेनें रद्द

**मुंबई , एजेंसी।** सेंट्रल रेलवे मुंबई डिवीजन में शनिवार को ड्यूटी पर मोटरमैन के होने से 100 से अधिक लोकल ट्रेनें रद्द कर दी गईं। भायखला और सैंडहर्स्ट रोड स्टेशन के बीच सेंट्रल और हार्बर लाइन पर उपनगरीय ट्रेन सर्विस में देरी हुई। दरअसल, कई कर्मचारी (मोटरमैन) अपने सहकर्मी के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस घटना से सवाल उठ रहे हैं कि कहीं यह सुनियोजित विरोध प्रदर्शन तो नहीं था क्योंकि पहले भी मोटरमैन काम के अत्यधिक दबाव का मुद्दा उठा चुके हैं। शाम के वक्त रेल सेवाओं में देरी के कारण बड़ी संख्या में यात्री सीएसएमटी और अन्य स्टेशन पर फंसे रहे। अधिकारी ने कहा, ट्रेन सर्विस में देरी हुई क्योंकि कई मोटरमैन अपने सहयोगी मुरलीधर शर्मा के अंतिम संस्कार में शामिल होने कल्याण गए थे। शर्मा की शुक्रवार को भायखला और सैंडहर्स्ट रोड स्टेशन के बीच पटरी पार करते समय मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि शर्मा का अंतिम संस्कार दोपहर को होना था लेकिन यह शाम 5 बजे हो सका। अधिकारी ने बताया कि 88 लोकल ट्रेन सेवाओं सहित लगभग 147 ट्रेन रद्द कर दी गईं। सेंट्रल रेलवे मजदूर संघकर्मचारी संघ के अनुसार, मृतक मोटरमैन शर्मा को लेकर बीते दिनों जांच चल रही थी, क्योंकि उसने ड्यूटी के दौरान लाल सिग्नल जंप किया था। सीआरएमएस के महासचिव प्रवीण वाजपेयी ने प्रशासनिक कार्रवाइयों पर चिंता जताई। उन्होंने कर्मचारियों के मनोबल पर सिग्नल पासिंग एट डेंजर की दुर्घटनाओं के खतरनाक प्रभाव का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, गलती होने पर दंड देने से पहले कारणों पर विचार करना चाहिए।

## लोकसभा चुनाव के लिए डीएमके ने कसी कमर! चुनावी अभियान पर नजर रखने के लिए बनाया वॉर रूम



**चेन्नई , एजेंसी।** द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) ने 2024 के आम चुनाव से पहले चुनाव कार्यों के समन्वय के लिए एक वॉर रूम की घोषणा की है। पार्टी द्वारा रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान में इसकी जानकारी दी गई। चुनाव के लिए बने वॉर रूम के अलावा पार्टी के कई कार्यभार भी सौंपे गए। डीएमके के सह-संगठन सचिव अनबगम कलाई बूथ समिति और निर्वाचन क्षेत्र समन्वयकों का समन्वय करेंगे और चुनावी अभियान पर नजर रखेंगे। इसी तरह, डीएमके के उप आयोजन सचिव ऑस्टिन मीडिया और स्टार प्रचारकों का समन्वय करेंगे। इसी तरह, डीएमके के राज्यसभा सांसद और वकील एनआर एलंगो कानूनी पहलुओं और चुनाव आयोग से संबंधित मुद्दों का समन्वय करेंगे। डीएमके ने चुनाव कार्यों के समन्वय के लिए वॉर रूम में टीमों की एक सूची की भी घोषणा की है। वॉर रूम टीम में चुनाव आयोग और कानूनी टीम, कानून व्यवस्था से संबंधित अनुमति और जिला समन्वयक शामिल थे। इससे पहले, लोकसभा चुनाव से पहले इस साल जनवरी में डीएमके सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में 11 सदस्यीय चुनाव घोषणापत्र तैयारी समिति का गठन किया गया था। समिति के अन्य सदस्यों में मंत्री पीडीआर पलानीवेल त्यागराजन, डीआरपी राजा, टीकेएस इलंगोवन, एकेएस विजयन, कोवी चेलिशियन, राजेशकुमार, एज़िलारासन, अब्दुल्ला, एजिलान और मेयर प्रिया शामिल हैं।

## आशीष मिश्रा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को होगी सुनवाई, अंतरिम जमानत पर हैं पूर्व मंत्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आशीष मिश्रा की याचिका पर सुनवाई करेगा। आशीष मिश्रा हिंसा मामले में अंतरिम जमानत पर हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित सूची के अनुसार, जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले पर 12 फरवरी को सुनवाई करेगी। सितंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा के बेटे को इस तथ्य पर विचार करते हुए दिल्ली में रहने की अनुमति दी कि आशीष मिश्रा की मां दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी बेटी को भी चिकित्सा उपचार की जरूरत है। हालांकि, कोर्ट ने मिश्रा से दिल्ली में किसी भी सार्वजनिक समारोह में भाग नहीं लेने और इस मुद्दे पर मीडिया से बातचीत नहीं करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल जनवरी में मिश्रा को अंतरिम जमानत देते हुए कई शर्तें लगाई थीं।

# अस्पताल में ट्रेनिंग करने गए मेडिकल स्टूडेंट्स, बनाने लगे रील्स, 38 के खिलाफ ऐक्शन





**बेंगलुरु, एजेंसी।** रील्स बनाने का वायरल बुखार चल पड़ा है, ऐसा कहना गलत नहीं होगा। कर्नाटक के गडग इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के स्डूटेंट्स का एक रील वायरल हो रहा है। इस इंस्टाग्राम रील की टैग लाइन रील इट, फील इट थी। मगर, हॉस्टिपल के अंदर रील बनाना इन 38 मेडिकल स्टूडेंट्स को भारी पड़ गया और अब ये जुर्माने का सामना कर रहे हैं। अस्पताल नियमों का उल्लंघन करने पर हॉस्पिटल मैनेजमेंट की ओर से ऐक्शन लिया गया है और इन छात्रों की हाउसमैनशिप ट्रेनिंग 10 दिन के लिए बढ़ा दी गई है।

गडग इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के डायरेक्टर डॉ. बसवराज बोम्मनहल्ली का इस मामले को लेकर बयान आया है। उन्होंने कहा, अस्पताल परिसर में 38 छात्रों ने मिलकर इंस्टाग्राम रील बनाई है। इन लोगों ने नियमों को तोड़ा है। अगर उन लोगों को रील बनानी थी तो वे ऐसा हॉस्पिटल के बाहर कर सकते थे। अस्पताल के अंदर ऐसा करने से मरीजों को दिक्कत होती है।

इसीलिए हमने इस तरह की इजाजत नहीं दी है। डायरेक्टर बसवराज ने कहा कि यह प्री-ग्रेजुएशन समारोह के लिए रिकॉर्ड किया गया जा रहा था। हमारी ओर से मामले का संज्ञान लिया गया है और सजा के तौर पर उनकी ट्रेनिंग बढ़ा दी है। कुछ दिनों पहले कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में सरकारी अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर के अंदर प्री-वेडिंग फोटोशूट कराया गया था। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एक डॉक्टर को सर्विस से बर्खास्त कर दिया गया। भरमसागर क्षेत्र के जिला अस्पताल में कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले डॉक्टर के फोटोशूट का वीडियो वायरल होने पर विवाद खड़ा हो गया था। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा, मैं पहले ही संबंधित चिकित्सकों और कर्मचारियों को सावधान रहने का निर्देश दे चुका हूं ताकि सरकारी अस्पतालों में इस तरह का दुर्व्यवहार न हो। सभी को यह याद रखना चाहिए सरकार ऐसी चिकित्सा सुविधाएं आम लोगों के स्वास्थ्य के देखभाल के लिए प्रदान करती है।

# चीन ने अपने हक में झूठे प्रचार के लिए 30 देशों में फैलाया जाल, 23 वेबसाइट कर रही मदद

**बीजिंग, एजेंसी।**
चीन के दक्षिणी शहर शेन्ज़ेन में चीनी कंपनी कथित तौर पर बीजिंग समर्थक एजेंडे को आगे बढ़ाने में कम से कम 123 वेबसाइटों की सहायता कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार, वेबसाइटें चीन में चल रही थीं, लेकिन दुष्प्रचार फैलाने के लिए लैटिन अमेरिका सहित यूरोप, एशिया के 30 देशों में स्थानीय मीडिया आउटलेट के रूप में काम कर रही थीं। रेडियो फ्री एशिया ने एक हालिया शोध का हवाला देते हुए बताया कि टोरंटो विश्वविद्यालय द्वारा किए गए एक हालिया अध्ययन में दावा किया गया है कि शेन्ज़ेन हैमाइयुनक्सियांग मीडिया कंपनी (हैमाई), व्यापार और राजनीति के क्षेत्र में चीन-समर्थक प्रचार को आगे बढ़ाने में शामिल थी। कंपनी को 2022 में अमेरिका की पूर्व हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी और ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन के बीच हुई बैठक की रिपोर्टों को बदनाम करने के लिए भी जिम्मेदार



पाया गया था। उस समय चीन और अमेरिका के बीच संबंध अत्यधिक संवेदनशील थे।

आरएफए रिपोर्ट में कहा गया है कि टोरंटो विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पेपरवॉल नामक एक अभियान के तहत संदिग्ध वेबसाइटों को ट्रैक करने के लिए डोमेन नेम सिस्टम नामक एक तकनीक का इस्तेमाल किया, जिसका उद्देश्य चीनी फर्म हैमाई के बारे में जानकारी इकट्ठा करना था, जिसका शेन्ज़ेन शहर में वाणिज्यिक पंजीकरण है। रिपोर्ट में सिंग ताओ डेली के ब्रिटिश कोलंबिया संस्करण के पूर्व प्रधान संपादक विक्टर हो को उद्धृत किया गया है। विक्टर हो के अनुसार, बीजिंग का विदेशों में जनमत युद्ध लड़ने का एक लंबा इतिहास है। कनाडा में कई तटस्थ चीनी भाषा के मीडिया हैं जो बीजिंग के बड़े विदेशी प्रचार को बढ़ावा देते हैं, लेकिन आम लोगों के लिए इसे समझना मुश्किल है। विक्टर हो ने कहा कि मिंग पाओ, सिंग ताओ डेली, टुडे कमर्शियल न्यूज, चाइनीज कैनेडियन टाइम्स, दावा न्यूज, हेल्थ टाइम्स और न्यू स्टार टाइम्स जैसे चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) समर्थक मीडिया हाउस कनाडा में काम कर रहे हैं, जिनका इससे कोई संबंध नहीं है। हो ने कहा, ये सभी कनाडा में स्थानीयकृत नाम हैं। कनाडा में सीसीपी के 20 से 30 विदेशी प्रचार मीडिया आउटलेट हैं, जो चीनी समुदाय और कई विदेशी चीनी, या चीनी कनाडाई लोगों की सीसीपी के प्रति धारणा बनाते हैं।

## मां ने गलती से सुलाने के लिए 'ओवन' में रख दिया बच्चा, हो गई मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में एक मां की लापरवाही दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। अमेरिका के मिजूरी में लापरवाह मां मारियाह थॉमस ने अपने शिशु को सुलाने के लिए उसे पालने के बजाय गलती से 'ओवन (खाद्य सामग्री बनाने या उन्हें गर्म करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला उपकरण) में रख दिया जिसके कारण उसकी मौत हो गई। हैरत की बात ये थी कि ओवन ऑन भी था।

पुलिस ने जांच शुरू की तो महिला ने बताया कि रात को बच्चे को दूध पिलाने के बाद वह उसे पालने में सुलाने लगी लेकिन पता नहीं कैसे उसने गलती से बच्चे को ओवन में डाल दिया। सुबह जब उसी नींद खुली तो उसे ध्यान आया कि उसने तो गलती से बच्चे को ओवन में ही सुला दिया था। जैसे ही उसने ओवन खोलकर देखा तो बच्चा उसमें झुलस चुका था। तुरंत उसने बच्चे को अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी।

पोस्टमार्टम में इस बात का खुलासा हुआ है कि बच्चे की मौत दम घुटने और जलने से हुई है.पुलिस को शुक्रवार दोपहर को एक शिशु के सांस नहीं लेने की जानकारी मिली थी। इस घटना के संभावित कारण संबंधी अदालती बयान में कहा गया है कि बच्चे के शरीर पर जलने के निशान थे और उसे मृत घोषित कर दिया गया। बयान में कहा गया है कि सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारियों को एक गवाह ने बताया कि मां ने ''बच्चे को सुलाने के लिए पालने के बजाय गलती से ओवन में रख दिया।


बयान में यह नहीं बताया गया कि इस प्रकार की गलती कैसे हुई। जैक्सन काउंटी में अभियोजन पक्ष के वकील जीन पीटर्स बेकर ने एक बयान में कहा, ''यह अत्यंत त्रासदीपूर्ण घटना हैं और हम एक अनमोल जीवन के खोने से दुखी हैं। हमें भरोसा है कि आपराधिक न्याय प्रणाली इस भयानक घटना को लेकर उचित कार्रवाई करेगी।

# इजरायल गाजा में शेष बचे हमास के ऑपरेटिव बटालियनों को खत्म करना चाहता है

**गाजा, एजेंसी।** गाजा पर जारी हमले के बीच प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पहले की तुलना में अधिक खतरनाक हो चुके हैं। उनका मानना है कि अंतरराष्ट्रीय दबाव को देखते हुए इजरायल के पास राफा में अपने ऑपरेशन को पूरा करने के लिए केवल एक महीना बचा है। आपको बता दें कि राफा ऑफरेशन के जरिए इजरायल गाजा में शेष बचे हमास के ऑपरेटिव बटालियनों को खत्म करना चाहता है। अब उन्होंने इसके लिए समय तय कर दिया है।

चैनल 12 की रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने हाल ही में युद्ध में शामिल सैन्य अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा कि गाजा के सबसे दक्षिणी शहर में जारी ऑपरेशन को मुस्लिमों के पवित्र महीना रमजान के पहले पूरा करना होगा। आपको बता दें कि इस साल 10 मार्च से रमजान शुरू होने वाला है।

राफा ऑपरेशन पर चर्चा के दौरान आईडीएफ



चीफ ऑफ स्टाफ हर्जी हलेवी ने नेतन्याहू को बताया कि इजरायल रक्षा बल ऑपरेशन के लिए तैयार थे, लेकिन सरकार को पहले यह तय करने की आवश्यकता थी कि वह क्या करना चाहती है। विस्थापित गाजावासी वहां शरण लिए हुए हैं।

इजरायल की ओर से किए गए हवाई हमलों में शुक्रवार देर रात गाजा पट्टी के राफा क्षेत्र में कम से कम 44 फलस्तीनी मारे गए। ये हमले इजरायल के प्रधानमंत्री के उस बयान के कुछ घंटों बाद किए गए, जिसमें उन्होंने जमीनी हमले से पहले दक्षिणी गाजा शहर से हजारों लोगों को निकालने के लिए सेना से योजना तैयार करने को कहा था। बेंजामिन नेतन्याहू ने इस योजना को लेकर न तो विवरण दिया और न ही समय की जानकारी दी, लेकिन इस घोषणा से दहशत फैल गई।

इजरायल द्वारा क्षेत्र को खाली करने के लिए बार-बार जारी किए जा रहे आदेश के बाद गाजा के 23 लाख लोगों में से आधे से अधिक राफा की ओर चले गए हैं। नेतन्याहू और बाइडन प्रशासन के बीच चल रही तनातनी के दौर में ही जमीनी हमलों की योजना बनाई गई। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि वहां रह रहे लोगों के लिए कोई योजना बनाए बिना राफा में जमीनी हमला करने से बड़ी जनहानि होगी। हाल के सप्ताह में लोगों ने कहा था कि खान यूनिस शहर में जमीनी हमले शुरू होने के बाद उन्होंने राफा में आश्रय लिया हुआ है, इसके बावजूद इजरायल की ओर से प्रतिदिन ही हवाई हमले किए जा रहे हैं। शुक्रवार रात राफा क्षेत्र में घरों पर किए गए तीन हवाई हमलों में 10 बच्चों समेत 44 लोगों की मौत हो गई, जिनमें सबसे कम उम्र का बच्चा तीन माह का था। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल किदरा ने बताया कि खान यूनिस में जमीनी हमले के तहत इजरायली सेना ने क्षेत्र के सबसे बड़े नासिर अस्पताल को निशाना बनाया, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई घायल हो गए। सीरिया की राजधानी दमिश्क के पश्चिमी इलाकों को इजरायल ने आधी रात के बाद निशाना बनाकर मिसाइल से हमला किया। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय मीडिया ने शनिवार तड़के यह जानकारी दी। सरकार समर्थक अल-वतन समाचार आउटलेट ने कहा कि दमिश्क के पश्चिमी ग्रामीण इलाकों में जोरदार विस्फोटों की आवाज सुनी गई।

## ट्रंप ने निक्की हेली के पति का उड़ाया मजाक; भारतीय अमेरिकी बोलीं- उन्हें राष्ट्रपति बनने का अधिकार नहीं

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के दावेदार डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी प्रतिद्वंदी निक्की हेली पर निशाना साधा है और उनके पति की चुनाव प्रचार में गैरमौजूदगी पर सवाल उठाए हैं। निक्की हेली के पति अमेरिकी सेना में मेजर हैं और इन दिनों वे अफ्रीका में तैनात हैं। यही वजह है कि निक्की हेली ने भी डोनाल्ड ट्रंप पर पलटवार किया है और कहा है कि जो व्यक्ति सेना और सैनिकों के परिजनों का सम्मान नहीं कर सकता, उसे राष्ट्रपति बनने का अधिकार नहीं होना चाहिए। निक्की हेली के पति मेजर माइकल हेली अमेरिकी सेना में अधिकारी हैं और फिलहाल वह 218 मैनुवर एनहेंसमेंट ब्रिज का हिस्सा हैं, जो हॉर्न ऑफ अफ्रीका को मदद देती है। माइकल हेली जून में मिशन पर गए थे। हाल ही में साउथ कैरोलाइना में एक रैली के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने निक्की हेली पर सवाल उठाया, जिसमें उन्होंने पूछा कि उनके (निक्की हेली) पति कहां हैं उनके पति को क्या हुआ क्या वह भाग गए हैं डोनाल्ड ट्रंप को शायद पता नहीं था कि निक्की हेली के पति सेना में हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129